राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 291
लखनऊ, शुक्रवार 13 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ : पर्यटन मंत्री 15 जून को पहले जत्थे को करेंगे रवाना 03

# अहमदाबाद विमान हादसा : 241 यात्रियों की मौत





**एजेंसी, अहमदाबाद।**

अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 यात्री सवार थे। भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है।

विमान एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। इनमें 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स सवार थे।

विमान जिस बिल्डिंग से टकराया, वह अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के रेजीडेंड डॉक्टरो का हास्टल है। जानकारी के मुताबिक करीब पांच दर्जन रेजीडेंड डॉक्टर व अन्य स्टाफ हास्टल में मौजूद था। जो भवन में संचालित मेस में लंच कर रहे थे। धमाका इतना भयानक था कि अन्दर मौजूद कुछ डॉक्टरों के शव टुकड़ों में बिखरे पड़े मिले, जिनकी पहचान करने में बेहद मुश्किलात हो रही है। उनकी पहचान अब डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। रेसक्यू में 15 से अधिक डॉक्टर बुरी तरह घायल अवस्था में बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराये गये हैं।

## हादसे में पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन



विमान में सवार गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी हादसे में नहीं बच सके। उनका निधन हो गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विजय रूपाणी की पत्नी 6 महीने से लंदन में थीं। बताया जा रहा है कि उनको वापस लाने के लिए ही वो वहां जा रहे थे। हादसे के बाद विमान में सवार यात्रियों की एक सूची भी सामने आई थी, जिसमें विजय रूपाणी का नाम शामिल था। लिस्ट में उनका नाम 12वें नंबर पर नजर आया।



## टाटा ग्रुप ने मृतकों के परिजनों के लिए एक - एक करोड़ रुपये की घोषणा की

टाटा समूह ने गुरुवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया की ड्रीमलाइनर बोइंग 787-8 फ्लाइट संख्या AI171 की दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 1-1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है। इसके अलावा समूह सभी घायल यात्रियों को चिकित्सा कवर की सुविधा भी मुहैया कराएगी। इस विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने जारी बयान में कहा कि एयर इंडिया फ्लाइट AI171 से जुड़ी दुखद घटना से हम बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। चंद्रशेखरन ने लिखा है हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो घायल हुए हैं। टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देगा। घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेगा और सुनिश्चित करेगा कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त बी.जे. मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेगा। समूह की तरफ से कहा गया है कि वे इस अकल्पनीय समय में प्रभावित परिवारों और समुदायों के साथ खड़ा है।

## मोदी, शाह और खरगे समेत अनेक नेताओं ने विमान हादसे पर जताया शोक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत अनेक नेताओं ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरूवार को हुए विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जतायी है। श्री मोदी ने इसे दिल दहलाने वाली घटना बताते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक पर एक पोस्ट में लिखा, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएँ प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूँ जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। श्री खरगे ने कहा है, गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ, जिसमें कई यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। भयावह दृश्य देखकर दिल दहल जाता है। यात्रियों और चालक दल के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और प्रार्थनाएँ। श्री शाह ने एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। आपदा प्रतिक्रिया बलों को तुरंत दुर्घटनास्थल पर भेज दिया गया है। स्थिति का आकलन करने के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी और अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त से बात की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा है, अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर सुनकर बहुत दु:ख हुआ। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं यात्रियों और चालक दल के परिवारों के साथ हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को धैर्य और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है।



यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव घटना से आहत हुए हैं और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा है कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की दुर्घटना का तुरंत स्पष्टीकरण आए, जिससे आशंकाओं का उन्मूलन हो सके। यात्रियों और क्रू के सदस्यों, सभी के लिए प्रार्थनाएं, सर्वोच्च स्तरीय बचाव, राहत और उपचार उपलब्ध कराया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपी यूनिवर्सिटी में बीएस और एमएस के लिए काउंसलिंग की तारीखें घोषित

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपी यूनिवर्सिटी) में बीएस (पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) और एमएस (पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) प्रोग्राम के लिए काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि बीएस (पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) की काउंसलिंग 23 जून को और एमएस (पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) की काउंसलिंग 24 जून को द्वारका कैंपस में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के बारे में विस्तृत विवरण यूनिवर्सिटी की वेबसाइट (www.ipu.ac.in और www.ipu. admissions. nic.in) पर उपलब्ध है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त करें और आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें।

### निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही ट्रेन बेपटरी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही एक ट्रेन गुरुवार को पटरी से उतर गई। ट्रेन का चौथा डिब्बा प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत एवं सुरक्षा उपायों का आकलन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के अनुसार, शाम 4:10 बजे के आसपास ट्रेन नंबर 64419 (एनजेडएम-जीजेडबी ईएमयू) का एक डिब्बा शिवाजी ब्रिज के पास डाउन मेन लाइन पर पटरी से उतर गया। रेलवे अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर बहाली के काम में जुट गए हैं। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। रेलवे अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ईडी का 2,700 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली, राजस्थान, गुजरात में छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को रियल एस्टेट स्कीम से जुड़े 2,700 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में करीब 24 ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी की जांच रेड नेक्सा एवरग्रीन नामक रियल एस्टेट योजना से संबंधित बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ी हुई है। केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम ने राजस्?थान के जयपुर, जोधपुर, सीकर और झुंझुनू सहित कई शहरों में छापेमारी की है। इसके साथ ही अहमदाबाद (गुजरात) और दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी एक साथ छापेमारी की गई।

### इजरायल-ईरान तनाव से बाजार में कोहराम

**मुंबई।** इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मैच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 823.16 अंक अर्थात 1.00 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया।

## योगी ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कार्यक्रम**
- सीएम योगी ने शिक्षा विभाग की 122 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें टैबलेट वितरित किए। साथ ही मुख्यमंत्री ने 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार दिए।

इस मौके पर उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़ी 122 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में बालकों की संख्या ज्यादा थी लेकिन जब परिणाम आया तो मेरिट सूची में बेटियों की संख्या अधिक है। हाईस्कूल में बालिकाओं के उत्तीर्ण प्रतिशत 93 फीसदी था जबकि बालकों का 86 फीसदी। इसी तरह इंटर में बालिकाओं का 86 फीसदी एवं बालकों का 76 फीसदी। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को बधाई। उन्होंने कहा कि आज संस्कृत भाषा के निदेशालय के भव्य भवन की भी आधारशिला रखी जा रही है। लखनऊ में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का भवन जर्जर था। आज इसके लिए नवीन भवन का शिलान्यास हुआ है। संस्कृत के दो पुराने विद्यालय चंदौली, भदोही के लिए भी आज नए भवन व छात्रावास निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। संस्कृत के उन्नयन उत्थान के लिए सरकार की ओर से नया प्रयास हो रहा है। छात्रों को छात्रवृत्ति देने का प्रावधान किया गया। संस्कृत विद्यालय की मान्यता हम उन्ही को दे रहे हैं जो उन छात्रों के रहने और खाने की व्यवस्था कर सके। संस्कृत विद्यालयों के जर्जर भवनों के लिए भी सरकार कार्य कर रही है। उन्हें डिजिटल क्रांति से जोड़ रहे हैं। इसके लिए आज टाटा कंसल्टेंसी के साथ व माध्यमिक शिक्षा विभाग के बीच एमओयू हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में हमने माध्यमिक स्कूलों की परिस्थितियों को बदलने में काफी सफलता प्राप्त की। माध्यमिक शिक्षा नकल, लूट का अड्डा बन गया था। पिछली सरकारों ने इसे व्यवसाय बनाया, वो नकल का पैकेज देते थे। ट्रांसफर पोस्टिंग भी पिछली सरकारों के लिए एक उद्योग था। डबल इंजन की सरकार ने इसको बदला।

## दुश्मनों की कमर तोड़ने को यूएवी रुद्रास्त्र तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने पोखरण फायरिंग रेंज में अपने हाइब्रिड वीटीओएल यूएवी रुद्रास्त्र के परीक्षण पूरे कर लिए हैं। यह परीक्षण भारतीय सेना ने निर्धारित प्रदर्शन मापदंडों के अनुरूप किये, जिसमें वर्टिकल टेक ऑफ लैंडिंग शामिल थी। यूएवी ने डेढ़ घंटे में 170 किमी से अधिक दूरी तक जाकर मजबूत परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करके मूल लॉन्च बिंदु पर सफलतापूर्वक वापस लौटा।

भारत ने रक्षा प्रौद्योगिकी में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने हाइब्रिड वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग यूएवी %रुद्रास्त्र% विकसित किया है। एसडीएएल ने यूएवी के परीक्षण 11 जून को राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में किये। यह परीक्षण भारत की सैन्य शक्ति को मजबूत करने और क्षेत्रीय चुनौतियों, विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ एक कड़ा जवाब देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। परीक्षण के दौरान सटीक निर्देशित एंटी पर्सनल वारहेड की भी तैनाती की गई थी।



**उपलब्धि**
- पोखरण फायरिंग रेंज में दिखाई ताकत
- डेढ़ घंटे में 170 किमी से अधिक दूरी तक जाकर मजबूत परिचालन क्षमता का प्रदर्शन किया

परीक्षण के दौरान मध्यम ऊंचाई से गिराए जाने पर गोला-बारूद ने कम ऊंचाई पर विस्फोट किया, जिसने सामरिक प्रभावशीलता बेंचमार्क को पूरा किया। यह सफल प्रदर्शन भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों की खोज में प्रमुख मील का पत्थर और आत्मनिर्भर पहल के तहत स्वदेशी सैन्य तकनीक को सुदृढ़ बनाने के भारत के प्रयासों में एक बड़ा कदम है। मिशन की बहुमुखी स्थितियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए यूएवी रुद्रास्त्र ने अपनी प्रमुख विशेषताओं को प्रदर्शित किया, जिसमें वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग, विस्तारित उड़ान रेंज, रियल टाइम निगरानी और सटीक निशाना शामिल है।

## प्रौद्योगिकी गरीबों को सशक्त बनाने का बड़ा माध्यम : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी गरीबों को सशक्त बनाने का बड़ा माध्यम है। इसकी ताकत के प्रयोग से अनगिनत लाभ हुए हैं। जन सामान्य से जुड़ी सेवाओं में अभूतपूर्व पारदर्शिता आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज एक्स हैंडल पर यह टिप्पणी डिजिटल इंडिया के 11वर्ष के अवसर पर माय गवर्नमेंट इंडिया के पोस्ट पर की है।

उन्होंने लिखा कि प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ हुए हैं। सेवा वितरण और पारदर्शिता में बहुत वृद्धि हुई है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है। भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के हमारे प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है।

## उत्तर-पश्चिम भारत में 18 जून तक दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अगले हफ्ते तक दक्षिण पश्चिम मानसून दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत में दस्तक दे सकता है। गुरुवार को मौसम विभाग ने मानसून की स्थिति और पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहले सप्ताह (12 से 18 जून) के दौरान मध्य और पूर्वी भारत के शेष भागों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ भागों में आगे बढ़ने की संभावना है।

इसके साथ 19 से 25 जून के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश भागों में आगे बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर और उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण, निम्न दबाव क्षेत्र के बनने



**पूर्वानुमान**
- जून के तीसरे सप्ताह के दौरान पूर्व व पूर्वोत्तर भारत, मध्य और आसपास के उत्तर-पश्चिम भारत में व्यापक रूप से वर्षा होने की संभावना

की संभावना के कारण पश्चिमी तट पर तेज़ दक्षिण-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। जून के तीसरे सप्ताह के दौरान पूर्व और पूर्वोत्तर भारत, मध्य और आसपास के उत्तर-पश्चिम भारत में व्यापक रूप से व्यापक वर्षा होने की संभावना है। सप्ताह के कुछ दिनों के दौरान गुजरात और कोंकण और गोवा में भी बहुत भारी से बेहद भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में समग्र वर्षा गतिविधि अधिक होने की संभावना है। 19 से 25 जून, 2025 के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में कमी आने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम भारत (पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और राजस्थान) के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।

## देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या हुई 7,154, बीते 24 घंटे में तीन की मौत

**एजेसी, नई दिल्ली।**

देश में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी जारी है। गुरुवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की 7,154 हो गई है। पिछले 24 घंटे में 33 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान तीन कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत दर्ज की गई। इनमें से एक मध्यप्रदेश और दो महाराष्ट्र में मौत हुई है। वहीं कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 9556 है।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक लगभग सभी राज्यों में कोरोना के सक्रिय मामलों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। केरल में सबसे अधिक मामले हैं। यहां सक्रिय मामलों की संख्या 2,165 है। गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में काफी संख्या में सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं।गुजरात और पश्चिम बंगाल में क्रमशः 1,281 और 747 मामले हैं। दिल्ली में 731 और महाराष्ट्र में 615 कोरोना के मामले हैं।




## केवल एफआईआर या चार्जशीट दाखिल होने से किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता : हाईकोर्ट

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल एफआईआर या चार्जशीट दाखिल होने से किसी को अपराध का दोषी नहीं माना जा सकता। हालांकि सरकारी पद पर नियुक्ति का पैरामीटर अधिकारी ही तय करेंगे, कोर्ट नहीं। दोनों पक्षों में समझौते के कारण चार्जशीट निरस्त कर दी गई है।

कोर्ट ने कहा जब पी ए सी पुलिस कांस्टेबल की 2015 में भर्ती निकाली गई थी तब याची के खिलाफ आपराधिक केस नहीं था। चयनित होने के बाद दो परिवारों के झगड़े में एफआईआर दर्ज हुई। चयनित याची को अयोग्य करार दिया गया। जिलाधिकारी वाराणसी ने विवेक का इस्तेमाल न कर पुलिस रिपोर्ट पर कार्रवाई की। उस भर्ती का पद खाली नहीं के आधार पर राहत से इंकार नहीं कर सकते। इसलिए पुनर्विचार किया जाय।

कोर्ट ने याची को नियुक्ति के अयोग्य करार देने के डी सी पी वाराणसी के 20 जुलाई 24 के आदेश को रद्द कर दिया और पुलिस कमिश्नर व डिप्टी पुलिस कमिश्नर वाराणसी एवं अपर सचिव पुलिस भर्ती बोर्ड को याची की 2015 की भर्ती में नियुक्त करने पर 8 हफ्ते में विचार करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि उस भर्ती में पद रिक्त न होना इसमें बाधक नहीं होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने विवेक यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

मालूम हो कि याची पुलिस पी ए सी भर्ती 2015 में चयनित हुआ। नियुक्ति से पहले उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी थी। उसने तथ्य छिपाया नहीं। वाराणसी के चोलापुर थाने में 7 मई 16 की घटना की एफआईआर दर्ज हुई और पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। हालांकि हाईकोर्ट ने याचिका पर दोनों पक्षों को समझौते की अनुमति देते हुए मजिस्ट्रेट को सत्यापित करने का आदेश दिया। समझौते के आधार पर चार्जशीट रद्द भी कर दी गई। इससे पहले ही याची को नियुक्ति के अयोग्य करार देते हुए नियुक्ति से इंकार कर दिया गया था। जिसे चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा सरकारी नौकरी मिलने पर जलन विद्वेष के कारण झूठे केस में फंसाया भी जा सकता है। इसकी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आरोप भी गंभीर नहीं है। अनैतिक अपराध का आरोप नहीं है। कोर्ट आंख बंद नहीं रख सकती। जिलाधिकारी पोस्ट आफिस की तरह एस पी की रिपोर्ट पर आदेश नहीं दे सकता। उसे विवेक का इस्तेमाल कर आदेश पारित करना चाहिए।चयन होने के बाद अचानक एफआईआर दर्ज होना का गहन परीक्षण करना चाहिए था। देखना चाहिए कि एफआईआर सही है या सरकारी नौकरी से बाहर करने की कवायद भर है। सावधानी से विचार करना चाहिए। जिलाधिकारी को नौकरशाह की तरह नहीं सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए। दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज की गई थी। याची पर आरोप भी गंभीर नहीं था।

**कटाक्ष** — भारत ने अमेरिका पर कसा तंज

## पाकिस्तान वास्तव में क्या है, इसका रिकॉर्ड बहुत स्पष्ट : रणधीर

- ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान में छिपे होने की सूचना देने वाला व्यक्ति अब भी पाकिस्तानी सेना की कैद में

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साझीदार बताये जाने और अमेरिकी सेना दिवस की परेड में पाकिस्तानी सेना प्रमुख को आमंत्रित किये जाने पर तंज कसते हुए भारत ने उसे याद दिलाया कि 11 सितंबर 2001 के न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी हमले के सूत्रधार अलकायदा के मुखिया ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान में छिपे होने की सूचना देने वाला व्यक्ति अब भी पाकिस्तानी सेना की कैद में है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के बयानों एवं पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को अमेरिकी सेना दिवस परेड में बुलाने के पीछे अमेरिकी रुख के बारे में पूछे जाने पर कहा, पाकिस्तान वास्तव में क्या है, इसका रिकॉर्ड बहुत स्पष्ट है। हम सभी जानते हैं कि पहलगाम हमला सीमा पार आतंकवाद का सबसे हालिया उदाहरण है। मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि हाल ही में 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया था। जाहिर है, हममें से कोई भी यह नहीं भूला है कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। यह महत्वपूर्ण है कि वह व्यक्ति - डॉ. शकील अफरीदी - जिसने ओसामा बिन लादेन को खोजने में मदद की थी, अभी भी पाकिस्तानी सेना द्वारा कैद है।



अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजेलिस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में अराजक और हिंसक प्रदर्शनों और वहां रहने वाले प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा के बारे में एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा, हम घटनाक्रम से अवगत हैं। भारत सरकार विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को अत्यंत गंभीरता से लेती है।

उन्होंने कहा कि लॉस एंजेलिस क्षेत्र में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। हम इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों को उचित सुरक्षा सावधानियाँ बरतने की सलाह देते हैं। सैन फ्रांसिस्को में हमारा वाणिज्य दूतावास स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहा है और समुदाय के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में है।

# सड़क हादसे में ससुराल आए युवक की मौत, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रौंदा

- मोहीउद्दीनपुर चौराहे पर हुआ हादसा, चालक वाहन समेत फरार, परिवार में कोहराम




**उचौलिया (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ससुराल आए युवक की शाम सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस वक्त हुआ जब वह सड़क पार कर रहा था। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। युवक की मौत से ससुराल और उसके गांव में कोहराम मच गया।

हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव निवासी अखिलेश (35) पुत्र तौलेराम बृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे अपनी ससुराल मोहीउद्दीनपुर (थाना उचौलिया) आए हुए थे। बताया जा रहा है कि ससुराल से लौटते समय जब वह मोहीउद्दीनपुर चौराहे पर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार कर रहे थे, तभी सीतापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल अखिलेश को सीएचसी पसगवां पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूत्रों के मुताबिक, हादसा करने वाली स्कॉर्पियो शाहजहांपुर नंबर की बताई जा रही है। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल उचौलिया पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश में जुट गई है। अखिलेश की मौत की खबर जैसे ही उसके गांव मदारीपुर और ससुराल मोहीउद्दीनपुर में पहुंची, दोनों जगह मातम पसर गया। ससुराल में पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषी चालक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

# शारदा नदी के बहतिया बांध का पुनर्निर्माण शुरू, 24 गांवों को मिलेगी बाढ़ से राहत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड निघासन के ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। शारदा नदी पर स्थित बहतिया बांध के पुनर्निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। बीते वर्ष उफनाई शारदा ने इस बांध को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे लालपुर, बरोठा, मूड़ा, गौरिया, खरवाहिया सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। अब ग्राम निधि और मनरेगा के संयुक्त प्रयास से बांध का निर्माण दोबारा शुरू हो गया है। लुधौरी-रानीगंज मार्ग पर बहने वाले घाघी नाले से होकर शारदा का पानी हर साल खेतों और आबादी वाले इलाकों में घुसता था। दुलही सायफन के जरिये यह पानी निचले इलाकों में पहुंचकर फसलों को भारी नुकसान पहुंचाता था। खेतों में धान और गन्ने की फसलें तबाह हो जाती थीं। ग्राम प्रधान उर्मिला देवी ने ग्रामीणों की मांग पर बहतिया नाले के कटे मुख को बंद कराने का प्रस्ताव ब्लॉक कार्यालय भेजा था। इसके बाद एक माह पूर्व तकनीकी टीम ने स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा की। रिपोर्ट मिलने के बाद निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई और तेजी से काम शुरू कर दिया गया। बैलाहा के प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन ने बताया कि अब बांध बनने से बारिश का पानी सड़कों और खेतों में नहीं फैलेगा, बल्कि नाले के माध्यम से सीधे शारदा नदी में चला जाएगा। इससे बाढ़ की आशंका काफी हद तक खत्म हो जाएगी। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्य ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी। जनसहयोग और पंचायत निधि के समन्वय से इसे प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से राहत जरूर मिलेगी।

## गन्ना किसानों के लिए सेमरई गांव में कृषक गोष्ठी आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** स्थानीय बजाज चीनी मिल द्वारा मिल परिक्षेत्र के ग्राम सेमरई में एकीकृत कीट प्रबंधन, पेड़ी प्रबंधन एवं गन्ना रकबा सर्वेक्षण विषयक एक वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें 142 कृषकों ने भाग लिया। गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने एकीकृत कीट प्रबंधन के तहत फसल की रक्षा कैसे की जाए, इस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ड्रिप सिंचाई, पंचामृत खेती, मशीनरी बैंक से यंत्रों की किराये पर उपलब्धता, आदि योजनाओं की जानकारी दी।

वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने किसानों को पेड़ी प्रबंधन यंत्र RMD के उपयोग की सलाह दी, जिससे अवांछित कल्ले न निकलें और गन्ने की पैदावार में वृद्धि हो। उन्होंने फफूंद जनित बीमारियों के लिए थायोफेनेट मिथाइल (प्रिज्म) तथा कीटनाशक एमिडा क्लोरप्रिड के प्रयोग की सलाह दी। प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने टॉप बोरर कीट के नियंत्रण के लिए सुपर सिक्सर, कोराजन या टुवेंटा की ड्रैंचिंग आवश्यक बताई। साथ ही सभी कृषकों से अपील की गई कि वे गन्ना सर्वेक्षण कार्य के दौरान अपने खेत पर उपस्थित रहकर सर्वे कार्य पूरा कराएं। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक सत्यपाल सिंह ने की। इस अवसर पर रावेन्द्र कुमार, गगन अरोड़ा, नितिन बाजपेयी, रमाकांत तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्र, कौशल शुक्ल, राहुल मिश्र, आदेश कुमार, अजय भान सिंह सहित मिल व समिति के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दिव्यांग यूनियन ने सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** भारतीय दिव्यांग यूनियन ने अपनी लम्बे समय से लंबित समस्याओं को लेकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में दिव्यांगजनों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे लखीमपुर में डीएम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ करेंगे। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में दिव्यांगजनों को अंत्योदय राशन कार्ड, मुद्रा ऋण, रोडवेज बसों में सम्मानपूर्वक यात्रा, सरकारी अस्पतालों में अलग काउंटर की व्यवस्था, दिव्यांग आरक्षण के तहत मंडी समितियों में अवसर, तथा दिव्यांग अधिनियम 2016 के समुचित क्रियान्वयन की मांग शामिल है। यूनियन ने बताया कि कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए हैं लेकिन अब तक संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है। रोडवेज बस चालकों द्वारा दिव्यांगजनों की उपेक्षा किए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा गया कि सरकार को चाहिए कि वह दिव्यांगजनों की यात्रा और इलाज की व्यवस्था को सुदृढ़ करे। बैठक में अमित कुमार, राजेश मौर्य, रियाजुद्दीन इद्रीसी, तिलकराम वर्मा, हबीब, सर्वेश कुमार अर्कवंशी, सर्वेश कुमार समेत अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मितौली में आयोजित हुई पीएम प्रणाम किसान गोष्ठी

**मितौली (खीरी)।** मितौली किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड (बी–पैक्स) में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना के तहत पीएम प्रणाम किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सभापति सचिन शुक्ल ने की। गोष्ठी में अपर जिला कृषि अधिकारी सत्यवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता), सहायक विकास अधिकारी (कृषि), जिला सहकारी बैंक मितौली के शाखा प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत समिति की सचिव अर्चना सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि सत्यवीर सिंह ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच की तरह कार्य कर रही है। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में फसल नुकसान होने पर यह योजना किसानों के लिए संजीवनी साबित होती है। उन्होंने बताया कि 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि नवाचार किसानों के खेत तक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिससे किसान नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। इस अवसर पर एडीओ कृषि नैमिष यादव, एडीओ कोऑपरेटिव राम पारस प्रजापति, शाखा प्रबंधक मितौली अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम आसरे पाल, हरजेश सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने किसानों को कृषि से संबंधित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में समिति के सभापति सचिन शुक्ल ने समिति द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए समस्त किसानों, अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अखिलेश अवस्थी (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मितौली), समिति संचालन झब्बू सिंह, नवरत्न कंपनी से राहुल वर्मा, चंद्रशेखर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ल, सचिन शुक्ल, रामनरेश वर्मा, सचिव बबौना महेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कूड़ा घर में ग्रामीणों ने भर दी है जलाऊ लकड़ियां, स्वच्छता अभियान का बना मजाक

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के मिश्रीपुर ग्राम पंचायत के मजरा सिमरा गांव में सामुदायिक कूड़ा घर में ग्रामीणों ने कूड़ा के स्थान पर अपने निजी उपयोग में ग्रामीणों ने करना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के मिश्रीपुर ग्राम पंचायत के मजरा सिमरा गांव में ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कराए गए सामुदायिक कूड़ा घर में ग्रामीणों द्वारा कूड़ा न डालने के स्थान पर अपने निजी उपयोग करना शुरूकर दिया है। लकड़ी आदि भर कर कूड़ा घर को बंद कर दिया है। जिससे गांव का कोई गीला सूखा कूड़ा नहीं डाला जा रहा है। सरकारी कूड़ाघर का निजी उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा इनका निरीक्षण भी नहीं किया जाता है। सरकारी तंत्र का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन का मखौल उड़ाया जा रहा है। फिलहाल यह जांच का विषय है।

### बिजली बिल वसूली को लगाया गया मेगा कैम्प

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी।** विद्युत विभाग ने बकाया वसूली के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया। अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में महमूदाबाद और भरथीपुर गांव में यह कैंप लगाया गया। उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल ने महमूदाबाद कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना गया।अभिषेक मल्ल ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की खपत अधिक हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनावश्यक विद्युत उपकरणों का उपयोग न करने की अपील की।ट्रांसफार्मर पर लोड कम करने के लिए यह कदम जरूरी है। कैंप के दौरान बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए।उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर विद्युत बकाया जमा करने की अपील किया।

### बिजली लोड चेक कर बढ़े लोड पर दी गई हिदायत

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के विभिन्न मोहल्लो मे एसडीओ संदीप सिंह के साथ जैदपुर विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियो की मौजूदगी मे बकाया वसूली व लोड केबिल चेक किये गये।जानकारी के अनुसार गुरुवार को लगभग बारह बजे जैदपुर उपकेंद्र के एसडीओ संदीप सिंह, सुरेन्द्र, फुरकान सहित दर्जन भर से अधिक कर्मचारी कस्बे के मोहल्ला बड़ी बाजार,रईस कटरा, शाह कटरा सहित विभिन्न मोहल्लों में तमाम घरों में जाकर ओवर लोड सहित बकाया वसूली पर जोर दिया गया।

# गोला में अव्यवस्था की बैरिकेटिंग!

- सेतु निर्माण को लेकर लगा डायवर्जन बना आमजन की परेशानी का सबब
- अस्पताल जाने वाले रास्ते बंद, आमजन बेहाल, क्षेत्रीय प्रधान और सचिव ने जताई तीखी आपत्ति

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गोला और फरधान रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे सेतु को लेकर प्रशासन ने 12 जून की सुबह 8 बजे से 30 जून की मध्यरात्रि तक एन एच-730 पर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया है। निर्माण कार्य के चलते भारी वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेटिंग ने आमजन की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

प्रशासन ने गोला के मोहम्मदी रोड पर बनाए गए नए बाईपास चौराहे पर सख्त बैरिकेटिंग कर दी, जिससे चार पहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई। केवल साइकिल और दोपहिया वाहन ही जैसे-तैसे निकल पा रहे हैं। इससे न केवल आमजन, बल्कि अस्पतालों तक पहुंचने वाले मरीज भी परेशान हो रहे हैं। इस रोड पर लगभग 10 अस्पताल मौजूद हैं। बैरिकेटिंग के कारण न तो एंबुलेंस पहुंच पा रही हैं, न ही अन्य आपातकालीन सेवाएं।

**डायवर्जन रूट इस प्रकार रहेगा–** बहराइच-नानपारा से पीलीभीत-बरेली की ओर आने-जाने वाले वाहन अब मनिकापुर तिराहा से होते हुए MDR-86 (लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग) और फिर सिकंदराबाद चौराहा होते हुए MDR-76 से होकर NH-730 गोला पहुंचेंगे।

स्थानीय ट्रैफिक पुलिस ने प्रशासन के आदेशों का कड़ाई से पालन कराया। लोगों को समझाने और हटाने में पूरा जोर लगाया गया, लेकिन इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ा। लोग बैरिकेड्स के पास खड़े होकर अपनी समस्याएं सुनाते रहे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

हालांकि ट्रैफिक पुलिस बल में दीवान राजन तिवारी प्रशासन के आदेश का अनुपालन करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखा।

> स्थानीय प्रधान राजेश गिरी ने बताया कि यदि बैरिकेटिंग को थोड़ा आगे बढ़ाकर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास लगाया जाता, तो आवाजाही में यह रुकावट नहीं आती। हमने इस मामले में उपजिलाधिकारी खीरी से भी बात की थी, लेकिन शाम तक कोई राहत नहीं मिली।

> क्षेत्रीय सचिव ललित वर्मा ने भी इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, प्रशासन को चाहिए था कि वे बैरिकेटिंग को गोला के बाहरी क्षेत्र में लगाते। यह न केवल आमजन बल्कि आपात स्थिति में मरीजों के लिए भी जानलेवा हो सकता है।

## भैंसहिया गांव में केला व्यापारी पर फावड़े से जानलेवा हमला

- खमरिया पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के भैंसहिया गांव में बुधवार को खेत में केला खरीदने गए व्यापारी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खमरिया कस्बे के संतोषी माता मंदिर के पास रहने वाला केला व्यापारी रिजवान पुत्र तजल्ली बुधवार को केला खरीदने के उद्देश्य से भैंसहिया गांव में परमानंद उर्फ नंदू व मोरध्वज पुत्र रामकिशुन के खेत पर गया था। इसी दौरान किसी विवाद के चलते खेत मालिकों ने उस पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल रिजवान को पहले खमरिया सीएचसी, फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ओ.पी. राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को 12 जून को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अरुण कुमार कुशवाहा, हेड कांस्टेबल अवधेश बहादुर सिंह और कांस्टेबल अरविन्द गौतम शामिल रहे। वहीं, गांव में घटना को लेकर भय का माहौल है और पुलिस हमले की असल वजह जानने में जुटी है।

## छत छिनने का दर्द: गोला की काशीराम आवासीय कॉलोनी में प्रशासन की कार्रवाई से मचा हड़कंप

- महिलाओं-बच्चों की हालत बिगड़ी

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



गोला गोकर्णनाथ की काशीराम आवासीय कॉलोनी गुरुवार दोपहर अचानक अफरा-तफरी का केंद्र बन गई। दोपहर बाद भारी पुलिस बल, नगर पालिका कर्मी और लेखपालों के साथ प्रशासनिक अमला कॉलोनी पहुंचा और यहां रह रहे परिवारों को उनके घर खाली करने का फरमान सुनाया गया। जो लोग अभी तक अपना चूल्हा जलाने की तैयारी में थे अचानक, उनके लिए यह एक झटका था। रहवासियों के अनुसार, प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के मकान खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी। कई परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें न कोई नोटिस मिला, न कोई तारीख दी गई, न ही उनके पुनर्वास की कोई वैकल्पिक व्यवस्था बताई गई। कुछ महिलाओं ने रोते हुए बताया, अधिकारियों ने कहा कि अगर अभी खाली नहीं किया तो सामान फेंक देंगे और घर पर सरकारी ताला जड़ देंगे। मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच कई महिलाएं बेहोश हो गईं। छोटे-छोटे बच्चों की चीख-पुकार माहौल को और भी भारी बना रही थी। अपने सिर की छत जाती देख वृद्ध महिलाएं और पुरुष भी बिलखते नज़र आए। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, एसडीएम गोला के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक कई आवास ऐसे पाए गए हैं जिनमें वो लोग रह रहे थे जिनके नाम पर मकान आवंटित नहीं हुआ था। ऐसे आवासों को चिन्हित कर खाली कराया जा रहा है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि गोला नगर में कॉरिडोर निर्माण के चलते जिन परिवारों को उजाड़ा गया था, उन्हें इन मकानों में बसाया जाना है। काशीराम कॉलोनी के कई लोगों ने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जिनके पास पहुंच और सिफारिश थी, उनके घरों को नहीं छुआ गया, जबकि गरीब और मजलूमों को सीधे सड़क पर ला खड़ा कर दिया गया। मामले से संबंधित जानकारी के लिए एसडीएम गोला को कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा, फिलहाल मौके पर मौजूद लेखपाल जयप्रकाश वर्मा ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जो दूसरे नाम से आवंटित आवास पर रह रहे हैं। मौके पर मौजूद रहे लेखपाल जयप्रकाश वर्मा, नगर पालिका के कर्मचारी, क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पांडेय और सीओ देवेंद्र सिंह ने कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने का दावा किया, लेकिन लोगों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे।

## हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी ने जीता गोला कप, गोला मेडिकल एजेंसी उपविजेता

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



श्री राजेन्द्र गिरी स्मारक स्टेडियम में दूधिया रोशनी के बीच खेले गए बहुप्रतीक्षित गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला मेडिकल एजेंसी को शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच को देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, सुरेन्द्र साहनी एनडी और शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत टॉस के माध्यम से कराई। टॉस जीतकर गोला मेडिकल एजेंसी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया लेकिन विपक्षी टीम की धारदार गेंदबाजी के आगे उनके खिलाड़ी टिक नहीं सके और निर्धारित 10 ओवरों में मात्र 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हालांकि मेडिकल एजेंसी की टीम ने गेंदबाजी और फील्डिंग में अनुशासित प्रदर्शन कर मैच में रोमांच भरने का प्रयास किया, लेकिन अंत में हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी ने यह लो-स्कोरिंग लक्ष्य हासिल कर लिया और गोला कप की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की। मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी आलिका को 4 विकेट और 12 रन की बेहतरीन ऑलराउंड परफॉर्मेंस के लिए मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। विजेता ट्रॉफी स्व. राजेन्द्र गिरी स्मारक ट्रॉफी और उपविजेता ट्रॉफी स्व. बाबूराम अवस्थी स्मारक ट्रॉफी क्रमशः मधुसूदन गिरी और केके शुक्ल द्वारा प्रदान की गई। मैच का संचालन अनवर अली, शिवम अवस्थी, संतोष मौर्य, सौरभ शुक्ला व वृहत गुप्त ने किया। कमेंट्री आयुष्मान व राजेन्द्र निषाद ने की। पुरस्कार वितरण के अवसर पर विधायक अमन गिरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विजेता टीम को बधाई और उपविजेता टीम को बेहतर अभ्यास के साथ अगली बार और मजबूत होकर वापसी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रावेन्द्र गिरी, महेन्द्र गिरी, भोली गिरी, धर्मेन्द्र गिरी, आनंद सोनी, सुभाष राजपूत, सहित अनेक गणमान्य खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## प्रमाण पत्र से आस- दो साल से न्याय की आस में भटक रहा एक पीड़ित...

- यू प्रमाण पत्र ओढ़ी कि बिछाई... या अपनी चिता पर रख दूं?

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



यू प्रमाण पत्र ओढ़ी कि बिछाई... या अपनी चिता पर रख दूं? ये शब्द हैं ग्राम पंचायत सुरजनपुर मजरा मिदनियां के रहने वाले अखिलेश पुत्र पैकरमा के, जिनका दर्द अब किसी सरकारी रिपोर्ट से नहीं, उनके टूटते हौसले से झलकता है। वर्ष 2023-24 में आई अतिवृष्टि में उनका घर पूरी तरह से धराशायी हो गया था। निरीक्षण हुआ, रिपोर्ट बनी और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उन्हें राहत स्वरूप आवास की स्वीकृति मिली। उन्हें प्रमाण पत्र भी सौंपा गया, जिससे पूरा परिवार आश्वस्त था कि अब सिर पर छत होगी। लेकिन दो साल बीत गए, और वह प्रमाण पत्र अब महज एक कागज़ का टुकड़ा बनकर रह गया है। अखिलेश का आरोप है कि पंचायत सचिव ने रु. 20,000 की रिश्वत मांगी थी, जिसे वह देने में असमर्थ रहे। इसके बाद से वह सिर्फ विकास कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। अपनी व्यथा लेकर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और जिलाधिकारी (डीएम) तक को शपथ पत्र दिया। 11 जून 2025 को हुई मुलाकात में उन्हें भरोसा दिलाया गया और परियोजना निदेशक को कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

पीड़ित ने बताया कि पी डी ने उन्हें 12 जून को बुलाया, लेकिन जब अखिलेश समय से पहुंचे तो साहब कार्यालय में ही नहीं थे। देर से आने के बाद पी डी ने बात शुरू की और बेहद बेरुखी से कह दिया– तुम अपात्र हो। कारण गिनाए गए–पिता को आवास मिल चुका है, भाई को भी, चाचा को भी, और पत्नी मायके में रहती है। जब अखिलेश ने सवाल किया कि यदि दूसरों को मिल सकता है, तो उसे क्यों नहीं, तो पी डी साहब ने जवाब दिया– तुम बवाल करने में माहिर हो, मेरे पास सब आ चुका है। पी डी का कहना था कि अगर तहसील प्रशासन की रिपोर्ट पर आवास स्वीकृत हुआ है, तो सुकृति सूची लाकर दिखाओ। सवाल यह है कि क्या ऐसे दस्तावेज़ लाना एक गरीब पीड़ित की जिम्मेदारी है, जबकि ब्लॉक कार्यालय में सारी फाइलें उपलब्ध हैं? अगर नीयत होती, तो जांच मौके पर ही संभव थी, लेकिन गरीब की बात शायद अब बोझ मानी जाती है।

## धौरहरा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- विधायक विनोद शंकर अवस्थी और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

**धौरहरा, लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



धौरहरा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार तथा तहसीलदार आदित्य विशाल सिंह ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना रहा। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कई समस्याएं ग्रामीणों द्वारा रखी गईं, जिनमें राजस्व, राशन, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली तथा पानी से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं।

विधायक अवस्थी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए ताकि जनता को वास्तव में लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल औपचारिकता न होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का प्रभावी माध्यम होना चाहिए। एसडीएम राजेश कुमार ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे सभी शिकायतों को गंभीरता से लें और प्रत्येक पीड़ित को संतोषजनक समाधान दें। तहसीलदार आदित्य विशाल सिंह ने राजस्व से संबंधित कई प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित किया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों द्वारा कुछ मामलों का निस्तारण वहीं किया गया, जबकि शेष को शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया गया।

## बड़ी कार्रवाई: इंडो-नेपाल बॉर्डर पर 5.40 लाख की नकदी के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**गौरीफंटा (लखीमपुर खीरी)।** इंडो-नेपाल सीमा पर तैनात 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने गुरुवार 12 जून को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सुबह लगभग 8 बजे गौरीफंटा बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एक नेपाली नागरिक को रु. 5,40,000 की नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान लाल प्रसाद जैसी पुत्र रिहारी जैसी उम्र 31 वर्ष निवासी नेपाल राष्ट्र के रूप में की। उसने बताया कि वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था और नेपाल लौट रहा था। जब जवानों ने शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके पास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई जिसके संबंध में वह कोई स्पष्ट दस्तावेज या ठोस जानकारी नहीं दे सका। एसएसबी ने



तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त नेपाली नागरिक को बरामद नकदी सहित कस्टम विभाग गौरीफंटा के सुपुर्द कर दिया है। अब आगे की जांच और वैधानिक कार्यवाही कस्टम विभाग द्वारा की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, सीमा पर लगातार सतर्कता बरती जा रही है ताकि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। सुरक्षा एजेंसियां इस बात की भी जांच कर रही हैं कि इतनी बड़ी राशि नेपाल क्यों ले जाई जा रही थी और इसके पीछे कोई संदिग्ध गतिविधि तो नहीं।

कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ

# पर्यटन मंत्री 15 जून को पहले जत्थे को करेंगे रवाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के दौरान पांच वर्षों के अंतराल के बाद पुनः प्रारंभ हो रही है। कोरोना महामारी के कारण स्थगित रही इस यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह 15 जून को तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा गाजियाबाद के इंदिरापुरम में विभिन्न सुविधाओं से युक्त कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका संचालन उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड यूपीएसटीडीसी द्वारा किया जा रहा है।



कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान लिपुलेख उत्तराखंड एवं नाथू ला. सिक्किम के मार्ग से यात्रियों के15 जत्थे कैलाश मानसरोवर पहुंचेंगे। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा, धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों के लिए पुख्ता प्रबंध किये गए हैं। यूपीएसटीडीसी ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। गाजियाबाद के इंदिरापुरम में विभिन्न सुविधाओं से युक्त कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन तीर्थयात्रियों को यात्रा पूर्व एक ही स्थान पर आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा। वातानुकूलित भवन में 288 व्यक्तियों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध है। भू-तल पर स्थित भोजनालय में यात्रियों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसा जाएगा। योग प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रतिदिन योग सत्र आयोजित होंगे जिससे यात्री शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ व ऊर्जावान रहेंगे। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भजन संध्या कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से शुरू होकर 25 अगस्त तक चलेगी

कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से शुरू होकर 25 अगस्त तक चलेगी।उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों,अतिथियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी। यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा।तीर्थयात्रियों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने, शांति प्रदान करने तथा धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भजन संध्या का आयोजन भी होगा।यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है। यात्री स्वेच्छापूर्वक पसंद की पुस्तक पढ़ सकें। परिसर में स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम मेडिकल जांच करेगी। भारत तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी के स्टाफ जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पर्यटन निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी सेवा भाव से उपलब्ध रहेंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के उपयोग के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन के साहित्य ब्रोशर किट उपलब्ध रहेंगे। तीर्थ यात्रियों के आगमन पर उनका भारतीय परंपरा के अनुरूप स्वागत किया जाएगा। परिसर में स्थापित ट्रैवल डेस्क के माध्यम से पैकेज टूर, परिवहन व टिकटिंग संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। 11 जून से 25 अगस्त की अवधि के दौरान यात्रा भवन में यात्रियों एवं स्टाफकी अनुमानित संख्या 800 होगी।

# बाल श्रम उन्मूलन में यूपी बना अग्रणी, यूनिसेफ भी बना सहयोगी : मंत्री अनिल राजभर

▸ 12 से 19 जून तक 'बाल श्रम निषेध सप्ताह' मनाएगी योगी सरकार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) में बाल श्रम पर आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लिया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने सभी प्रकार के बाल श्रम को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की



सराहना की। उन्होंने कहा कि 'बाल श्रम निषेध दिवस' के अवसर पर फैक्ट्री मालिकों सहित हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि घर से लेकर फैक्ट्री तक किसी भी जगह बच्चों से काम नहीं लिया जाएगा।

मंत्री अनिल राजभर ने योगी सरकार द्वारा स्थापित अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने वैश्विक समुदाय से उत्तर प्रदेश के इस अभिनव मॉडल का अनुसरण करने और दुनिया भर में ऐसे विद्यालय स्थापित करने का आग्रह किया। ऐसे प्रयासों से बच्चों को बाल श्रमिक बनने से रोका जा सकेगा।

अनिल राजभर ने कहा कि योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में 12 से 19 जून तक 'बाल श्रम निषेध सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का समापन 19 जून को लखनऊ में होगा। इससे उत्तर प्रदेश में बाल श्रम के समूल उन्मूलन की आवश्यकता एवं प्रयासों को बल मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2025-27 के लिए अपने दो वर्षीय पूर्णकालिक पीजीडीएम कार्यक्रमों- पीजीडीएम-एंटरप्रेन्योरशिप (पीजीडीएम-ई) और पीजीडीएम- इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट (पीजीडीएम-आईईवी) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई, ने कहा कि ईडीआईआई में पीजीडीएम कार्यक्रम अनुभवात्मक शिक्षण पर आधारित हैं और भारत के बदलते उद्यमिता परिदृश्य को दर्शाते हैं। हमारा उद्देश्य भावी रोजगार सृजकों की प्रतिभा और कौशल को निखारना है, ताकि वे सही संसाधनों, गहन जानकारी और मार्गदर्शन से अपने विचारों को व्यावहारिक और स्केलेबल उद्यमों में बदल सकें। चाहे आप एक स्टार्टअप शुरू करना चाहते हों या पारिवारिक व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाना चाहते हों, ईडीआईआई वह स्थान है, जहाँ से आपकी यात्रा आरंभ होती है।

### आईएफएल एंटरप्राइजेज को राइट्स इश्यू से 49.14 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी

IFL ENTERPRISES LIMITED

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कृषि वस्तुओं के आयात, निर्यात और व्यापार सहित एग्री कोमोडिटी बिजनेस में लगी आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 49.14 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू 19 जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 30 जून तक खुला रहेगा। राइट्स इश्यू की कीमत आकर्षक रूप से एक रुपये प्रति शेयर रखी गई है, जो मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी में अपनी इक्विटी बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। बीते 9 जून को आयोजित बैठक में बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने राइट्स इश्यू पर विचार किया और उसे मंजूरी दी। इससे पहले, कंपनी के बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने 30 दिसंबर, 2024 को और 07 मार्च, 2025 के ड्राफ्ट लेटर ऑफ ऑफर को पचास करोड़ रुपये तक के प्रस्तावित राइट इश्यू के लिए 'सैद्धांतिक अनुमोदन' प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया जिस पर बीएसई लिमिटेड ने 19 मई 2025 को 'सैद्धांतिक अनुमोदन' दे दिया। रिकॉर्ड तिथि 13 जून, 2025 को इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारक प्रत्येक 91 फुल्ली पेईड इक्विटी शेयरों के लिए 60 राइट इक्विटी शेयरों के अनुपात में राइट शेयरों के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। राइट्स एंटाइटेलमेंट की ऑन-मार्केट रेनुन्सिएशन की अंतिम तिथि 24 जून है।

### राजधानी में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और हमला, सिपाही हुआ गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में बीबीडी थाना क्षेत्र के लालपुर इलाके में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के बाद उसे दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया। इस जानलेवा हमला में लड़की की रीढ़ की हड्डी पर चोट आयी है और उसे राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं लड़की से छेड़छाड़ के आरोपित यूपी पुलिस के सिपाही मुकेश यादव के विरूद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। लड़की की मां की ओर से बीबीडी थाने में तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस बाबत बीबीडी थाने के निरीक्षक राम सिंह ने बताया कि पीड़ित लड़की सिपाही की पत्नी से मिलने जाया करती थी। लड़की कक्षा नौ की छात्रा है और नाबालिग है। लड़की के सिपाही के घर आने जाने के दौरान ही उसके साथ छेड़छाड़ की जाती रही है। सिपाही मुकेश मौका देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करता रहा है। उन्होंने बताया कि मुकेश सिपाही ने बीते दिन लड़की के साथ फिर एक बार छेड़छाड़ की। जिसका विरोध लड़की ने किया तो सिपाही की पत्नी एवं उसके भाई वहां आ गये। सिपाही की पत्नी एवं पत्नी का भाई दोनों मिलकर लड़की को अपशब्द कहने लगे। इसी दौरान तीनों ने मिलकर उसे नीचे फेंक दिया। लालपुर क्षेत्र में सिपाही मुकेश के घर के दूसरे तल से गिरने पर लड़की बेहोश हो गयी। उसे लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की गम्भीरता को देखते हुए लड़की की मां की तहरीर पर आरोपी सिपाही मुकेश यादव, उसकी पत्नी और पत्नी के भाई के विरूद्ध जानलेवा हमला, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। प्रथम दृष्टया सिपाही मुकेश को मुख्य आरोपित पाते हुए गिरफ्तार भी किया गया है।

### युवक ने फांसी लगाई, पिता बोले बेटे की हुई हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में युवक की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। हनुमंतपुर ग्राम पंचायत के रहने वाले 25 वर्षीय रंजीत की मृत देह रामा कान्वेंट स्कूल के पीछे बबूल के पेड़ से लटकी मिली थी। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक रंजीत टाइल्स और पत्थर लगाने का काम करता था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता दूधनाथ ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# गेमिंग ऐप से ठगी करने वाले 15 गिरफ्तार, 25 करोड़ से ज्यादा की जालसाजी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके में गेमिंग ऐप के जरिए लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरोह अब तक सैकड़ों लोगों से 25 करोड़ से ज्यादा की ठगी कर चुका है। पुलिस टीम को इनके पास 70 मोबाइल, 115 एटीएम, 38 सिम सहित अन्य सामान मिला है। गैंग के सरगना श्रीलंका, सिंगापुर, दुबई सहित अन्य देशों में बैठकर साइबर जालसाजी करवा रहे हैं।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने बताया कि बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि शामिया मेल रोड के टावर-ए में 11वें फ्लोर पर कमरा नम्बर 1105 में 15 से 20 लोग रुके हैं। जिनके पास मोबाइल, लैपटॉप और अन्य चीजें हैं, जो किसी गलत काम में जुटे हैं। सूचना पर साइबर क्राइम



थाना, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। फ्लैट में ऊपर के कमरे में ऑफिस बनी थी। जिसमें कई कुर्सी-मेज लगे थे। जहां कई लोग मोबाइल से अलग-अलग सिम के जरिए बातचीत करते हुए मिले। वहां पर कई बैंकों के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पड़े थे। पुलिस को देखकर सब अपना लैपटॉप बंद करके भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने मौके से 15 लोगों को हिरासत में लिया। पकड़े गए लड़कों की पहचान पलिया लखीमपुर निवासी हरिप्रीत सिंह (23), सिवान बिहार निवासी अभिषेक कुमार राजभर (22), आशीष कुमार (24), मन्नू कुमार (25), रितेश सिंह, इफ्तेखार अली (25), शुभम सोनी, सोनू अली (19), करन कुमार (22), विकास कुमार (25), संजीव कुमार (26), गोपालगंज बिहार निवासी रितेश सिंह (21), खामपार देवरिया निवासी संदीप कुमार (29), खजुरी भोपाल निवासी मनीष कुमार, छपरा बिहार निवासी रवि सिंह (21) के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अन्ना रेड्डी नाम के गेमिंग एप के जरिए भारत के कई राज्यों में लोगों से मोबाइल पर बातचीत करके मोटा मुनाफे का लालच देकर पैसा इन्वेस्ट कराते हैं। इसके बाद उनके पैसों को हड़प लेते हैं। गैंग का सरगना विशाल यादव उर्फ गन्नी उर्फ प्रिन्स है। जो कर्मचारी रखकर सोशल मीडिया के जरिए अन्ना रेड्डी एप से लोगों को जुड़वाता है। कर्मचारी फोन कॉल करके टॉस्क देते हैं। मोटे मुनाफे का लालच देकर अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कराते हैं, फिर उसे फर्जी अकाउंट में ट्रांसफर करके पैसा निकाल लेते हैं। अगर किसी ने शिकायत कर दी तो उस अकाउंट को फ्रीज कर दिया जाता है। जिसके बाद उस सिम से चल रहे अकाउंट का संचालन भी बंद कर देते हैं। समय-समय पर अपना ठिकाना भी बदलते रहते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन सट्टा भी खिलवाते हैं।

# लखनऊ के बटलर पैलेस को प्राइवेट हाथों में देने की तैयारी, निकला टेंडर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की अनुमति के बाद बटलर पैलेस को प्राइवेट हाथों में देने की तैयारी कर ली गयी है। बटलर पैलेस के रखरखाव के लिए जिम्मेदार एलडीए ने इसे प्राइवेट हाथों में देने के लिए ई-टेंडर वेबसाइट पर निकाल दिया है।

एलडीए की ओर से निकाले गये टेंडर में बटलर पैलेस में व्यावसायिक गतिविधियां भी चलायी जा सकती है। इसके लिए एक मुश्त भुगतान करना होगा। जो फर्म टेंडर के अंतर्गत बटलर पैलेस को लेती है, उसे पैलेस की सुंदरता और स्वच्छता को भी बनाकर रखना होगा। लखनऊ मण्डलायुक्त डॉ.रौशन जैकब ने कुछ दिनों पूर्व ही बटलर पैलेस का निरीक्षण किया था और इसे पर्यटक विभाग के माध्यम से पर्यटन स्थल बनाने की बात कही थी। फिलहाल एलडीए ने स्थायी आकर्षण और सांस्कृतिक समृद्धि के जीवंत स्मारक के रूप में बटलर पैलेस को तैयार करने का कार्य किया और अब इसे प्राइवेट हाथों में देने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### राजा महमूदाबाद ने रखी थी बटलर पैलेस की नींव

बटलर पैलेस के इतिहास पर नजर डालें तो इसकी आधारशिला 1915 में राजा महमूदाबाद ने रखी थी। इसका निर्माण अवध के डिप्टी कमिश्नर सर स्पेंसर हरकोर्ट बटलर के लिए किया गया था। यह महल डिप्टी कमिश्नर के आधिकारिक निवास के रूप में कार्य करता था। यह एक समय में एक जीवंत प्रतिष्ठान था। आजादी के कुछ वर्षों बाद तक बटलर पैलेस का उपयोग होता रहा। इसके बाद इस पैलेस को धरोहर के रूप पहचाना जाने लगा।

# डीआरएम उत्तर रेलवे लखनऊ ने व्यापारियों के साथ की बैठक



▸ भारतीय रेल द्वारा माल ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधा एवं साझेदारी का होगा विस्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यात्री यातायात की सुविधा के साथ ही मंडल अपने व्यापारियों के हितों एवं लाभों को ध्यान मे रहते हुए समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इसी क्रम मे कल बृहस्पतिवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मण्डल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ, सुनील कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट गौरव दीक्षित एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव सहित इंडियन फार्मर फ़र्टिलाइज़र कोआपरेटिव लिमिटेड /फूलपुर, इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड /सिंदूरवा, एसोसिएटेड सीमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड /गौरीगंज, आर.सी.सी.पी.एल.प्राइवेट लिमिटेड/कुंदनगंज सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों एवं व्यापारिक केन्द्रों के व्यापारीगण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

भारतीय रेल अपने माल ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में रेलवे ने माल परिवहन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी तथा लाभकारी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

इन प्रयासों का उद्देश्य ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी को और मजबूत करना है। मण्डल रेल प्रबंधक ने व्यापारियों को रेलवे के साथ व्यापार वृद्धि हेतु प्रेरित किया एवं व्यापारियों को रेल मार्ग द्वारा व्यापार के लाभों की विधिवत जानकारी प्रदान की।

# कांग्रेस का भागीदारी न्याय महासम्मेलन का आयोजन कल से

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पिछड़ा वर्ग विभाग,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कल14 जून को उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ पर भागीदारी न्याय महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव इस अवसर पर विभाग 14 जून -14 जुलाई,आगामी एक महीने का प्रदेशव्यापी,जनपद स्तरीय कार्यक्रम भी लॉन्च करेंगे!

जिसमें प्रमुख रूप से जनपद मुख्यालयों पर भागीदारी न्याय पदयात्रा, ओबीसी वर्ग के विभिन्न जातियों का जातीय सम्मेलन, 1 जुलाई से 14 जुलाई तक विभिन्न यूनिवर्सिटी -कॉलेज के युवाओं में भागीदारी न्याय,अन्याय पूर्ण एनएफएस प्रणाली, यूनिवर्सिटी में संघ का बढ़ता हस्तक्षेप,शिक्षा और रोजगार की दयनीय स्थिति के बारे में जागरूकता और कांग्रेस सदस्यता अभियान, जातिगत जनगणना, आर्थिक सर्वे, संस्थागत सर्वे कराने और आरक्षण की 50प्रतिशत सीमा हटाने की मांग को लेकर गाँव गाँव चौपाल, बिजली विभाग के निजीकरण द्वारा गरिमापूर्ण नौकरी और नौकरियों में बहुजनों का आरक्षण खत्म करने की साजिश पर जागरूकता अभियान, सभी सरकारी संस्थाओं में नौकरियों के संविदाकरण के खिलाफ जागरूकता अभियान, भागीदारी न्याय आधारित संगठन सृजन अभियान, निषाद समाज के नदी संसाधनों जैसे बालू-मोरंग निकालने, मछली पकड़ने,खेती बाड़ी करने,पुलों पर टैक्स से आमदनी आदि हक़ अधिकार वाले नदी अधिकार कानून की मांग को लेकर निषाद बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम शामिल है। मनोज यादव ने कहा कि हाल के देशव्यापी संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में पिछड़े, दलित, आदिवासी समाज के हर क्षेत्रीय मुद्दे -शोषण पर मुखरता से आवाज उठाने के कांग्रेस अध्यक्ष. मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष. राहुल गाँधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी के निर्देश को भी पिछड़ा वर्ग विभाग सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी उत्तर रेलवे ने किया लखनऊ स्टेशन का सेफ्टी ऑडिट निरीक्षण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी उत्तर रेलवे पंकज सिंह का मुख्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ सेफ्टी ऑडिट निरीक्षण कार्यक्रम के तहत लखनऊ स्टेशन पर आगमन हुआ। उन्होंने अपर मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ नीलिमा सिंह, मुख्य संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता, स्टेशन डायरेक्टर प्रशान्त कुमार एवं लखनऊ मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ सेफ्टी ऑडिट निरीक्षण किया। टीम द्वारा सबसे पहले गार्ड लॉबी का निरीक्षण किया गया, जिसमे ट्रेन परिचालन के दौरान प्रयोग में लाने वाले उपकरणों एवं कार्यालय रिकॉर्ड रजिस्टर की जांच की गई।

इसके बाद स्टेशन पर पावर केबिन



में पहुंचकर रेल संचालन की कार्य प्रणाली को देखा और संबंधितों को संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने एन्ट्री को ओर स्थित रनिंग रूम को देखा एवं संरक्षा कैटेगरी के कर्मचारियों के साथ संवाद किया।

इस संवाद मे लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों से आए संरक्षा कैटेगरी के लगभग 60-65 कर्मचारियों यथा पॉइंट्समेन, सिग्नल विभाग, लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजरो के साथ प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी/उत्तर रेलवे पंकज सिंह ने सेफ्टी ऑडिट से सम्बंधित विषयों पर संवाद किया। निरीक्षण के अगले क्रम मे टीम द्वारा लखनऊ यार्ड का निरक्षण किया गया। जिसमे यार्ड क्षेत्र में प्वाइंट्स एवं क्रॉसिंग की स्थिति का बारीकी से निरक्षण किया गया।

### पंजाब नेशनल बैंक की रामराम बैंक चौराहा शाखा का शुभारम्भ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में अलीगंज स्थित रामराम बैंक चौराहा के निकट पंजाब नेशनल बैंक की रामराम बैंक शाखा का शुभारम्भ हुआ। बैंक शाखा का शुभारम्भ करने के लिए बैंक के कार्यपालक निदेशक एम. परमकिशन पहुंचें और उन्होंने नवीन शाखा के कर्मचारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जीएम मृत्युंजय, डीजीएम काजमी, सीएच राजकुमार सिंह, डीसीएच सुनील कुमार सहित पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

तैयारी ‖ मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए दो करोड़ व सहायक उपकरणों के लिए 37.40 करोड़ का बजट प्रावधान

# मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण को विस्तार देगी योगी सरकार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने जा रही है। केन्द्र सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण (एडिप) योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों के वितरण को आने वाले समय में और व्यापक स्तर पर ले जाने की तैयारी योगी सरकार कर रही है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद दिव्यांग तक यह सुविधा पहुंचे, ताकि उनकी गतिशीलता बढ़े और वे आत्मनिर्भरता के साथ समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

हाल ही में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल



वितरित करने के बाद सरकार अब इस पहल को विस्तार देने की तैयारी में है। मांग और पात्रता के आधार पर सभी पात्र दिव्यांगजनों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। अर्जुन पोर्टल पर लाभार्थियों की सूची को और सटीक बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और डुप्लीकेसी की संभावना खत्म होगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए 2 करोड़ रुपये और सहायक उपकरणों के लिए 37.40 करोड़ रुपये के बजट का उपयोग प्रभावी ढंग से करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए वितरण प्रक्रिया को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया जा रहा है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे।

### प्रदेश के हर जिले में शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को लाभ देगी योगी सरकार

आने वाले समय में सरकार एलिम्को के साथ मिलकर एक समन्वित कार्ययोजना लागू करेगी, जिसमें वितरण प्रक्रिया को और सरल और त्वरित बनाया जाएगा। हर जनपद में शिविरों का आयोजन कर पात्र दिव्यांगजनों को सीधे लाभ पहुंचाने की योजना है। इसके साथ ही, सहायक उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। योगी सरकार का मानना है कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से दिव्यांगजनों की गतिशीलता में सुधार होगा, जिससे वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। योगी सरकार के इस प्रयास से न केवल दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बन रहा है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और स्वावलंबन की नई राह भी मिल रही है। इस पहल से उत्तर प्रदेश दिव्यांग सशक्तीकरण के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में उभरने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# लखनऊ नगर निगम ने जारी की बीस बड़े बकायेदारों की सूची, नामचीन नाम शामिल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ नगर निगम ने बीस बकायेदारों की सूची जारी की है। जिनके ऊपर लाखों करोड़ों रूपये का गृहकर बकाया है। इस सूची में बड़े नामचीन लोगों के कामर्शियल भवनों के नाम भी शामिल है। सूची में सबसे पहला नाम लुलु मॉल का है, जिस पर 17 करोड़ से ज्यादा का गृहकर बकाया है। इसके बाद दूसरे नम्बर पर शकुन्तला मिश्रा नेशनल रिहाबलिटेशन का है और तीसरे स्थान पर अभी कुछ दिन पहले क्रिकेटर रिंकू सिंह की रिंग सेरेमनी के बाद सुर्खियों में आये द सेंट्रम होटल का नाम है। गृहकर जमा ना कर पाने के कई कारण हो सकते है, फिर भी बड़े प्रतिष्ठानों के बड़े बकाये की सूची के वायरल होने के बाद महापौर सुषमा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। महापौर का कहना है कि बड़े प्रतिष्ठानों एवं नामचीन लोगों को तो और बढ़चढ़ कर गृहकर जमा करना चाहिए। फिर भी उनके नाम भी सूची में शामिल है। जो बेहद अफसोसजनक बात है। ये हालात तो बेहद खराब और चौकाने वाले है।

लखनऊ नगर निगम

### बकायेदारों की सूची में ये नाम हैं शामिल

बाबू बनारसी दास एजुकेशनल सोसाइटी, एचसीएल आई सिटी, विवेकानंद पालिक्लीनिक, जनपथ भवन, शक्ति भवन, इंडिया मेटेरोलॉजिकल डिपार्टमेंट, रविन्द्रालय, सरस्वती डेंटल हास्पिटल, शालिमार गेटवे माल, टाटा मोटर्स, बीएसबीए यूनिवर्सिटी, अपट्रान विद्युत नगरीय खंड, जल निगम अरबन, रामकृष्ण मिशन एनपीएल, लखनऊ विकास प्राधिकरण, सब डिवीजन लेबर कालोनी, डीएवी कालेज के नाम बीस बकायेदारों की सूची में शामिल है।



# कार्यकर्ताओं ने मच्छरदानी में बैठकर किया विरोध प्रदर्शन

## प्राइवेट स्कूल वाले मनमानी तरीके से किताब व ड्रेस के नाम पर अभिभावकों का कर रहे है शोषण

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।




बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा गोंडा कलेक्ट्रेट में मच्छरदानी के अंदर बैठकर प्राइवेट स्कूलों की फीस मनमानी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि जिस प्रकार से मच्छरों के द्वारा आम लोगों का खून चूस जाता है।

उसी प्रकार से प्राइवेट स्कूलों के द्वारा आम लोगों का खून चूसने का काम किया जा रहा है लेकिन हम मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी लगा सकते हैं परंतु प्राइवेट स्कूलों से बचने के लिए हम कौन सी मच्छरदानी लगे यह समझ में नहीं आ रहा है मच्छर से ज्यादा खतरनाक आज के यह प्राइवेट स्कूल है जो मनमानी तरीके से किताब के नाम पर ,ड्रेस के नाम पर, ट्यूशन फीस के नाम पर क्रीड़ा शुल्क के नाम पर ,स्कूल किट के नाम, पर आदि के नाम पर अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं लेकिन सरकार पूर्ण रूप से चुपी साधे हुए हैं इसी को लेकर आज हम हताश निराश परेशान होकर कलेक्ट्रेट में मच्छरदानी के अंदर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं व जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय छात्र पंचायत के द्वारा कई दिनों से गांव-गांव जाकर चौपाल लगाकर हस्ताक्षर किया जा रहा है और इसकी सूचना भी दी जा रही है और लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है हमारी मुख्यमंत्री से यही मांग है कि उत्तर प्रदेश के अंदर फीस बिल रेगुलेशन लाने का काम करें व जिस प्रकार से यह लूट मची हुई है इस पर कार्रवाई होनी चाहिए और जब तक हमारी मांगी मनी नहीं जाएगी हम गांव गांव जाएंगे लोगों को जागरूक करेंगे और आंदोलन प्रदर्शन भी करते रहेंगे व अभिभावक सिद्धार्थ दुबे ने बताया कि मैंने अपने बच्चों का नर्सरी में एडमिशन करवाया है लेकिन जीतने में हम नर्सरी से ग्रेजुएशन पास कर लिए उससे ज्यादा तो हमने अपने बच्चों की नर्सरी की फीस भरी इतनी महंगाई हो गई है समझ में नहीं आ रहा है कौन सी नौकरी करें जिस घर खर्च के साथ बच्चों की फीस आसानी से भर सके बहुत परेशान हूं मैं इसीलिए आज में छात्र पंचायत के कार्यक्रम में आया हूं और राष्ट्रीय छात्र पंचायत के इस आंदोलन का में समर्थन करता हूं और हमारी सरकार से मांग है कि जिस प्रकार से सभी मुद्दों पर सरकार तुरंत कार्रवाई करती है।

यह बहुत बड़ा मुद्दा है इस पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, एडवोकेट सूरज शुक्ला,प्रदीप यादव, रंजीत पांडे, राजेश मौर्य, शुभम तिवारी, सतीश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोटा चयन के प्रस्ताव पर लगी रोक, डीएम ने दिए निर्देश

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

ग्राम पंचायत बहुवन मदारमाझा में उचित दर दुकान चयन को लेकर उठे विवाद के मामले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी व उप जिलाधिकारी करनैलगंज को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से पुनः खुली बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहुवन मदारमाझा की निवासी रिंकी यादव ने जनता दर्शन में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि दिनांक 24 मई 2025 को आयोजित होने वाली खुली बैठक में नियमों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि बैठक पश्चिमी क्षेत्र के बजाय पूर्वी छोर पर कराई जा रही थी, जहां उपस्थित लोगों ने विरोध जताया और नोडल अधिकारी ने बैठक स्थगित कर दी। बावजूद इसके चोरी-छुपे एक फर्जी प्रस्ताव पारित कर दुकान चयन का प्रस्ताव भेज दिया गया, जो नियम विरुद्ध है। शिकायत के अनुसार, प्रस्ताव 15 मई दर्शाते हुए भेजा गया है, जबकि बैठक ही 24 मई को होनी थी।

प्रकरण में की गई वीडियोग्राफी भी जिलाधिकारी को भेजी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित पश्चिमी क्षेत्र में ही निष्पक्ष व पारदर्शी प्रक्रिया के तहत पुनः बैठक कराई जाए, ताकि पात्र व्यक्ति को ही उचित दर दुकान का आवंटन सुनिश्चित किया जा सके।

# कांधेभारी में पुरानी रंजिश को लेकर हमला, मुर्गी फार्म में लगाई आग

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम कांधेभारी में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के घर पर कुछ दबंगों ने हमला कर दिया। पीड़िता राजकुमारी पत्नी प्रभात उर्फ सुबाष चंद्र ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि ग्राम पन्ना खजुरार निवासी बदलूराम, दीपू, अंकित, ननके, संचित लाल, बाबू व भल्लर उसके दरवाजे पर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने ईंट-पत्थर फेंककर घर के आंगन में लगे सीमेंट टीन सेट को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपियों ने महिला के मुर्गी फार्म को आग के हवाले कर दिया, जिससे टंकी, फीडर, बर्तन सहित लगभग साठ डिंकर जलकर राख हो गए।

# नाबालिक बेटी से किया दुराचार, कराया गर्भपात

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।



एक हैरत अंग्रेज कारनामा सामने आया है, एक बाप ने अपनी सगी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करता रहा, जब बेटी गर्भवती हो गई तो उसे अस्पताल ले जाकर उसका गर्भपात करा दिया। जिस संबंध में मुकदमा दर्ज होने के बाद दुराचारी फरार हो गया जिसे आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार असम प्रदेश के कोकराझार जनपद के ग्राम भूमिकी निवासी ऐनुल हक पुत्र समर अली उम्र लगभग 42 वर्ष अपनी 15 साल बेटी के साथ दुष्कर्म करता रहा और बेटी के गर्भवती होने पर उसका जबरदस्ती प्राइवेट अस्पताल ले जाकर गर्भपात करा दिया। जिस संबंध में थाना कोकराझार में पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया जिसकी सूचना मिलते ही कुकर्मी वहां से फरार हो गया। वहां की पुलिस को लोकेशन के द्वारा पता चला कि अपराधी गोंडा रेलवे स्टेशन के आसपास घूम रहा है। तभी वहां से आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय को सूचना सूचना दी गई कि एक जघन्य अपराधी आपके क्षेत्र में घूम रहा है जिसे गिरफ्तार करने में हमारी मदद करें। त्वरित बड़ी ही सूझबूझ के साथ आरपीएफ पोस्ट कमांडर अपनी टीम के साथ जघन्य अपराधी को दबोच लिया गया और असम से आई हुई पुलिस को उसे सुपुर्द कर रवाना कर दिया गया। इसके लिए पुलिस अधीक्षक कोकराझार पृथ्वीराज राजखोवा द्वारा आरपीएफ पोस्ट कमांडर को अप्रिशिएसन प्रमाण पत्र भी असम से आई हुई पुलिस टीम द्वारा प्रदान किया गया।

# अतिथि वार्ताकार हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित, 14 जून तक करें आवेदन

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

सर्व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जनपद स्तर पर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सिविल सेवा परीक्षा- यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी, यूपीएसएसएससी, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस आदि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साहित छात्र-छात्राओं को साक्षात् / ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु निःशुल्क कोचिंग समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद गोण्डा के श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा व राजकीय बालिका इण्टर कालेज, गोण्डा में संचालित की जा रही है। प्रशिक्षण केन्द्र में उक्त सम्बन्धित परीक्षाओं के नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार विभिन्न विषयों (इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, भारतीय पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा, यूपी विशेष, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, निर्णयन क्षमता, रीजनिंग, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी आदि) में व्याख्यान हेतु योग्य, अनुभवी तथा प्रोफेशनल अतिथि वार्ताकारों की आवश्यकता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि केन्द्र में व्याख्यान हेतु इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन आगामी 14 जून तक अभ्युदय कार्यालय, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा को प्रेषित कर सकते है। प्रशिक्षण केन्द्र में व्याख्यान के लिये आमंत्रित किये जाने वाले अतिथि वार्ताकारों को शासन द्वारा निर्धारित दर के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

# बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12.06.2025 को अटल आवासीय विद्यालय के बच्चो द्वारा रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया गया जिसके मुख्य अतिथि उपश्रमायुक्त अनुभव वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया रैली में बच्चो ने बचपन बचाओ ,शिक्षा दिलाओ पढ़ेगा भारत तभी तो बढ़ेगा भारत हमारे गांव में श्रमिक बच्चे नही है।

स्कूल वापसी ,नया जीवन स्कूल से होते हुए सिसवा ग्राम पंचायत के आस- पास होते हुए पुनः स्कूल में वापसी हुई एवम बैनर और पैंपलेट के माध्यम से गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया,जहा लोगो को जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबर पुलिस सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 102, 108 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व 1090 महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया गया बालिकाओं द्वारा नारे के तहत मिशन शक्ति का संदेश पहुँचाया गया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश पम्पलेट व वैनर के माध्यम से जागरूक किया गया । बच्चो के द्वारा नुक्कड़ नाटक कविता गीत के माध्यम से बाल श्रम के बारे में कार्यक्रम किये गए इस अवसर पर सहायक उपश्रमायुक्त मोहम्मद अब्बास श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप मंडलीय रिसोर्स पर्सन डॉ. अनिल कुमार द्विवेदी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन आशीष मिश्र अपराजिता सामाजिक समिति से जिला समन्वयक अत्रेय त्रिपाठी प्रधानाचार्य डॉ. शशि प्रभा दुबे रतनलाल सोनकर प्रशासनिक अधिकारी कोतवाली मनकापुर से उपनिरीक्षक अजीत कुमार मौर्य टीम के साथ विद्यालय के शिक्षक व बच्चे आदि लोग मौजूद रहे।रोडवेज बस स्टेशन पर हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें सुपरवाइजर माखनलाल तिवारी केस वर्कर मुकेश भारद्वाज व रमाकांत वर्मा खंड समन्वयक अपराजिता सामाजिक समिति गीता जयसवाल खंड समन्वयक अपराजिता सामाजिक समित यात्रीगण मौजूद रहे।

# पुरैना मोड़ पर दो बाइक की टक्कर, एक गंभीर रूप से घायल

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

थाना बिशेश्वरगंज क्षेत्र के गोंडा-बहराइच हाईवे पर स्थित पुरैना मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे का गवाह बना। तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं दूसरा बाइक सवार मामूली रूप से चोटिल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुल्ताना निवासी राजकुमार पुत्र राम सहाय अपनी सफेद रंग की अपाची बाइक यूपी 40 बीएच 0510 से गोंडा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाराबंकी जनपद के लक्ष्मणपुरी कॉलोनी निवासी आनंद शुक्ला पुत्र ओम बाबू की पल्सर बाइक यूपी 41 एम 9973 से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची विशेश्वरगंज पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद पल्सर सवार की हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि घायल युवक आनंद शुक्ला किसी कार्यवश विशेश्वरगंज आया था। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोग इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की समस्या को लेकर लंबे समय से चिंता जता रहे हैं, हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## उम्मीद के भरोसे मिलेगा परिवार नियोजन को बढ़ावा

# नानपारा सीएचसी में उम्मीद काउंसलिंग कार्नर शुरू

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में उम्मीद काउंसलिंग कॉर्नर की शुरुआत की गई है। यह पहल मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित उम्मीद परियोजना के तहत क्रियान्वित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम ने बताया कि इस कॉर्नर के माध्यम से दंपतियों को आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार सही विकल्प चुन सकें। काउंसलिंग के लिए प्रशिक्षित स्टाफ नर्सों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे सेवाएं सतत और गुणवत्तापूर्ण रहें। यह पहल दो गर्भधारण के बीच तीन साल का अंतर सुनिश्चित करने में सहायक होगी, जो मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में अहम है। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कंसल्टेंट रामबरन यादव ने बताया कि उम्मीद परियोजना प्रदेश के सात जिलों में संचालित हो रही है।

जिसके अंतर्गत आशा व एएनएम का क्षमता विकास किया जा रहा है ताकि वे परिवार नियोजन पर सामुदायिक जागरूकता बढ़ा सकें। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारुल यादव ने कहा ,प्रसव के बाद परिवार नियोजन न केवल माताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा करता है, बल्कि यह वह महत्वपूर्ण समय होता है जब महिलाएं व उनके परिवार अगली गर्भावस्था के लिए तैयार होने से पहले अपने स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक परिस्थितियों पर विचार कर सकते हैं। अगर इस समय दंपतियों को सही मार्गदर्शन और परिवार नियोजन के साधन मिलें, तो वे सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु के लिए बेहतर निर्णय ले सकते हैं। उम्मीद काउंसलिंग कॉर्नर इस दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स शीबा रिज़वी, नमिता पाल, चीफ फार्मासिस्ट विश्वास रंजन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से डॉ. सफिया जमीर उपस्थित रहीं।

# बाइक सवार तीन बदमाशों ने छीना रुपयों से भरा बैग

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक व्यापारी से लूट की घटना सामने आई है। भूपगंज बाजार निवासी जितेंद्र अग्रवाल श्रावस्ती के गिलौला से चीनी बेचकर लौट रहे थे। वह अपने नौकर अंकित के साथ बाइक पर सवार थे। पयागपुर इलाके में पहुंचते ही तीन बाइक सवार लुटेरों में उन्हें रोका। बदमाशों ने व्यापारी की आंख में मिर्च झोंककर मारपीट की और रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। व्यापारी में तुरंत परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पयागपुर थाना प्रभारी क्षेत्राधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि लुटेरों की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। लूट की राशि को लेकर विरोधाभास सामने आया है। जहां व्यापारी ने 10 लाख रुपए की लूट की बात कही है। वहीं थाना प्रभारी के अनुसार ढाई लाख रुपये लूटे गए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

# डीएम ने जागरूकता रैली को किया रवाना



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया तथा बालश्रम के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान में भी सहभागिता की गई।

इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी बहराइच सूरज तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव, एनजीओ प्रथम संस्था, एनजीओ देहात इंडिया, ए.एच.टी.यू आदि लोगो द्वारा प्रतिभागिता की गई। बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों अथवा किशोरों से काम न लें बल्कि उन्हें स्कूल भेजने में मदद कर एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। डीएम ने बताया कि खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या 50000/रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्राविधान है, तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अन्तर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या 10000/रूपए तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि कोई माता पिता भी अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। डीएम मोनिका रानी ने श्रम विभाग तथा उससे जुड़े हुए स्वयंसेवी संगठनों से अपेक्षा की है कि जन जागरूकता अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को बालश्रम निषेध के प्रति जागरूक करें।



# दवाओं से जीएसटी हटाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले में उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल रिप्रेजेंटिव एसोसिएशन ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने जीवन रक्षक उपकरणों और दवाओ पर लगने वालीं जीएसटी को हटाने की मांग की। वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि दवाओं की कीमतो में लगातार जीएसटी बढ़ोतरी हो रही है। इस पर जीएसटी लगने से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों पर इलाज का बोझ बढ गया है। उन्होंने चिकित्सा उपकरण और दवाओं पर लगने वाले टैक्स को माफ करने की मांग की। इससे लोगों को सस्ता इलाज मिल सकेगा। प्रदर्शन में सचिव अक्षय मिश्रा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, मेराज अहमद, राम जी पाठक, अविनाश त्रिपाठी, तैय्यब अली और अंशुमान सहित समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भेड़िया दिखने की सूचना पर ग्रामीणों में दहशत

- वन विभाग कर रहा है वायरल विडियो की जांच

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िये की दहशत लगातार जारी है। बुधवार सुबह कोतवाली देहात के हेमरिया गांव में दो भेड़िये देखे जाने का दावा किया गया।

ग्रामीणों ने खेतों में घूम रहे तथाकथित भेड़ियों का वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भेड़िया देखे जाने की सूचना के बाद से ग्रामीणों में दहशत है और वे हाथों में डंडा लेकर रखवाली कर रहे हैं।कोतवाली देहात के हेमरिया निवासी शिवगोपाल व लवकुश ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग छह बजे वो दोनों खेत में लगी धान की नर्सरी देखने गए थे। इस दौरान खेतों में दो भेड़ियों को जाते दिखे। ग्रामीणों ने बताया कि भेड़िया देख वे दोनों सहम गए और भेड़ियों का फोटो व वीडियो बनाया। साथ ही तत्काल इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों को दी। सूचना पर लाठी-डंडा लेकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खेतों में भेड़िये की तलाश की। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास भेड़िया दिखने के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्राम प्रधान राम छबीले यादव ने बताया कि ग्रामीणों को सजग रहने को कहा गया है। साथ ही भेड़िया दिखने की सूचना वन विभाग को दी है, लेकिन घंटों बीतने के बाद भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। रेंजर मोहम्मद शाकिब ने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी मिली है। वीडियो की जांच की जा रही है, लेकिन वीडियो दूर से बनाए जाने से स्पष्ट नहीं है। मौके पर वन टीम लगाकर खोजबीन करवाई जा रही है।

# गाजी की दरगाह का कराया जाए एएसआई सर्वे: आनंद गोंड

- ऋषि बालार्क की मूर्ति लगाई जानी चाहिए
- सूर्यकुंड का होना चाहिए पुनरोद्धार

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह का सांसद ने एएसआई सर्वे कराने की मांग की है। साथ ही दरगाह के सूर्य कुंड का जीर्णोद्धार व वहां पर भगवान सूर्य देव की मूर्ति स्थापित कराने को कहा है।

सांसद आनंद गोंड ने कहा है कि जहां पर दरगाह बना है, वह महाराजा सुहेलदेव के गुरु महर्षि बालार्क ऋषि का आश्रम है। वहां बना सूर्य कुंड जहां चर्म रोगी स्नान कर लाभ प्राप्त करते थे और आज भी लाभ प्राप्त करते हैं। उसका पुनर्निर्माण व जीर्णोद्धार होना चाहिए। साथ ही वहां महर्षि बालार्क व सूर्य भगवान की एक भव्य प्रतिमा भी स्थापित होनी चाहिए। ताकि महर्षि बालार्क की गौरव गाथा को आम जन तक पहुंचाया जा सके।

# डीएम-एसपी के हाथों सम्मानित हुए मेधावी छात्र-छात्राएं

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित समारोह में केन्द्र व राज्य स्तरीय बोर्ड की परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित अलंकरण समारोह में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरान्त माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित परिषदीय परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 10 तथा इण्टरमीडिएट के 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, मेडल, टैबलेट तथा रू. 21-21 हज़ार की धनराशि के डमी चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 12 हेतु राज्य स्तर पर चयनित सेंटपीटर इ.का. नानपारा के मेधावी छात्र नैतिक श्रीवास्तव को राज्य स्तर पर प्रशस्ति-पत्र, मेडल, टैबलेट तथा रू. 01 लाख की धनराशि का डमी चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। अलंकरण समारोह में कक्षा 10 हेतु बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. की मानसी मौर्या व आस्था सिंह, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की सलोनी यादव, पूर्वी सिंह, अमन तिवारी व नमिता विश्वकर्मा, सीमान्त इ.का. रूपईडीहा के सूरज कुमार वर्मा, सिटी माण्टेसरी इ.का. बहराइच की श्यामला यादव, सरदार पटेल इ.का. कैसरगंज के आशू सिंह, हरिद्वार प्रसाद इ.का. इन्टहा के आदित्य शुक्ला तथा कक्षा 12 हेतु रामलली इ.का. सिसई हैदर के मो. ताहिर, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की रिषिता, अर्पिता व राज लक्ष्मी यादव, राम प्यारे शिव शंकर इ.का. शिवपुर की अर्चिता वर्मा, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के दिव्यांश पाठक व प्रतिभा, श्यामलाल इ.का. पहाड़ा पक्कड कल्पीपारा के विशाल कुमार वर्मा, सर्वोदय इ.का. मिहींपुरवा के जितेन्द्र कुमार, सिटी माण्टेसरी इ.का. बहराइच की सुहानी सिंह, कैम्ब्रिज इ.का. खसहा मोहम्मदपुर के अभिषेक यादव, राजकीय इ.का. लखैय्याकला के रूपेश गुप्ता को सम्मानित किया गया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है हॉकी एसोसिएशन गोंडा मोहल्ला राधा कुंड निकट देहात कोतवाली परगना तहसील व जिला गोंडा उत्तर प्रदेश 271 001 में दिनांक 3/ 4/ 2024 को बैठक आहूत की गई पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 21 सन 1860 के अंतर्गत कराए जाने हेतु श्रीमती अजीज फातिमा पत्नी लाइक आलम निवासी 385 राधा कुंड शहर गोंडा निकट देहात कोतवाली परगना तहसील व जिला गोंडा में फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स 145 अयोध्या मंडल अयोध्या को आवेदन किया है जिस पर उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की है उपस्थित सदस्यों की सूची इस प्रकार है।

यदि किसी को आपत्ति हो तो वह 15 दिनों के अंदर डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स 145 रीड गंज अयोध्या को आपत्ति निम्न पते पर प्रस्तुत करें।

| नाम | पदनाम |
|---|---|
| (1) श्री अमर किशोर - | अध्यक्ष |
| (2) श्री मतलूब हुसैन - | वरिष्ठ उपाध्यक्ष |
| (3) काजी हाशिम रसूल - | उपाध्यक्ष |
| (4) श्री खलील अहमद- | उपाध्यक्ष |
| (5) श्री राजन श्रीवास्तव - | उपाध्यक्ष |
| (6) श्री चंद्रशेखर - | उपाध्यक्ष |
| (7) श्रीमती अजीज फातिमा - | सचिव |
| (8) श्री सुम्बुल फातमा - | उपसचिव |
| (9) श्री अरमान अली - | कोषाध्यक्ष |
| (10) श्री अमित कुमार गर्ग- | सदस्य |

लक्ष्मीकांत डिप्टी रजिस्टार फार्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स 145 रीड गंज अयोध्या मंडल अयोध्या

**श्रीमती अजीज फातिमा**
**पत्नी लईक आलम निवासी 385 राधा कुंड शहर गोंडा निकट देहात कोतवाली परगना तहसील व जिला-गोंडा।**

# तुम क्या जानो सिंदूर की कीमत सांसद बाबू: मंत्री






**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

> कैबिनेट मंत्री दिनेश सिंह ने मोदी सरकार के 11 साल पर विपक्ष को घेरा

जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उसे ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा था, वो अब जमीन पर उतरता नजर आ रहा है। उन्होंने 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' कार्यक्रम के तहत सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का दावा किया।

**सांसद की मां के माथे पर सिंदूर नहीं देखा..** कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों को भारतीय संस्कृति से कटे हुए बताया। उन्होंने कहा– चुटकी भर सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो सांसद बाबू... मैंने तुम्हारी मां के माथे पर कभी सिंदूर नहीं देखा। मंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन्हें भारतीय परंपरा और आस्था से कोई वास्ता नहीं, वही लोग 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली की सांसद और उनकी पार्टी को सिंदूर का महत्व नहीं पता, इसलिए वे भारतीय परंपराओं का मजाक उड़ाते हैं।

## मोदी युग की 11 बड़ी बातें

- **सेना से स्पेस तक दमदार पहचान–** सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की वैश्विक सैन्य छवि को मजबूत किया। INS विक्रांत, ब्रह्मोस और तेजस जैसे स्वदेशी हथियारों ने आत्मनिर्भर भारत को नई उड़ान दी।
- **स्पेस में छलांग–** चंद्रयान-3 की सफलता और गगनयान की तैयारी ने भारत को अंतरिक्ष महाशक्ति बनाया।
- **हर भारतीय सुरक्षित–** ऑपरेशन गंगा, देवी शक्ति और वंदे भारत मिशन ने विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित घर लाकर सरकार की प्रतिबद्धता साबित की।
- **आर्थिक ग्रोथ की रफ्तार–** UPI से रु. 24 लाख करोड़ का लेन-देन, 825 अरब डॉलर का निर्यात और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भारत अग्रसर।
- **डिजिटल इंडिया का प्रभाव–** सस्ता डेटा, 97 करोड़ इंटरनेट यूजर्स और डिजीलॉकर-कोविन जैसे प्लेटफॉर्म ने ई-गवर्नेंस को सरल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया।
- **गरीबों के लिए सीधा लाभ–** DBT के जरिए रु. 44 लाख करोड़ गरीबों के खातों में पहुंचे — जनधन से जुड़ी 55 करोड़ जनता को मिला फायदा।
- **व्यापार में सरलता–** ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत की छलांग, MSME को राहत और टैक्स स्लैब में छूट से मिडिल क्लास को राहत।
- **संस्कृति का उत्थान–** राम मंदिर, काशी कॉरिडोर और महाकाल प्रोजेक्ट ने भारत की आध्यात्मिक विरासत को नया जीवन दिया।
- **महिला सशक्तिकरण–** संसद में 33% आरक्षण, तीन तलाक पर कानून और LOC पर महिला अफसरों की तैनाती — नारीशक्ति को मिली नई पहचान।
- **युवाओं को नए मौके–** नई शिक्षा नीति, 1.6 लाख स्टार्टअप और 1.6 करोड़ स्किल्ड युवा — डिग्री से आगे बढ़कर अब नौकरीदाता बन रहे युवा।
- **स्वास्थ्य में क्रांति–** आयुष्मान भारत योजना से 40 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त इलाज, ई-संजीवनी से 37 करोड़ टेली-कंसल्टेशन — हेल्थ सेक्टर में अभूतपूर्व सुधार।

## सीएचसी में जन औषधि केंद्र अगले सप्ताह से होगा शुरू

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को अब सस्ती दरों पर दवाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र खोलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह केंद्र अगले सप्ताह से संचालन में आ जाएगा। जन औषधि केंद्र उस पुराने कमरे में खोला जा रहा है जहां पहले आयुष्मान केंद्र संचालित होता था। यह स्थान अस्पताल की औषधि भंडार के ठीक बगल में स्थित है। आयुष्मान केंद्र को अब अस्पताल परिसर में बनी नई बिल्डिंग के एक कमरे में स्थानांतरित किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि केंद्र के लिए आवश्यक दवाएं और अन्य सामग्री आ चुकी हैं। अगले सप्ताह तक काउंटर खोल दिया जाएगा और जन औषधि योजना के तहत मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं किफायती दामों पर मिलने लगेंगी।

## खबरें एक नजर में

### महिला ने थानाध्यक्ष से लगाई न्याय की गुहार

**चन्दापुर, रायबरेली।** जमीन पर कर रहे कब्जा मना करने पर लड़ाई झगडे पर उतारू होते हैं विपक्षी महिला ने आरोप लगाया। लीलावती पत्नी बाबू निवासी नया पुरवा मंज़रे चन्दापुर ने चन्दापुर थानाध्यक्ष को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षीगण राम जियावनपुत्र निबंर किशुन पुत्र रामजियावन मिथलेश पत्नी किशुन लज्जा पत्नी सज्जन निवासी ग्राम नया पुरवा मजरे व थाना चन्दापुर ने तहरीर मे बताया कि प्रार्थिनी की जमीन 40 साल पहले बंट चुकी थी जो की अब समस्त विपक्षीगण हमारे साथ मारपीट करते। रोकने पर पूरे परिवार के साथ हम पर हमला करते हैं।हमारा घर का सामान भी तोड़ फोड़ दिया है। चूल्हा बर्तन भी तोड़ दिया हमारे पास उसकी वीडियो भी जिसमें मारपीट व तोड़फोड़ की है। प्रार्थिनी ने तहरीर थानाध्यक्ष से मांग करते हुए कहा हमारी जमीन हमें दिलाई जाए विपक्षी जबरजस्ती जमीन पर कब्जा कर रहे मना करने पर सरगंही व दबंगई दिखाते हैं।

### लू से बचाव के लिए सीएचसी में बने कोल्ड वार्ड में लटक रहा ताला

**लालगंज (रायबरेली)।** बढ़ती गर्मी और लू के कहर से बचाव को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आठ बेड का विशेष कोल्ड वार्ड तैयार किया गया है। हालांकि वार्ड तैयार होने के बाद से अब तक किसी भी हीट स्ट्रोक पीड़ित को इसमें भर्ती नहीं किया गया है, जिसके चलते यह वार्ड फिलहाल बंद पड़ा है और उस पर ताला लटका नजर आ रहा है।सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि यह वार्ड जनरल वार्ड के ठीक बगल वाले कमरे में बनाया गया है। इसमें कुल 8 बेड लगाए गए हैं। जिन पर साफ-सुथरे बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। कमरे को ठंडा बनाए रखने के लिए कूलर और पंखे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने पूरी तैयारी कर रखी है ताकि लू से पीड़ित किसी भी मरीज को तुरंत राहत मिल सके।फिलहाल क्षेत्र में हीट स्ट्रोक के कोई गंभीर मामले सामने नहीं आए हैं, इसी कारण कोल्ड वार्ड का उपयोग अभी तक नहीं हो पाया है। अधीक्षक का कहना है कि जरूरत पड़ने पर यह वार्ड तत्काल चालू किया जाएगा।

### ठक्कर बापा कालेज प्रबंधन की बर्खास्तगी के बाद किरायेदारों की मुसीबत बढ़ी

**कालपी (जालौन)।** ठक्कर बापा इण्टर कालेज के प्रबन्धन की बर्खास्तगी के बाद किराएदारों की मुसीबत बढ़ने लगी है। विद्यालय के कार्यकारी प्रबंधक एसडीएम ने सभी दुकानदारों के किराए का मूल्यांकन शुरू कराया है जिससे उन्हें अब बाजार मूल्य पर किराया देना पड़ सकता है। विदित हो कि गत माह शासन ने ठक्कर बापा इण्टर कालेज के प्रबंधन को अनियमता के आरोप में बर्खास्त कर एसडीएम सुशील कुमार सिंह को कार्यकारी प्रबन्धक नियुक्ति कर समिति की जांच भी करने के निर्देश दिए थे इसी के चलते उन्होंने विद्यालय की बागडोर हाथ में लेकर समिति की सम्पत्तियों की जांच शुरू कर दी है और दो दिनों पहले ही उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक की मौजूदगी में समिति द्वारा लीज पर दिए गए प्रेम सरोवर गेस्ट हाउस को भी सीज कर कब्जे में लिया था और अब कार्यकारी प्रबंधक एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक तथा दो लेखपालों को ठक्कर बापा मार्केट की दुकानों के किराए का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए है। विदित हो कि इस मार्केट में लगभग आधा सैकड़ा दुकानें है जिसमें भारत गैस एजेंसी के साथ कई कारोबार संचालित है। अब इनके किराए का निर्धारण बाजार मूल्य पर किया जाना है जिससे संभावना है कि दुकानों के किराए मे भारी इजाफा हो सकता है क्योंकि ज्यादातर दुकानों में पुराने किराएदार है जो न के बराबर किराए का भुगतान करते हैं। एसडीएम के अनुसार किराए का बाजार मूल्य कर किराया निर्धारित होने से समिति की आमदनी बढ़ जाएगी।

### विवाहिता का शव मिला, उत्तराखंड में पति ने दी पुलिस को तहरीर

**जालौन (उरई)।** बुधवार को विवाहित महिला का शव उत्तराखंड में मिला था। मृतका के पति ने मामले को लेकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ऋषि तिवारी निवासी ग्राम डाकोर थाना डकोर ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पुष्पा पिछले काफी दिनों से परेशान थी। उसकी परेशानी का कारण जब उसने पूछा तो उसने बताया कि डकोर गांव का ही अभिषेक श्रीवास्तव उसे परेशान कर रहा था और उसे उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। इस बारे में जब उसने अभिषेक से बात की तो वह धमकाने लगा। अधिक परेशान करने पर वह पत्नी को 25 मई को जालौन में अपने बड़े ससुर के यहां छोड़ आया था। लेकिन दो दिन बाद ही वह अपने साथ चार लाख रुपये नकद व जेवर लेकर घर से ससुराल जाने की बात कहकर निकल गई थी। जब वह डकोर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। अभिषेक के यहां पता करने पर वह भी गायब था। इसके बाद बीती सात जून की मध्यरात्रि में पत्नी का फोन आया जिसमे उसने बताया कि आज उसका आखिरी दिन है अभिषेक उसकी हत्या कर सकता है। उसने काफी पूछा कि वह कहां है लेकिन उसने नहीं बताया। इसके बाद नौ जून को उत्तराखंड पुलिस का उसके पास फोन आया, जिसमे पत्नी की हत्या की बात पता चली। पीड़ित पति ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामले को लेकर कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## गांजा व अवैध असलहे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**रायबरेली।** पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके कब्ज़े से 13 किलो गांजा व दो अवैध असलहे बरामद किया है। गांजा तस्कर फतेहपुर ज़िले के रहने वाले बताये जा रहे हैं। एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह के मुताबिक गदागंज थाने की पुलिस रूटीन चेकिंग कर रही थी तभी एक संदिग्ध इस्कार्पियो को रोकने पर उसने गाड़ी की गति बढ़ा दी थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए गाड़ी को रोका तो उसमें दो अवैध असलहे और 13 किलो गांजा मौजूद था। पुलिस ने गाड़ी में से चार लोगों को पकड़ा जिनमें तीन लोग फतेहपुर ज़िले के गांजा तस्कर थे जबकि चौथा मुकेश कुमार गदागंज थाना इलाके का ही रहने वाला है और तस्करी कर लाये गए गांजे को खरीदकर उसे सप्लाई करता है। पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व चेक देकर किया गया सम्मानित

> विधायक व डीएम ने मेधावी छात्र/छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मेधावी छात्र/छात्राओं को टैबलेट एवं चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया, जिसमें माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट एवं चेक वितरित कर सम्मानित किया गया, इसी क्रम में जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जनपद के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व रुपए 21 हजार के डमी चेक वितरित किये गये, धनराशि छात्र/छात्राओं के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। जनपद में आयोजित कार्यक्रम में, लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 के जनपद के 10-10 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, टैबलेट व डमी चेक देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जनपद के लिए भी गर्व की बात है।

## ससुरालीजनों पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

ससुराली जनों द्वारा दहेज की मांग एवं मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर मजरे घुरवारा का है यहां की रहने वाली महिला अनीता पत्नी राम सजीवन पुत्री रामदास ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ यशवीर सिंह को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसका विवाह 7 जून 2023 को ग्राम पुर नाई पौडेपुर हरचंदपुर रायबरेली निवासी रामसजीवन के साथ हुआ था विवाह में उसकी माता एवं भाई ने दहेज के रूप में मोटरसाइकिल फ्रिज टीवी सिलाई मशीन कूलर बेड आदि सहित अन्य सामान दिया था तथा पति को सोने की चेन अंगूठी व घड़ी दी गई थी एवं बरीक्षा व तिलक में दो लाख नगद सहित विवाह में लगभग 7 लाख का खर्च किया गया था किंतु ससुराली जन विवाह में मिले दहेज से खुश नहीं थे विदाई के समय ससुरालीजनों द्वारा चार पहिया गाड़ी एवं 5 लाख नगद की मांग करने लगे और विदाई करने से मना कर दिया। नाते रिश्तेदारों के समझाने पर विदाई कराई गई एक महीना सब कुछ ठीक रहने के बाद में फिर दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे और खाना पानी देना बंद कर दिया। ससुराली जनों द्वारा उसे भद्दी-भद्दी गलियां और जान से मारने की धमकी देने लगे। बीते 2 जून को सुबह समय लगभग 9:00 बजे पति द्वारा फिर से दहेज की मांग की गई पिता ने दहेज की मांग पूरा करने से मना कर दिया जिस पर ससुराली जनों ने जमीन पर गिरा कर लात घूसो थप्पड़ों से जमकर मारना पीटना शुरू कर दिया और कहा कि इसको आज जान से मार डालो पीड़िता की चीख पुकार सुनकर इसी गांव में ब्याही पीड़िता की बहन संगीता ने बीच बचाव का प्रयास किया जिसमें उसकी बहन को भी चोटे आई थी मारपीट में पीड़िता को गंभीर चोटे आई थी जिससे वह ठीक से चल फिर नहीं पा रही है ससुराली जनों द्वारा धमकी दी गई की दोबारा इस घर में कदम तभी रखना जब दहेज लेकर आना। पिता ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बेटी के पति सास ससुर जेठ जेठानी एवं ननंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देश पर कोतवाली डलमऊ में आरोपी ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## आए दिन विद्युत व्यवस्था हो रही है खराब, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जैसे जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है वैसे ही उतरौला ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था चरमराती जा रही है। पूरी रात हर 10 मिनट बाद ट्रिप होना ही है। जिम्मेदार अधिकारी बात करने पर ओवर लोड की बात करते हैं जबकि यही समस्या पहले भी होती थी जब पांच सौ किलोमीटर लंबी लाइन महुआ फीडर की थी किंतु आज और नए फीडर बन जाने से कई फीडर से बिजली वितरित की जाती हैं किंतु समस्या दूर होने के बजाय और बढ़ गई है। बीसों हजार की आबादी इस विभाग के कृत्य से असंतुष्ट है हर कोई बिजली व्यवस्था से त्रस्त हो चुका है। पुरैना बुलंद, चिरकुटिहा, बढ़या, हसीनपारा, छीतर पारा, अर्जुन देवरिया, मंसूर जोत, पिपरा राम, के उपभोक्ताओं में बिजली विभाग की हठधर्मिता और इसके लचर व्यवस्था से लोगों ने काफी रोष व्याप्त है। राम मूरत भारती, धनराज भारती, कौशल कुमार, केके गुप्ता, बब्बू, दुर्गा प्रसाद यादव, राधे श्याम यादव, भगवत प्रसाद मिश्रा, वेद व्रत मिश्रा, देवेन्द्र कुमार ने बताया कि यदि महुआ फीडर की स्थिति यही रही तो हम लोग चक्का जाम करने पर विवश होंगे। भाजपा बूथ अध्यक्ष राधे श्याम न कहा जबसे भाजपा सरकार आई है तबसे काफी सुधार हुआ है किंतु कुछ लापरवाह और सरकार विरोधी मानसिकता वाले लोगों की वजह से दिक्कत दूर नहीं हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने सासन प्रशासन से आपूर्ती निर्वाद रूप से दिए जाने की मांग की है।

## तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन शीघ्र होगा संचालित

**बलरामपुर।** जनपद में यात्रियों की सुविधा में इजाफा होगा , जनपद के तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन के निर्माण हेतु शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग की 2 हे. भूमि उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के पक्ष में प्रदान किए जाने की सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। बताते चले कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में लगने वाले चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन एवं स्थानीय लोगों की सुविधा के दृष्टिगत बस स्टेशन की आवश्यकता देखते हुए तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन के निर्माण हेतु निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिया गया था।

> शासन द्वारा तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन हेतु 2 हे. भूमि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर प्रदान की गई सैद्धांतिक अनुमोदन

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा भूमि उपलब्ध कराए जाने हेतु शासन में पत्राचार किया गया। डीएम द्वारा द्वारा किए गए पत्राचार के क्रम में शासन द्वारा तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग की कुल 02 हे0 भूमि की लागत रु0 2600.00 लाख एवं उक्त भूमि पर 11 नग भवन एवं 01 नाग बाउंड्रीवाल लागत रु0 12.20 लाख , कुल लगात रु0 2612.20 लाख को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के पक्ष में हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया। शीघ्र ही तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन संचालित होगा एवं यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

## महिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र का सदर विधायक ने किया शुभारंभ

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय उरई जालौन में जन मानस को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जालौन, मुख्य चिकित्साअधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय उरई पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदीश तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहें। विधायक गौरीशंकर वर्मा द्वारा उपस्थित जन मानस को सम्बोधित किया एवं अपील किया प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र से आवश्यकता अनुसार सस्ती दवाएं कय करें एवं योजना का लाभ उठायें।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर डीएम एवं एसपी ने बाल श्रम निषेध जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर जनपद में श्रम विभाग एवं गैर सरकारी संगठन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बाल श्रम निषेध जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ द्वारा विभिन्न स्थलों, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजार विकासखंड आदि पर भ्रमण कर प्रचार प्रसार किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम विभाग के साथ गैर सरकारी संगठन प्रोग्राम लीड, रोज संस्थान द्वारा बचपन बचाओ शिक्षा दिलाओ, पढ़ेगा भारत तभी तो बढ़ेगा भारत, हमारे गांव में श्रमिक बच्चे नहीं एवं स्कूल वापसी नया जीवन पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकास भवन परिसर में गोष्ठी का आयोजन हुआ गोष्ठी में जनमानस को बाल श्रम अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी सहायक श्रम आयुक्त द्वारा दी गई।

## दहेज की मांग पूरी न हुई तो ससुरालियों ने विवाहिता को पुत्री सहित घर से निकाला

> पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज की एफआईआर

**जालौन (उरई)।** अतिरिक्त दहेज में 20 लाख रुपए व प्लाट न खरीदने पर ससुरालियों ने विवाहिता व पुत्री को मार पीटकर घर से निकाला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा करौदी निवासी मेधा शर्मा पत्नी स्व अनुज शर्मा पुत्री उमाशंकर शर्मा ने बताया कि उनका विवाह 28 नवंबर 2021 को अनुज निवासी सराय बाजार कस्वा थाना अछल्दा जनपद औरैया के साथ हुआ था। विवाह में उनके पिता ने अपनी हैसियत से दान दहेज देकर विदा किया था। पिता द्वारा दिये गये दान दहेज से सास शीला देवी, देवर आलोक व ममिया ससुर हरिनारायण संतुष्ट नहीं थे। वह लोग अतिरिक्त दहेज के रुप में 20 लाख रुपए व एक प्लाट की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित कर घर से निकालने की धमकी देने लगे ।उनके पति की 12 मार्च 2025 को मौत हो गयी । पति की मौत के बाद 15 मई 2025 को ससुरालवालों ने उनके आभूषण व पति का मोबाइल भी रख लिया है जिसकी कीमत लगभग 5 लाख की है। सब कुछ छीनने के बाद ढाई वर्षीय बेटी के उसे पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया ।इसके बाद वह अपने पिता के घर पर रह रही थी। पीड़िता का आरोप है कि उनकी सास, देवर व ममिया ससुर 5 मई को उनके पिता के घर आये तथा अतिरिक्त दहेज में 20 लाख रुपए देने व पति अनुज द्वारा खरीदे गये प्लाट को देवर आलोक के नाम करने को कहने पर ही उसे व पुत्री को घर पर रखने की बात करने लगी। जब पीड़िता ने ऐसा करने से मना किया तो इन लोगों ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में आने वाले मेधावियों को विधायक तुलसीपुर एवं डीएम ने किया सम्मानित

> मेधावी छात्र-छात्राओं ने सुना मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद
> मेधावियों को विधायक एवं डीएम ने सौंपा 21 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं टैबलेट

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ में केंद्र एवं राज्य बोर्ड में मेरिट में आने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर जनपद में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं डीएम पवन अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री जी का वर्चुअल संबोधन सुना। कार्यक्रम में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा हाई स्कूल की मेरिट में आने वाले छात्र प्रीति सिंह कन्या इंटर कॉलेज, विश्वास पटेल सदगुरु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, अरशद वारसी खान, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज गैंसडी, अनामिका मिश्रा बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, मनोज कुमार मौर्य ,राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंश दुबे स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेजउतरौला, महिमा गुप्ता स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला, गिरजेंद्र पटेल बलरामपुर सिटी मोंटसरी इंटर कॉलेज, अमरनाथ शुक्ला बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटरकॉलेज, युवराज सिंह यादव गवर्नमेंट इंटर कॉलेज गैंसडी, कोमल एसवीबीपी जीआईसी , अनामिका कसौधन बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज तथा इंटरमीडिएट के मेरिट में आने वाले छात्र छात्राएं दिव्यांश तिवारी एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज कॉलेज, जैनब खान बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, साक्षी पांडे बीपीएसआईसी रेहरा बाजार , आदर्श उपाध्याय सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज, शिवांगी कौशल, एसएस चौधरी इंटर कॉलेज, प्रिंसी उपाध्याय बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, अमरजीत मिश्रा, एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज, लकी दूबे सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज, फातिमा जामिया बतूलउलूम इंटर कॉलेज, अंकित कुमार कसौधन बी आर कन्या इंटर कॉलेज, हर्ष पांडे ईसावस्यम इंटर कॉलेज को 21 हजार की प्रोत्साहनराशि, टैबलेट , मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सूचितापूर्ण , नकलविहीन परीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा जो दो महीने चलती थीं उसे मात्र 12 से 13 दिनों में कराकर छात्रों के हित में कार्य किया गया हैं। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल में कहा कि सभी मेधावी छात्र भविष्य में भी ऐसे मेहनत करे एवं जो ठाने उसे पूरा करें। उन्होंने कहा कि सभी छात्र स्वयं के प्रतिस्पर्धा करें एवं हमेशा बेहतर करने का प्रयास करें। इस अवसर पर डीआईओइस मृदुला आनंद, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोज तिवारी, डीपी सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



## गर्मी से मुकाबला

ऐसे वक्त में जब भारत के अनेक हिस्सों में तेज गर्मी से पारा उछल रहा है, तपिश से बचने के लिये बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि स्वाभाविक बात है। आम आदमी से लेकर खास आदमी तक गर्मी की तपिश से बचने के लिये कूलर से लेकर एसी तक का भरपूर इस्तेमाल करता है। हाल के दिनों में घरों, कार्यालयों, होटलों व मॉल तक में एसी का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है। जिसके चलते गर्मियों के पीक सीजन में बिजली की खपत चरम पर पहुंच जाती है। ऐसे वक्त में केंद्र सरकार ने एयर कंडीशनर यानी एसी की पहचान बिजली की बढ़ती खपत के लिये जिम्मेदार खलनायक के रूप में की है। केंद्र सरकार योजना बना रही है कि घरों, होटलों व कार्यालयों में बीस डिग्री से अट्ठाइस डिग्री सेल्सियस के बीच इस्तेमाल होने वाले इस उपकरण की कूलिंग रेंज को मानकीकृत किया जाए। नए दिशा-निर्देश लागू होने के बाद एसी निर्माताओं को बीस डिग्री से कम तापमान पर कूलिंग प्रदान करने वाले एसी बनाने से रोक दिया जाएगा। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर के अनुसार केंद्र सरकार की यह पहल बिजली बचाने और भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस बात में दो राय नहीं कि गर्मियों की तपिश से बचने के लिये लोग अपने एसी को बहुत कम तापमान पर चलाते हैं। इस प्रवृत्ति का बिजली ग्रिड पर दबाव बहुत अधिक बढ़ जाता है। निश्चित रूप से इसके चलते बिजली कटौती की संभावना भी बहुत अधिक बढ़ जाती है। लेकिन इस संकट का अकेला मुख्य समाधान एसी को बेहद कम तापमान पर चलाया जाना ही नहीं है। इसके अलावा अन्य कारक भी हैं। यह भी एक हकीकत है कि सरकारी व निजी कार्यालयों में एसी का उपयोग काफी लंबे समय तक अंधाधुंध ढंग से किया जाता है। यहां इसके उपयोग में किफायत बरतने की दिशा में भी कदम उठाने की जरूरत है। निस्संदेह, ऊर्जा मंत्रालय का ऊर्जा नियामक ब्यूरो, बिजली खपत कम करने वाले उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देता है। लेकिन जब गर्मी रिकॉर्ड तोड़ती बढ़ रही है तो तापमान बढ़ने पर बिजली की खपत अनिवार्य रूप से बढ़ने लगती है। लेकिन इसका एकमात्र कारण एसी का बढ़ता उपयोग ही नहीं है। हमें खुद से सवाल पूछने की जरूरत है कि हमारे शहर इतने गर्म क्यों हो रहे हैं? हम इस बढ़ते तापमान से नागरिकों को राहत क्यों नहीं दे पा रहे हैं। अंधाधुंध-अवैज्ञानिक तरीके से हो रहे निर्माण कार्य भी इसमें कम दोषी नहीं हैं। हमने चारों तरफ कंक्रीट के जंगल तो बना दिए लेकिन शहरों में हरियाली का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। जिससे हवा का प्राकृतिक प्रवाह भी बाधित हो रहा है। विकास के नाम पर जो सैकड़ों वर्ष पुराने पेड़ काटे जाते हैं, उसकी क्षतिपूर्ति नये पेड़ लगाकर नहीं की जाती है। हम घरों को प्राकृतिक रूप से ठंडा बनाये रखने वाली भवन निर्माण तकनीक नहीं अपना रहे हैं। यदि उष्मारोधी भवन निर्माण सामग्री को बढ़ावा दिया जाए तो लोगों को कम बिजली खपत से भी राहत मिल सकती है। हमारी जीवनशैली बिजली की खपत को लगातार बढ़ा रही है। यदि हमारे देश में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए तो सड़कों पर निजी वाहनों का उपयोग कम होने से वाहनों के गर्मी बढ़ाने वाले उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। हमें भवन निर्माण में छतों को ठंडा रखने वाली तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसी सामग्री या सिस्टम का उपयोग किया जाना चाहिए जो पारंपरिक छत की तुलना में ताप बढ़ाने वाली सूरज की रोशनी को परावर्तित कर सके। इन उपायों से हम ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करने का प्रयास कर सकते हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ाकर और पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करके हम तापमान को कम करने का प्रयास भी कर सकते हैं। सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी एक बड़े बदलाव की वाहक बन सकती है। स्थानीय निकाय, निजी क्षेत्र की संस्थाएं व गैर सरकारी संगठन निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

# रिश्तों के एटीएम को संभालें, 'यूजर एग्रीमेंट' करने से बचें

प्रियंका सौरभ



पिछली सदी में साइकिल की घंटी, सांझ की चौपाल, या आंगन का पीपल रिश्तों की धड़कन होते थे। किसी के दरवाजे पर दो बार दस्तक हुई तो मतलब साफ था-चाय पकाओ, गपशप होने वाली है। आज दरवाजा कम बजता है, मोबाइल ज्यादा। और मोबाइल भी कई बार हाथ में नहीं, डाइनिंग-टेबल पर पड़ा-पड़ा नोटिफिकेशन बजाता है- पैकेज आउट फॉर डिलीवरी। दिनचर्या इतनी ऐप आधारित हो चुकी है कि रिश्ते भी 'ऑन-डिमांड सर्विस' जैसा अनुभव देने लगे हैं। मां की याद तब आती है जब 'घर का अचार' खत्म हो जाता है। भाई का नाम फोन-बुक में तभी स्क्रॉल होता है जब ट्रैफिक चालान से बचने के लिए किसी कनेक्शन की दरकार होती है। कॉलेज के दोस्त तभी याद करते हैं जब उन्हें किसी रेफरेंस लेटर की जरूरत पड़ती है। 'दिलचस्पी' दिनदहाड़े गायब हो चुकी है और हमने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी नहीं लिखवाई। क्यों? क्योंकि हमारी जरूरतें आराम से पूरी हो रही हैं।

***जरूरत और दिलचस्पी का द्वंद्व :*** जरूरतें बुरी नहीं हैं। पानी, भोजन, सुरक्षा, सहा-ये सब एक बुनियादी सच हैं। समस्या तब शुरू होती है जब रिश्तों की पूरी परिभाषा ही जरूरतों पर टिक जाती है। प्यार, आदर, साझा हंसी, बेवजह के मेसेज-ये सब लग्जरी आइटम माने जाने लगते हैं। नतीजा? संवाद सूखता है, उत्साह मुरझाता है और रिश्ता अपनी ही परछाई ढोता रहता है। 'कैसे हो?' का जवाब कभी ताल्लुक निभाने के लिए था। अब यह कस्टमर केयर का स्क्रिप्टेड सवाल लगने लगा है। जोश, जिज्ञासा और जुड़ाव, एक-एक कर सिकुड़ते हैं। दिलचस्पी 'टॉप-अप' की तरह है। समय-समय पर न हो तो सर्विस बंद। पर हम अकसर इसे भूल जाते हैं और फिर हैरान होते हैं कि नेटवर्क क्यों नहीं आ रहा।

***आधुनिकता के चार कड़वे साइड इफैक्टः-*** 1. डिजिटल पुल और भावनात्मक दूरी : हम कनेक्टेड तो हैं, पर क्लोज नहीं। विडंबना देखिए-वीडियो कॉल करते हुए भी हम आंखों में आंखें नहीं देख पाते, क्योंकि कैमरा स्क्रीन के ठीक बगल में है।

2. समय का निवेश नहीं, आउटसोर्सिंग का चलन : जन्मदिन का केक, सालगिरह का तोहफा, मां के घुटनों की दवाई-सब 'ऐप सेकेंड' में बुक। व्यक्तिगत श्रम की जगह 'प्रोसेस्ड केयर' ने ली। एहसान की जगह 'ट्रैकिंग आईडी'।

3. पर्सनल ब्रांडिंग का दबाव : रिश्ते अब फोटो-फ्रेंडली मूमेंट्स का कोलाज हैं। रियल्टी में खिलखिलाना कम है। सोशल फीड में स्टोरी ज्यादा। हर मुलाकात एक संभावित पोस्ट है। और पोस्ट अगर लाइक्स न बटोर पाए तो दोस्ती में भी कंटेंट वैल्यू कम आंकी जाती है।

4. उपभोक्तावाद का शोर : मार्केटिंग ने हमें सिखाया-संतुष्टि खरीदी जा सकती है। नतीजे में हम रिश्तों से भी रिटर्न-ऑन-इन्वेस्टमेंट चाहने लगे। मैंने दादी को विंटर जैकेट भेजा, बदले में वीडियो कॉल तक नहीं मिला। जैसे स्नेह कोई कैश-बैक स्कीम हो।

***सामाजिक विज्ञान का नजरिया :*** समाजशास्त्री बताते हैं कि औद्योगिक क्रांति से लेकर आईटी क्रांति तक, जैसे-जैसे जॉइंट फैमिली से न्यूक्लियर फैमिली की ओर झुकाव बढ़ा, जिम्मेदारियां तो विभाजित हुईं पर समर्थन-तंत्र भी बिखर गया। अब हर इकाई अपने दम पर दौड़ रही है, इसलिए सर्वाइवल सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया। दिलचस्पी एक नॉन-एसेंशियल अमीनीटी की तरह अंत में जुड़ती है, अगर शक्ति और समय बचा तो।

**समाजशास्त्री बताते हैं कि औद्योगिक क्रांति से लेकर आईटी क्रांति तक, जैसे-जैसे जॉइंट फैमिली से न्यूक्लियर फैमिली की ओर झुकाव बढ़ा, जिम्मेदारियां तो विभाजित हुईं पर समर्थन-तंत्र भी बिखर गया। अब हर इकाई अपने दम पर दौड़ रही है, इसलिए सर्वाइवल सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया। दिलचस्पी एक नॉन-एसेंशियल अमीनीटी की तरह अंत में जुड़ती है, अगर शक्ति और समय बचा तो। इनसान सामाजिक प्राणी है-यह पाठ चौथी कक्षा की किताब में पढ़ाया जाता है, पर समाज की चकाचौंध में अकसर छूट जाता है कि भावनात्मक संबंध ऑक्सीजन की तरह हैं। लगातार फंक्शनल रिश्ते (जहां बस लेन-देन हो) अवसाद, तनाव, और एकाकीपन को बढ़ाते हैं। शेयर मार्केट की भाषा में कहें तो इमोशनल डिविडेंड गिरने लगता है और इनसानी निवेशक धीरे-धीरे हताश हो जाता है। कहावत है- घर वही जहां दिल हो। पर दिल वहीं टिकता है जहां दिलचस्पी हो। जरूरतें पूरी कीजिए, पर उन्हें प्यार का ब्रेक-अप लेटर बनने मत दीजिए। याद रखिए, रिश्तों का असली चार्जर दिलचस्पी ही है, वरना कनेक्शन नो-सर्विस दिखाने लगता है और तब, डेटा पैक बढ़ाकर भी सिग्नल नहीं आएगा।**

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर :** इनसान सामाजिक प्राणी है-यह पाठ चौथी कक्षा की किताब में पढ़ाया जाता है, पर समाज की चकाचौंध में अकसर छूट जाता है कि भावनात्मक संबंध ऑक्सीजन की तरह हैं। लगातार फंक्शनल रिश्ते (जहां बस लेन-देन हो) अवसाद, तनाव, और एकाकीपन को बढ़ाते हैं। शेयर मार्केट की भाषा में कहें तो इमोशनल डिविडेंड गिरने लगता है और इनसानी निवेशक धीरे-धीरे हताश हो जाता है।

***दिलचस्पी बचाने के पांच मंत्रः-*** 1. शारीरिक उपस्थिति का महत्वः महीने में कम से कम एक बार बिना किसी कारण के मिलने जाएँ। डिजिटल मीटिंग काम की है, पर अनप्लग्ड साथ का स्वाद कुछ और होता है।

2. अनुस्मृति के छोटे बीजः पुराने फोटो प्रिंट कर फ्रिज पर लगाएं। हाथ से लिखे नोट्स भेजें। टच का स्पर्श हमेशा स्क्रीन से गहरा होता है।

3. साझा अनुष्ठान बनाएं : चाहे रविवार की दोपहर की खिचड़ी हो या हर पूर्णिमा पर चांद देखना-एक छोटा सा रिवाज रिश्ते का 'रिकरिंग डिपॉजिट' है।

4. डिजिटल डिटॉक्स स्लॉट : परिवार या मित्रों के साथ जब भी हों, फोन 'डिस्टर्ब' मोड में डालें। पांच में से दो मुलाकातें भी यूं हो जाएं तो दिलचस्पी की बैटरी चार्ज रहती है।

5. शब्दों का आदान-प्रदानः 'मुझे तुम पर गर्व है', 'आज तुम्हारी याद आई', 'चलो पुराने गाने सुनते हैं'- ऐसे वाक्य बोनस अंक देते हैं। जरूरी नहीं कि मुद्दा भारी-भरकम हो। भावना हल्की सी हो पर ईमानदार हो।

कल्पना कीजिए, अगर रिश्तों का भी 'यूजर एग्रीमेंट' होता तो कैसा होता- 'मैं, फलां-फलां, यह स्वीकार करता/करती हूं कि मैं केवल अपने लाभ के लिए आपको याद करूंगा/करूंगी। अगर दिलचस्पी घटे तो 'अनसब्स्क्राइब' कर दूंगा/दूंगी और शिकायत करने पर 'कस्टमर सपोर्ट' को ई-मेल करूंगा।' यह सुनने में हास्यास्पद लग सकता है, पर व्यवहार में हम अकसर यही तो करते हैं! गुस्सा आए तो ब्लॉक, हंसी आए तो रिएक्ट, उदासी आए तो म्यूट। मानो इंसान नहीं, नोटिफिकेशन हों-जिन्हें स्लाइड करके साइड में किया जा सकता है।

***निष्कर्ष :*** दिलचस्पी का पुनर्जन्मः- रिश्ते खेत की मिट्टी जैसे हैं। नीम- हफ्ते पानी दो, बीज पनपेंगे। वरना बंजर हो जाएगा। आधुनिकता की रफ्तार हमें मुट्ठी-भर समय भी नहीं छोड़ती, पर उसी मुट्ठी में कुछ बीजों की जरूरत है। जब अगली बार आप किसी प्रियजन का नंबर डायल करें, सोचें-क्या मैं केवल मदद मांगने जा रहा हूं? अगर हां, तो कॉल से पहले एक साधारण-सा मैसेज भी जोड़ दें- तुम्हारी हंसी याद आई। हो सकता है, ऐसे छोटे-से वाक्य से बातचीत का पूरा मौसम बदल जाए।

रिश्तों की दुकान में दिलचस्पी कीमत नहीं, करंसी है। अगर वही खत्म हो जाए, तो सबसे महंगा तोहफा भी खरीदा नहीं जा सकता। इसलिए आज ही थोड़ा निवेश दिलचस्पी में कीजिए। रिटर्न यकीनन इनफ्लेशन-प्रूफ मिलेगा-प्यार, अपनापन, और वह अनकही मुस्कान जो स्क्रीन के इस पार भी महसूस होती है।

कहावत है- घर वही जहां दिल हो। पर दिल वहीं टिकता है जहां दिलचस्पी हो। जरूरतें पूरी कीजिए, पर उन्हें प्यार का ब्रेक-अप लेटर बनने मत दीजिए। याद रखिए, रिश्तों का असली चार्जर दिलचस्पी ही है, वरना कनेक्शन नो-सर्विस दिखाने लगता है और तब, डेटा पैक बढ़ाकर भी सिग्नल नहीं आएगा।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# आतंकवाद और पाकिस्तान - चीन से दो टूक बात करने का समय आ गया

संतोष पाठक

भारत और चीन के रिश्तों के लिहाज से यह सप्ताह बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की बहादुर सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बात करना जरूरी है। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल 59 नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने 33 देशों की यात्रा से वापस लौटने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

भारत के इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश की। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान और आतंकवाद, एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से लेकर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी सहित कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता रहा है। अमेरिका की यात्रा पर गए बिलावल भुट्टो जरदारी का एक और बयान काफी चर्चा में है जिसमें आतंकवाद का ठीकरा उन्होंने अमेरिका पर ही फोड़ दिया है।

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर रहे हैं। यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

जहां तक अमेरिका की बात है, वहां के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से उसकी पोल लगातार खुल रही है। पाकिस्तान पर एक के बाद एक अमेरिका जिस तरह की मेहरबानी कर रहा है, वह भी पूरी दुनिया देख रही है। लॉस एंजिल्स में जो कुछ हुआ उसके बाद अमेरिकी जनता को भी अहसास होने लगा है कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है।

भारत अमेरिकी संबंधों में मचे घमासान के बीच अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने सीमाओं की सुरक्षा और पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल स्थापित करना होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब पड़ोसी चीन से दो टूक भाषा में बात करने



का समय आ गया है। चीन पाकिस्तान को हर तरह की ना केवल मदद मुहैया करा रहा है बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य देश होने के नाते आतंकवादी संगठनों, आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए ढाल का काम भी कर रहा है। चीन पाकिस्तान के बाद श्रीलंका, म्यामांर , बांग्लादेश और नेपाल के सहारे भी भारत की घेरेबंदी कर रहा है। आखिर भारत इसे कब तक बर्दाश्त कर सकता है?

बताया जा रहा है कि, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग इस सप्ताह भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस साल दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय यात्रा होगी। इससे पहले, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी जनवरी में चीन की यात्रा पर गए थे। वहां सुन और मिसरी ने आपसी रिश्तों को सामान्य करने के लिए कई मुद्दों पर सहमति जताई थी। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। उसके बाद से अब माहौल काफी बदल गया है।

भारतीय बाजार के बल पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले चीन से अब यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि वह पाकिस्तान के रास्ते पर क्यों चलना चाहता है? पाकिस्तान तो आतंकवाद को पालते-पालते एक असफल देश बन चुका है लेकिन चीन जैसे बड़े देश की आखिर क्या मजबूरी है कि उसे आतंकवादियों का साथ देना पड़ रहा है। भारत और चीन के बीच आपस में विवाद है, यह एक कड़वी सच्चाई है लेकिन दुनिया के दो प्रभावशाली और बड़े देश होने के नाते इसे सुलझाने के कई तरीके हो सकते हैं। बातचीत से अगर ये मामले सुलझ जाए तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता लेकिन क्या चीन की सेना इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब उसे भी भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान जैसे नाकाम देश और आतंकवादियों का सहारा लेने की जरूरत पड़ रही है?

वक्त आ गया है कि भारत को अब दो टूक शब्दों में चीन से इन सवालों का जवाब मांगना ही चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ही यह कह चुके हैं कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते।

आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की यह नीति सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही नहीं अपनानी चाहिए बल्कि हर उस देश के साथ अपनानी चाहिए जो किसी भी सूरत में आतंकवादियों का बचाव करता है। भारत को यह कठोर संदेश भारत यात्रा पर आने वाले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग के जरिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तक भेजना ही चाहिए।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।***

साहित्य

## पुस्तक के पृष्ठों पर जब तेरी



दीपक सिंह

पुस्तक के पृष्ठों पर जब तेरी,
मुस्कान झलकती जाती है।।
मेरे दिल से उठते स्वर को,
कलम तब लिखती जाती है।।
हृदय विहवल विचलित वेदना,
आंखों में अश्रुधार भरे
मन मे तेरी याद बसाये, लिखने को
तैयार करे
तेरी मुसकाती मधुरित बोली,
कोयल सी गान करे
ये गान सुने प्रसंनचित मन को,
मुझसे मिलवाती जाती है
पुस्तक के पृष्ठों पर जब तेरी,
मुस्कान झलकती जाती है।
मेरे दिल से उठते स्वर को,
कलम तब लिखती जाती है।।
तू मानो पृष्ठों मे बैठी, शब्दों से बात
करे तुझसे मेरा प्रेम अटल,
क्या तेरा मन विश्वास करे
तू बागीचों के उपवन में सुंदर,
फूलों का श्रृंगार करें जब
मैं तेरा आकर्षक देखूं,
तो मुझमें रवानी आती है
पुस्तक के पृष्ठों पर जब तेरी,
मुस्कान झलकती जाती है।
मेरे दिल से उठते स्वर को,
कलम तब लिखती जाती है।।



## राशिफल

**मेष:-** खानपान पर पूरा ध्यान दें, लेकिन अपनी दिनचर्या में बिल्कुल बदलाव न करें, नहीं तो बाद में आपको समस्या हो सकती हैं। राजनीतिक कार्यक्रमों में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है।

**वृष:-** आपकी सामाजिक पद और प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना बेहतर रहेगा।किसी रुके हुए काम को आसानी से पूरा कर सकेंगे।

**मिथुन:-** आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपको समस्या हो सकती है। सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने से आपकी साख चारों ओर फैलेगी और आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा।

**कर्क:-** आपके लिए धन संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको रुके हुए धन की प्राप्ति होने से आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी और आपकी मान व प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

**सिंह:-** आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, लेकिन आप दूसरों की मदद बहुत ही सोच विचार कर करें, नहीं तो लोग इसे आपका स्वार्थ भी समझ सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए दिन थोड़ा कमजोर रहने वाला है।

**कन्या:-** आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति प्राप्ति के लिए रहेगा। यदि आप प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं, तो आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएगी।

**तुला:-** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसके कारण आपके स्वभाव में भी चिड़चिड़ापन बना रहेगा

**वृश्चिक:-** आज का दिन राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा और उन्हे उनके कार्यों से जाना जाएगा और उनकी कोई महत्वाकांक्षा भी पूरी होती दिख रही है।

**धनु:-** पारिवारिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आपको दूसरों के सहयोग से किसी काम को करना बेहतर रहेगा, लेकिन आप किसी संपत्ति संबंधित विवाद में ढील ना बरतें, नहीं तो आपके लिए समस्या हो सकती है।

**मकर:-** आज का दिन आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि दिलाने वाला रहेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप व्यवसाय के किसी काम को लेकर छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं

**कुंभ:-** आज का दिन आपके लिए मान व प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। यदि आप किसी संपत्ति का सौदा करने जा रहे हैं, तो उसके चल-अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांच ले।

**मीन:-** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा और अपने लिए सुख भोग के साधनों की भी खरीददारी कर सकते हैं, जिसमें आप अच्छा खासा धन भी व्यय करेंगे।

# भारत की सुरक्षा एवं मोदी सरकार

शिवप्रकाश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अन्तर्वाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। चाणक्यनीति में कहा गया है कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं। भारतीय जनसंघ ने अपने 1964 के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिए। सिद्धांत एवं नीतियां नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी। प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिये शस्त्रधारी है। इसलिए भारत माता भी परमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। फिर 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति इसी का उदाहरण है। जहां कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए जी जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं बिरयानी खिलाना जैसे उपक्रम चल रहे थे, वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए।रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोलाबारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रों की खरीद के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुके हैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है। एस -400, सुखोई -30, इजराइल से ड्रोन, हैमर मिसाइल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम, वरुणास्त्र आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराने में हम सक्षम हुए हैं। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174% की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 127265 करोड़ हुआ है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था। 2014 से 24 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देर सक्षम हुआ है। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है।देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। नक्सली हिंसा में लिप्त आतंकी अपनी अंतिम सांस गिन रहे हैं। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। 11 वर्षों बाद 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। बड़े-बड़े इनामी नक्सली आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं। सरकार के नक्सलमुक्त देश के संकल्प से लगता है कि भावी पीढ़ी नक्सलवाद नाम ही भूल जाएगी।प्रत्येक प्रकार की गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। इसमें अशोक स्तंभ, लंगर और नौसेना का आदर्श वाक्य शं नो वरुणः अंकित है, जो भारत की समुद्री विरासत और आत्मगौरव का प्रतीक है। नए भारत का संकल्प- घर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे केवल कहना मात्र नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर में हमने यह करके दिखाया है। खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा, सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। पूर्व सैनिकों के कल्याण, अग्निवीर योजना, विजयदशमी पर राफेल जैसे शस्त्रों का पूजन एवं दीपावली त्योहार में सैनिको के मध्य प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति, सीमावर्ती सैनिक चौकियों पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का प्रवास यह सभी उपक्रम हमारे सुरक्षित भारत के संकल्प को प्रकट करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है। भारत को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के यह प्रयास देश की जनता में यह विश्वास जगाने में सफल हुए हैं कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है।

*लेखक- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 9451244788, 9554964672**

# केबिल शिफ्ट करते समय खंभा टूटा, लाइनमैन दबा, मौत

**विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप**





**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बा सुमेरपुर के चांद थोकमोहाल में विद्युत लाइन की मरम्मत के दौरान एक दर्दनाक हादसे में संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह विद्युत खंभे पर चढ़कर केबिल को शिफ्ट कर रहा था जैसे ही केबिल हटाई गई पहले से ही क्षतिग्रस्त खंभा टूट गया और पास ही बने मकान के छज्जे पर जा गिरा। इस दौरान अशोक छज्जे और खंभे के बीच दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लाइन मैन अशोक कुमार प्रजापति को उसके साथी अनिल कुमार लालमन और शरीफ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया हालत गंभीर होने पर सदर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अशोक कुमार प्रजापति बिवांर थाना क्षेत्र के मवईजार गांव निवासी था और विद्युत विभाग में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था। मृतक अपने पीछे पत्नी आशा देवी और दो छोटे पुत्र अंश एवं आयुष को रोता बिलखता छोड़ गया है। स्थानीय लोगों और परिजनों का आरोप है कि यह हादसा विद्युत विभाग की लापरवाही का परिणाम है क्योंकि संबंधित विद्युत पोल पहले से ही क्षतिग्रस्त था। अधिकारियों के निर्देश पर केबिल शिफ्ट किया जा रहा था लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई। घटना के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने पुष्टि करते हुए बताया कि लाइन मरम्मत का कार्य किया जा रहा था इसी दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**सीमेंटेड खंभे की लाइफ होती कम से कम पचास साल, बशर्ते किसी की टक्कर न लगे**

**हमीरपुर।** संविदाकर्मी लाइन मैन की मौत के मामले में अधीक्षण अभियंता(एसई) जीसी यादव का कहना है कि सीमेंटेड खंभे की लाइफ करीब पचास साल से अधिक होती है जो खंभा टूटा था वह किसी के टक्कर से टूटा है संबिदा कर्मी के शासन की तरफ से साढ़े सात लाख का मुआवजा व अन्य देय भी मिलेंगे जो खंभे स्थापित किये जाते है उनका अब आगरा की टीम आकर गुणवत्ता की जांच करती है तभी पोल लगाये जाते है जो लोहे केखंभे लगे है उनको हटाकर सीमेंटेड खंभे लगाये जा रहे है।

# रोड के किनारे फुटपाथ को बना ली अस्थायी दुकान, मैटेरियल डालकर शुरू कर दिया व्यापार



**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बा कुरारा में मकान निर्माण के जुटाई गई निर्माण सामग्री को सड़क किनारे डालकर मकान का निर्माण कराए जाने से वाहन दुर्घटना का अंदेशा रहता है। तथा वाहनों के क्रॉसिंग के दौरान वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कस्बा में लोगों द्वारा मकान निर्माण के लिए गिट्टी मौरम ईंट आदि सामग्री को सड़क किनारे डालकर निर्माण कराए जाने से वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करनापड़ता है। तथा रात में अधिक परेशानी होती है। आधे से अधिक सड़क में निर्माण सामग्री पड़ी रहती है। जिससे वाहन फिसलने का डर बना रहता है। वही कई बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता भी अपना गिट्टी, ईंट आदि सड़क किनारे जमा कर बिक्री करते हैं। सबसे अधिक परेशानी वाहन क्रॉसिंग के दौरान होती है। इससे वाहन दुर्घटना का भय बना रहता है। मकान निर्माण कराने वाले लोग सड़क में ही महीनों अपना मेट्रियल डाले रहते है। जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब की हाइवे रोड को छोड़कर ही निर्माण सामग्री एकत्र करना चाहिए। इन लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। जिससे रात में वाहनों को निकलने पर दुर्घटना का भय बना रहता है। कस्बा के लोगों ने हाइवे पर निर्माण सामग्री डालकर भवन निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### घर में फायरिंग का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

**राठ(हमीरपुर)।** सभासद ने पूर्व सभासद के पुत्र सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को पर घर में फायरिंग कर दरवाजों पर लाठी मारकर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने सभासद ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी सभासद खालिक कुरैशी पुत्री रमजान ने बताया कि बुधवार की रात करीब दस बजे वह अपने घर पर था। आरोप लगाया कि पूर्व सभासद का पुत्र सहित एक दर्जन से अधिक लोग हाथों में तमंचा तलवारें और लाठियां लेकर दरवाजे पर आ गए। दरवाजे पर आते ही उक्त लोगों ने उस पर फायर कर दिया और दरवाजे गाली गलौज कर पर जमकर लाठियां बरसाई। उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिससे एक दर्जन से अधिक लोग हाथों में लाठियां लिए हुए थे। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि फायरिंग का घटना गलत है। वीडियो में लोग लाठी डंडे लिए हुए है। मौके पर पहुंच जांच की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि सभासद व पूर्व सभासद में चुनाव को लेकर रंजिश बनी हुई है।

### अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर मारपीट, ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी

**राठ(हमीरपुर)।** अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए व बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर उसे मायके में छोड़ कर भाग गए। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। चिकासी थाने के इटैलिया राजा गांव निवासी सुमित्रा पुत्री जगदीश चंद्र ने बताया कि उसकी शादी 19 जनवरी 23 को इटैलिया राजा गांव निवासी नीरज पुत्र देशराज के साथ हुई थी। पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। कम दहेज को लेकर पति नीरजए ससुर देशराज पुत्र बारेलालए सास मन्नू चचिया ससुर धर्मदास चचिया सास रामकली जीतू ताना देने लगे। कहने लग अगली विदा में जाना तो अपने पिता से एक लाख रुपये व बाइक लेकर आना। लेकर आना तो प्रार्थिया ने कहा कि उसके माता पिता गरीब है। वह पहली विदा में अपने मायके आई और सारी बात अपने पिता को बताई तो पिता ने कहा हम बात करेंगे धीरे-धीरे सब ठीक हो जायेगा। उक्त ससुरालीजन जब विदा कराने राठ आये तो पिता ने उनसे अतिरिक्त दहेज की मांग वाली बात कही तो उक्त कहने लगे कि किसी ने मजाक में कह दिया होगी। अब कोई कुछ नहीं कहेगा। ससुराल पहुंचते ही फिर से मांग करने लगे। विरोध करने पर मारा-पीटा। बताया कि ससुरालीजन मारपीट कर उसे मायके छोड़ गए। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### मंदिर में भक्तों की रहती है भीड़

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित मां भुइंयारानी मंदिर का मेला आषाढ़ माह के प्रथम रविवार से शुरू होगा। चार रविवार को लोगों की भारी भीड़ रहती है। क्षेत्र के झलोखर गांव में प्राचीन भुइंयारानी मंदिर में आषाढ माह में 15 जून से रविवार को प्रारंभ होगा। 22,29,जून व 6 जुलाई को पड़ने वाले रविवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिर प्रांगण में मंदिर की मिट्टी का लेप लगाने से बात रोग में आराम मिलता है। इस स्थान की ख्याति दूर दूर तक है। तथा बाहरी प्रदेश व जनपद के श्रद्धालु आते है।

### फलीस्तीनियों को आर्थिक मदद करने वाले एनजीओ सदस्यों से की पूछताछ, कानपुर, लखनऊ व प्रयागराज की टीमें हुईं सक्रिय

**मौदहा (हमीरपुर)।** फलीस्तीनियों को आर्थिक मदद करने वाले एनजीओ के सदस्यों को बुधवार को कानपुर लखनऊ प्रयागराज पुलिस की संयुक्त टीम ने पूँछ तांछ के लिए कोतवाली बुलाया था जिसमे एनजीओ के नौ सदस्यों में सात सदस्यों को ही पूँछतांछ के लिए बुला पाई थी दो सदस्य बाहर होने उनको नहीं बुलाया था मौदहा कस्बे के कुछ युवाओ ने गरीब मजलूमों की मदद करने के लिए एक एनजीओ तहरीक ऐ इन्शानियत हिन्द नाम से गठन किया इसका गठन एक वर्ष पहले किया था जिसका रजिस्ट्रेशन सात माह पूर्व ही किया था स एनजीओ का खाता संचालन दानिश ही करता है इस एनजीओ के माध्यम से कस्बे में गरीबो व कैंसर पीड़ित की भी मदद की थीं इसके बाद इसके सदस्यों ने इंस्टाग्राम में फलीस्तीन इजराइल युद्ध में घायल फलीस्तीनियों को देखा और तो उनकी मदद करने का मन बनाया जिसमे मुंबई निवासी मुहम्मद अयान के सम्पर्क में आये और उनको इक्कीस हजार रुपये फलीस्तीन भेजने के लिए भेजे इसके बाद इंस्टाग्राम के माध्यम से सहारनपुर की महिला के सम्पर्क में आये और उसको किस्तों लगभग एक लाख रुपये से अधिक पैसे भेजे जिस पर उस महिला ने सोशल मीडिया में मौदहा के एनजीओ व उसके सदस्यों को धन्यवाद भेजा इसके बाद जांच एजेंसियों की नजर सोशल मीडिया पर पड़ी कि हमीरपुर जनपद के मौदहा तहसील से एनजीओ के माध्यम से फलीस्तीनियों को फण्डिंग की जा रही है और वह तुरंत एक्शन मोड़ में आई जहां बुधवार को शाम कोतवाली पहुँच कर एनजीओ के सभी सदस्यों की धड़पकड़ शुरू कर दी पुलिस के इस एक्शन से कस्बे में चर्चा का विषय हो गया की बाहर की टीम कस्बे के युवाओ को पकड़ रही है स लेकिन किसी की पकड़ समझ में नहीं आ रहा था स पुलिस ने सात युवाओ को गिरफ्तार कर चार घण्टे से अधिक पूछतांछ की और उनके मोबाइल फोन रखा कर देर शाम उनको छोड़ दिया स पकडे गए युवाओ में अध्यक्ष दानिश गफूर पुत्र गफूर खां निवासी बाकी तलैया मुहल्ला है स सदस्य सोहेलए नयाब हैदरगंज मुहल्लाए इमरानए नरायच गाँवए आबताब अली छोटा तालाब रेहान नरायच गाँव निवासी है वही जावेद शोयब खां हुसेनगंज मुहल्ला निवासी कस्बे से बाहर होने के कारण पुलिस की पकड़ से दूर रहे पकडे गए युवाओ को जब पुलिस टीम ने उन्हें घर जाने के लिए छोड़ दिया तो इतनी दहशत में थे कि वह किसी से बात किए बगैर अपने घर चले गए स वही इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह कुछ भी बोलने से बचते रहे

### केवलारी बांध की नहर पर मरम्मत कार्य में बड़ा घोटाला, जांच कर कार्रवाई की मांग



**महोबा।** पनवाड़ी विकासखंड अंतर्गत केवलारी बांध की मुख्य नहर पर स्थित बसरिया माइनर में मरम्मत कार्य में भारी अनियमितता सामने आई है। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों की शिकायतों के अनुसार, नहर पर बन रहे झाल और कुलावों की मरम्मत गुणवत्ताविहीन तरीके से की जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार ठेकेदार द्वारा खुलेआम स्टोन डस्ट (रेत की जगह बारीक बजरी) का इस्तेमाल किया जा रहा है जो न केवल तकनीकी मानकों का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में जल निकासी और नहर की मजबूती के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब स्थानीय जूनियर इंजीनियर अनिल कुमार की मिलीभगत से हो रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा तेज है कि ठेकेदार और जेई मिलकर लाखों रुपए की लागत वाले इस सरकारी प्रोजेक्ट में भारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर, सरकारी धन को खुलेआम ठिकाने लगाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन से इस मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेने और जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## मारपीट कर सिर फोड़ा, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के अकौना गांव निवासी भगवती प्रसाद पुत्र हरप्रसाद ने बताया कि वह मजदूर गरीब व्यक्ति है और लड़ाई झगडा से दूर रहता है। रविवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने घर जा रहा था। तभी गांव का रामगोपाल पुत्र गौरीशंकर व गौरीशंकर पुत्र चेतराम व हीरा पत्नी रामगोपाल ने उसे पकड़ कर मारपीट करते हुए घर के अंदर ले गए। कहने लगे कि इसे जान से मार डालो। बताया कि सिर पर लाठी मारने से उसका सिर फट गया। चिल्लाने पर नारायण पुत्र श्रीपत व कल्लू पुत्र फूलचन्द्र बचाने आये तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। बताया कि उसे बेहोशी हालत में बाहर फेंक दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# 50 लाख की निर्माणाधीन परियोजनाओं का शीघ्र पूरा करने के निर्देश

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में स्थानीय मीटिग हाल में 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इन कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत जिन भवनों के निर्माण कार्य पूरे हो गएए जांच के बाद उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जो परियोजनाएं अधूरी है उनको समय से पूरा करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग के विकास कार्य समय पर पूर्ण कर हैंडओवर किया जाए। जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय में अधूरे कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने परियोजनाओं के सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं का सत्यापन प्रत्येक माह करते रहे तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जिला विद्यालय निरीक्षक अर्थ एवं संख्याधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रक और चौपहिया वाहन की टक्कर से चौपहिया वाहन के परखच्चे उड़े



**मौदहा, हमीरपुर।** सड़क दुर्घटना में चार पहिया वाहन और ट्रक कि आमने-सामने टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार की चार पहिया वाहन के पक्षखड़े उड़ गये जिससे दोनों लोग घायल हो गए वहां मौजूद लोगों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद हालत में सुधार बताया गया जानकारी के अनुसार चार पहिया वाहन में सवार हो राजकुमार तिवारी पुत्र गया प्रसाद तिवारी निवासी पहाड़ी गांव साथ में बांदा जिले के कर्वी निवासी विकास सिंह पुत्र घनश्याम सिंह हमीरपुर कि ओर से चित्रकूट कामतानाथ के दर्शन करने जा रहे थे तभी नरायच गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने ओवरटेकिंग करते समय में चार पहिया गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे गाड़ी के पक्ष खड़े उड़ गए गाड़ी में सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें नरायच गांव के ही पीएचसी में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होते देख डाक्टरों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान हालत में सुधार बताया गया है।

# कपसा रोड में अवैध रूप से संचालित हो रहे ईंट भट्ठे, जिम्मेदारों को नहीं कोई परवाह

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध तरीके से भट्टे संचालित कर लाल ईंट का निर्माण कार्य किया जा रहा है इनकी चिमनियों से निकलने वाले काले धुएं से पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि जल स्तर में लगातार गिरावट हो रही है लेकिन जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नहीं है यह व्यवसाय मौदहा कस्बा क्षेत्र व आसपास गांवों में बड़े पैमाने पर ईट भट्ठों का कारोबार लगातार बढ़ते ही जा रहा है प्रशासन की अनदेखी के कारण इन ईट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हैं और वे नियमों के विरुद्ध बिना एनओसी के भट्ठों का संचालन कर पर्यावरण व जल स्त्रोत को हानि पहुंचा रहे हैं जबकि पर्यावरण एवं प्रदूषण विभाग कई बार अवैध रूप से संचालित भट्ठों पर कार्रवाई करने के लिए जिला और तहसील स्तर पर अवैध भट्ठों की सूची भेज चुका है लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। हमीरपुर मौदहा क्षेत्र में अधिक अवैध ईट भट्ठे संचालित हैं। ऐसे कई ईंट भट्ठे कोतवाली क्षेत्र के कपसा रोड तथा कबरई रोड पर संचालित हैं, जिनके स्वामी पहले तो काले कारोबार में लीन रहे लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तब से काले कारोबारी अपने काले धन को सफेद करने के उद्देश्य से ईंट भट्ठे समेत अस्पताल, विद्यालय समेत जनहितकारी कार्यों में काला धन लगाकर शराफत का चोला ओढ़कर समाजसेवी बनने का ख्वाब भी देख रहे हैं। ऐसे कई और अवैध भट्टे हैं। इस मामले में मंडलीय प्रदूषण अधिकारी का कहना है कि वह मौदहा जाकर इस मामले की जांच पड़ताल करेगी और उचित कार्यवाही की जायेगी।

# विद्युत आपूर्ति न होने से लोगों का जीना हुआ हराम, नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के अकौना गांव में विद्युत कनेक्शन ट्रांसफार्मर की क्षमता से अधिक होने के कारण विद्युत ट्रिप होने से इस भीषण गर्मी में परेशानी होने पर ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार वीरपाल को शिकायती पत्र सौंपा है। अकौना गांव निवासी देवनारायण सिंह, अरुण कुमार, रंजीत सिंह, रोहित राजपूत, आशीष कुमार, धर्मेंद्र कुमार मजिद खान आकाश सिंह देवीदीन जयप्रकाश मुन्ना लाल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विद्युत कनेक्शन अधिक होने के बावजूद अधिक क्षमता वाला ट्रासंफार्मर न लगे होने से विद्युत ट्रिप की समस्या बढ़ जाती है। जिससे विद्युत होने के बावजूद भीषण गर्मी में भी ग्रामीणों व बच्चों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया कि गांव में वर्ष 1982 से आज तक विद्युत तार बदले नहीं गए हैं। जिससे अधिकांश विद्युत लाइन जर्जर हालत में पड़े होने से जानमाल का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर बिजली उचित तरीके से नहीं मिलती तो वह बिल जमा नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने के विद्युत आपूर्ति सही दिलाए जाने की मांग की है।

## नवविवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**महोबा।** जनपद के अजनर थाना क्षेत्र के पुरवा पनवाड़ी गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। 22 वर्षीय सुलोचना राजपूत की फांसी के फंदे से लटकती लाश मिली, तो मायके वालों के होश उड़ गए। चूड़ियों की खनक और मेंहदी की खुशबू के साथ ब्याही गई बेटी अब मृत शरीर बन चुकी थी और ससुराल वाले लापता है। सुलोचना की शादी महज एक माह पूर्व 10 मई को बड़े अरमानों के साथ सौरभ राजपूत से की गई थी। ख़मा गांव निवासी पिता कुंजबिहारी राजपूत ने बेटी की डोली में पांच लाख की नकदी और ढेरों उपहार दिए थे। मगर शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बेटी को खुश देखने का सपना टूट गया। उसके जीवन में खुशियां आने से पहले ही पतझड़ छा गया। मृतिका के परिजनों ने बताया कि शादी के बाद से ही सुलोचना को प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। पति और ससुराल पक्ष के लोग मारपीट और मानसिक यातना दे रहे थे।

# छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद ईंट से हमला करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली, भेजा गया

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार की रात्रि में राम सारी चौराहे से पुरानी शुगर मिल की ओर जाने वाली सड़क के समीप पुलिस मठभेड़ में 6 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद ईट मार कर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है, आरोपी के पैर में गोली लगी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त उक्त क्षेत्र के समीप जंगल में छिपा हुआ है। तलाशी के दौरान पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त ने पुलिस बल पर दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली थाना प्रभारी घाटमपुर के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी। गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त से पूछताछ में उसने उक्त जघन्य कृत्य को स्वीकार किया एवं अपनी पहचान शिवम उर्फ कल्लू सचान पुत्र शिवचन्द्र सचान, निवासी जवाहर नगर, थाना घाटमपुर, कानपुर नगर के रूप में बताई। मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अभियुक्त को उपचार हेतु तत्काल सीएचसी घाटमपुर भेजा गया।

डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में भय एवं आक्रोश का वातावरण व्याप्त था। अभियुक्त की गिरफ्तारी से न केवल पीड़िता के परिवार को न्याय की दिशा में राहत मिली है, अपितु इससे आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों में भय का वातावरण भी रहेगा।

मालूम हो कि 10.06.2025 को समय लगभग 05:30 बजे कस्बा घाटमपुर के जवाहर नगर मोहल्ले में एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील घटना घटित हुई, जिसमें एक छः वर्षीय बालिका के साथ पड़ोसी युवक शिवम उर्फ कल्लू द्वारा दुष्कर्म किया गया एवं उसके सिर पर ईंट से प्रहार कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। पीड़िता को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी घाटमपुर ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल हैलट अस्पताल के लिए रेफर किया गया। उक्त प्रकरण में परिजनों की ओर से थाना घाटमपुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति महोबा की बैठक सम्पन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति महोबा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी, डॉ. नरेन्द्र सिंह द्वारा अगवत कराया गया कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश स्तर पर 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसमें महोबा जनपद में 7043500 पौधों का रोपण वन विभाग व 25 अन्य विभागों द्वारा मिलकर किया जायेगा। वन विभाग द्वारा 3900000 पौधें वन क्षेत्रों लगाये जायेंगे एवं अन्य विभागों द्वारा 3143500 पौधों का रोपण किया जायेगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पाया गया कि सभी विभागों द्वारा वर्षाकाल में किये जाने वाले वृक्षारोपण के लिये 70 प्रतिशत गड्ढों का खुदान भी कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिये गये है कि 15 जून, 2025 तक अन्य सभी वृक्षारोपण कार्यदायी विभाग शत-प्रतिशत- गड्ढों का खुदान पूर्ण कर लें। शासन की गाइड लाईन के अनुसार गड्ढा खुदान कार्य 15 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाना है।

जिलाधिकारी द्वारा विगत बैठक में दिये गये निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी महोबा, चरखारी एवं कुलपहाड़, खण्ड विकास अधिकारी, कबरई, चरखारी, पनवाड़ी एवं जैतपुर तथा वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों की खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमियों से बड़े वृक्षारोपण हेतु स्थलों की समीक्षा की गयी। जनपद में ग्राम पंचायतों के 23 बड़े स्थलों पर वर्षा काल -2025 में वृहद वृक्षारोपण के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा एवं सभी खण्ड विकास अधिकारी व उपजिलाधिकारी को प्रत्येक स्थल पर पानी की उपलब्धता का स्पष्ट विवरण, सुरक्षा का स्पष्ट विवरण एवं लगाये जाने वाले पौधों की वास्तविक संख्या के अनुसार विस्तृत कार्य योजना तैयार किये जाने हेतु विभागो को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि वृहद वृक्षारोपण के स्थलों पर एक-एक अधिकारी की नोडल के रूप में वृक्षारोपण हेतु ड्यूटी लगायी जायेगी, ताकि इन क्षेत्रों की प्रभावी सुरक्षा एवं देखभाल हो सके तथा यह क्षेत्र वन स्वरूप के रूप में तैयार हो सके। इन क्षेत्रों में निपेयर घास भी लगवाई जाये। इन क्षेत्रों में वृक्षारोपण की तिथि में ग्रामीणों एवं बच्चों द्वारा एक साथ पौध रोपण किया जायेगा, जिसका प्रभाव जनपद में दिखाई दें। साथ ही साथ प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शासन की मंशा के अनुसार वर्षा काल-2025 में एक पेड़ माँ के नाम 2.00 वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षण के सहयोग से जनपद के समस्त विद्यालयों में विद्यार्थी एवं उनकी माँ के द्वारा पौधें रोपित किये जायेंगे, जिससे विद्यार्थी अपनी मां एवं धरती मां के बीच मजबूत रिश्ते को समझें। प्रत्येक पौधे के साथ तख्ती लगायी जायेगी, अवगत कराया गया कि जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में वन विभाग की 33 पौधशालायें है, जिसमें किसानों के लिये 60 लाख से अधिक पौध वृक्षारोपण के लिये तैयार है। वन विभाग की पौधशालाओं में नीम, शीशम, कंजी, चिलबिल, आंवला, बांस, सागौन, कठ सागौन, बहेड़ा, अमरूद, कटहल, बेल आदि के स्वस्थ्य एवं अच्छी पौध उपलब्ध है। आने वाले वृक्षारोपण सत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं शासन की मशा के अनुसार जनपद में दिये गये लक्ष्य को पूरा करने के लिये अपील की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद तथा समस्त अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण व वन कर्मी उपस्थित रहे।

# कृषि को बढ़ावा देकर ही भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः शाही

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारत को यदि विकसित राष्ट्र बनाना है तो सबसे पहले प्रदेश की कृषि व्यवस्था और अन्न उत्पादन को मजबूत और आधुनिक बनाना होगा यह बात प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम भवनियापुर खेवली में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान समापन कार्यक्रम में कही।

कृषि मंत्री ने कहा कि पहले किसानों को समय से बीज, पानी और अन्य संसाधन नहीं मिल पाते थे लेकिन अब केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती के लिए प्रेरित कर रही है। कृषि वैज्ञानिकों को किसानों के खेतों तक भेजा जा रहा है ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन की जानकारी देकर किसानों को लाभान्वित कर सकें। इसी लिए सरकार किसानों के द्वार पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

बाराबंकी के किसान बने प्रदेश के लिए मॉडल श्री शाही ने कहा कि बाराबंकी जनपद के किसानों ने मेहनत और नवाचार के बल पर पूरे प्रदेश में एक नई पहचान बनाई है। यहां के किसान अब स्वावलंबी और समृद्ध हो रहे हैं तथा अन्य जिलों के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। यहां पे हर फसल का उत्पादन किसान कर रहा है जो एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों की पैदावार और आमदनी बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। जहां कभी बुंदेलखंड के किसान आत्महत्या करते थे आज वहीं के किसान उन्नत खेती करके सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं।

किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई कार्यक्रम को खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अब तक 15 लाख से अधिक नलकूपों को निःशुल्क बिजली दी गई है। दरियाबाद में कृषि विज्ञान केंद्र खोलने की मांग राज्य मंत्री श्री शर्मा ने दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में किसानों की सुविधा के लिए कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की मांग की जिस पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि वह भारत सरकार को पत्र लिखकर इसकी स्थापना का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर आठ किसानों को सम्मान पत्र भी दिया गया। हवाई दुर्घटना में मृतकों को दी श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद गुजरात में हुई विमान दुर्घटना में मृतकों की स्मृति में शोकसभा आयोजित कर मृतक परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राज रानी रावत, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, दीपक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, प्रदीप सिंह, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीओ ने किया मालखाने में असलहों के स्टॉक का मिलान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने गुरुवार को तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र स्थित कोतवाली बदोसराय का वार्षिक निरीक्षण किया। कोतवाली पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया गया।सीओ ने सर्वप्रथम कोतवाली में रखे असलहों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से हथियार पकड़वाकर उनकी स्थिति की जांच की। इसके बाद मालखाने में जाकर वहां मौजूद असलहों के स्टॉक का मिलान किया। कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेजों रजिस्टरों और पंजिकाओं की जांच की। मुंशी समेत अन्य जिम्मेदार कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क पर जाकर वहां तैनात पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। कुछ शिकायतकर्ताओं को फोन कर उनसे मिली सहायता का फीडबैक लिया। सीओ ने सीसीटीएनएस कक्ष का भी निरीक्षण किया। अंत में बैरक और मेस का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कोतवाल संतोष कुमार विश्वनाथ सिंह, रोहित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## दो दिन टिकरा गांव में होगा क्रिकेट टूर्नामेंट, 16 टीमें लेंगी हिस्सा

**जैदपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम टिकरा उस्मा मे दो दिवसीय टीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हरख ब्लाक के ग्राम टिकरा उस्मा मे आगामी 14 और 15 जून को टीपीएल टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के आयोजक मोहम्मद नायाब और मोहम्मद रसाद ने बताया कि इस टूर्नामेंट मे कुल 16 टीमे भाग लेगी। सभी मैच 6 ओवर के होगे।मैच सुहब नौ बजे से शुरू होगा।फाइनल मैच मे विजयी टीम को 30 हज़ार का नगद पुरस्कार और उपविजेता टीम को 15 हज़ार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी डॉक्टर मोहम्मद शादाब द्वारा फीता काटकर और खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया जायेगा।

# बच्चों को सुविधाएं देगा आंगनवाड़ी केंद्रः दिनेश रावत

▸ विधायक ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड हैदरगढ़ ग्राम पंचायत सतरही के प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ आज क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि यह आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कई सुविधाएं प्रदान करेगा। इनमें पूरक पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और प्री.स्कूल शिक्षा शामिल हैं। साथ ही बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं भी मिलेंगी।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के लिए भी लाभदायक होगा। महिलाओं को यहां पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलेगी। इसके अलावा उन्हें शिक्षा सामाजिक समर्थन और परामर्श की सुविधा भी मिलेगी।

इससे पूर्व ग्राम प्रधान राजन सिंह द्वारा विधायक दिनेश रावत और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का माल्यार्पण एवं बुके देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ग्राम प्रधान राजन सिंह प्रधान कुलदीप सिंह प्रधान सुशील कुमार मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा महामंत्री संतोष श्रीवास्तव राहुल दीक्षित रामप्रताप सिंह रामकिशोर श्रीराम पांडे सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जनपद को किया गौरवान्वितः सतीश चंद्र शर्मा

▸ लोकसभागार में हाईस्कूल के दो एवं इंटरमीडिएट के दस मेधावी सम्मानित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं दैनिक समाचार पत्र के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2024-25 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करने हेतु कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में हाईस्कूल के दो एवं इंटरमीडिएट के दस मेधावी विद्यार्थियों सहित राष्ट्रीय स्कूल विद्यालयी प्रतियोगिता 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक विजेता सन्जू कुमारी को सम्मानित किया गया। खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश शर्मा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत की उपस्थिति एवं जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इस समारोह का आयोजन किया गया।

सभी मेधावी विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा एक टेबलेट, मेडल, प्रमाणपत्र, फूलमाला तथा 21 हजार रूपये का चेक तथा राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का गौरव बढ़ाने वाली छात्रा को 30 हज़ार का चेक, प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। दैनिक समाचार पत्र द्वारा वर्ष 2024-25 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, मेडल एवं स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सतीश शर्मा एवं राजरानी रावत सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्वागत उद्बोधन एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की। राज्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मेधावी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि यह अत्यन्त प्रसन्नता एवं गौरव का विषय है कि जनपद के विद्यार्थियों ने न सिर्फ माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में आयोजित होने वाली सबसे बड़ी परीक्षा की योग्यता सूची में अपना स्थान बनाया है बल्कि खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर जनपद को गौरवान्वित किया है। इस कार्यक्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह, मीनूबाला श्रीवास्तव, मनोरमा चौरसिया, मनोज कश्यप, नीरज शुक्लाए सुश्री दीपिका, प्रधानाचार्या साई इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य बीआरजी सरैया, प्रधानाचार्य मॉडल एकेडमी जैदपुर, प्रधानाचार्य सरस्वती इंटर कॉलेज, फतेहपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं और मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर एवं पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होल्कर रंगोली बनाकर सबका ध्यान आकर्षित किया।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में मारी टक्कर

**फतेहपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र मे ब्रहस्पतिवार को फतेहपुर सूरतगंज मार्ग पर स्थित जरखा गांव के निकट ई रिक्शा आटो को एक अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम बरैया निवासी गोविंद कुमार जो आटो चला रहा था और साथ मे कुलदीप कुमार बैठा था। फतेहपुर सूरतगंज मार्ग पर जरखा गांव के पास पीछे से अचानक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की आटो सवार सड़क किनारे आटो लेकर पलट गए और जख्मी हो गए। दुर्घटना देख मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायलो का तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया।घायलो ने अपने परिजनो को दुर्घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे।

### मरम्मत के चलते सुबह 8 से दो बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**जैदपुर, बाराबंकी।** भयंकर गर्मी से लोगो को निजात दिलाने हेतु शुक्रवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक सफदरगंज विद्युत सप्लाई बंद कर कार्य किया जायेगा। एसडीओ संदीप सिंह ने जानकारी देते हुये लोगों से सहयोग करने की अपील की है। जानकारी के अनुसार आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत 132 केवी रामसनेही घाट से पोषित 33 केवी सफदरगंज पर पोल लगाने व 33 केवी लाइन के तार बदलने हेतु दिनांक 13.6.2025 शुक्रवार को सुबह 8 : 00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।यह जानकारी देते हुए एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओ को तमाम दिक्कतें न हो इसलिये तार बदलाव के साथ तमाम कार्य किये जा रहे है। जिसमे सभी लोगो का सहयोग जरूरी है।

### हैंडपंप पर पानी भरने के दौरान तीन लोगों ने बच्चों से की मारपीट

**जालौन,उरई।** सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गये बच्चे के साथ गांव के तीन लोगों ने गाली गलौज कर भगा दिया। जब बच्चे के साथ पहुंचे बच्चों ने मना किया तो तीनों लोगों ने मिलकर बच्चों के साथ मारपीट कर दी गांव में नहीं रहने की धमकी दी है। पीड़ित बच्चों के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी रामशंकर ने पुलिस को बताया कि उनकी बहिन का बेटा अनमोल उनके घर आया था। वह सुबह सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गया था तभी गांव के कुछ लोगों ने गाली–गलौज कर उसे भगा दिया। जब वह खेत से वापस आया तो बच्चों ने बताया कि इन लोगों ने गाली गलौज कर नल से भगा दिया जब उनके बेटे देवेश व पुत्री वर्षा ने मना किया तो इन लोगो ने हमारे बच्चों के साथ मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए गांव में न रहने देने की धमकी दी है। मारपीट में बच्चे घायल हो गये हैं। पीड़ित बच्चों के पिता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो बाइकों में भिड़ंत, एक की मौत, दो घायल

**जालौन (उरई)।** बंगरा मार्ग पर सुढ़ार के पास आमने सामने मोटर साइकिल में टक्कर हो गयी। टक्कर लगने के कारण दोनों मोटर साइकिलों सवार 3 लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर विधिक कार्रवाई पूरी की। थाना गोहन के ग्राम भंगा निवासी मलखान 30 वर्ष संतोष कुमार अपने साथ मोटरसाइकिल से छुन्ना 50 वर्ष पुत्र मनीराम निवासी को लेकर अपनी वहिन के ससुर राम किशुन निवासी भवानीराम के अंतिम संस्कार में सम्मलित होने के लिये आये थे। अंतिम संस्कार में सम्मलित होकर घर जा रहे थे। करीब 5 बजे वह अंतिम संस्कार से घर जा रहे जैसे ही वह सुढ़ार के पुलिया के पास पहुंचे सामने से रामू 40 वर्ष पुत्र हरी यादव निवासी गोपालपुर आ रहे थे। तेज रफ्तार बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। सड़क दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिलों में सवार तीनों लोग घायल हो गए।

# पुलिस के खुलासे में महिला सहित दो गिरफ्तार, रुपये बरामद



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्वाट सर्विलांस व थाना सतरिख की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा लूट से संबंधित दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल एक अदद अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस व लूट के तीन लाख 30 हजार रूपये नगद बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त घटना का अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये जिसके क्रम में स्वाट सर्विलांस व थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के आधार पर गुरूवार को उक्त लूट से संबंधित अभियुक्तगण कल्याण सिंह पुत्र जवाहर लाल रावत निवासी ग्राम बखारी थाना बीबीडी जनपद लखनऊ, संजना पत्नी अजीत रावत निवासी ग्राम जगनपुरवा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को शेखपुर, लखैचा रोड सतरिख से गिरफ्तार किया गया।

# सिंचाई में बुनियादी ढांचे का निर्माण करता है बांध : बीडीओ

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बाढ़ के दौरान सैकड़ो किसानो की बर्बाद होने वाली फसलों को बचाने के लिए मनरेगा योजना के तहत कल्याणी नदी के किनारे बाँध बनाये जाने को लेकर गुरुवार को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधानों पंचायत सचिवों एव तकनीकी सहायको के साथ बैठक कर रणनीति बनाई तथा नदी के तट पर जाकर बांध बनाये जाने का निरीक्षण किया।

खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत नदी किनारे बांध बनाना एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल जल संरक्षण और सिंचाई के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करता है बल्कि बाढ़ से बचाव और लोगों की आजीविका में भी सुधार करता है यह योजना ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बांध बन जाने से बाढ़ के दौरान पानी को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और बाढ़ से प्रभावित इलाकों के बचाव के साथ साथ बांध वर्षा जल को इकट्ठा करने और संग्रहीत करने में सहायक होगा जिससे जल की कमी को कम किया जा सकता है। बताते चले कि विकास खण्ड मसौली की लगभग डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों से होकर गुजरी कल्याणी नदी से प्रति वर्ष बाढ़ के दौरान हजारों बीघे खेती भारी जलभराव के कारण बर्बाद हो जाती है जिससे निजात दिलाने के लिए गुरुवार को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत गदाईपुर, छूल्हाबननी, हेतमपुर वाजिदपुर, अमदहा, मेढिया, ज्योरी, मसौली, देवकलिया, अम्बौर सहित डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को बरसात से पूर्व बाँध बनवाने तथा नदी के किनारे तालाब एव वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये।

## कटिंग मशीन फिसलने से मिस्त्री हुआ घायल

**कालपी,जालौन।** निर्माणाधीन मकान में कटिंग करते समय मशीन फिसलने से अधेड़ घायल हो गया। ग्रहस्वामी ने उसे इलाज के लिए सीएचसी में दाखिल कराया है। नगर के मुहल्ला गणेशगंज निवासी गोपाल का मकान निर्माण कार्य चल रहा है जिसमे महमूदपुरा निवासी राकेश पुत्र भगवानदीन उम्र 51 वर्ष मशीन से कटिंग कर रहा था इसी दौरान मशीन उसके हाथ से फिसल गयी जिससे हाथ में गहरा जख्म होने के साथ शरीर के अन्य हिस्सो मे चोट आ गयी थी। ग्रहस्वामी ने आनन फानन उसे सीएचसी में दाखिल कराया था लेकिन डाक्टर ने उसकी हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया है। डाक्टर शेख शहरयार के अनुसार मरीज के हाथ की नस कट गयी है जिसका इलाज उच्च अस्पताल में ही सम्भव है।

# डीएम ने जिला अस्पताल में आठ एसी लगवाने के दिये निर्देश

▸ निरीक्षण के दौरान तीन एसी मिले थे खराब
▸ अस्पताल में लगे वाटर कूलर खराब मिलने पर सीएमएस नहीं दे पाये जवाब

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**



सरकार की जनहितकारी नीतियों के अनुरूप जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर रात विद्युत विभाग कार्यालय व जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अस्पताल के निरीक्षण दौरान डीएम ने 8 एसी स्वीकृत कर उन्हें 48 घंटे में लगवाने के निर्देश दिये तो वहीं तीन एसी खराब मिलने पर उन्हें ठीक कराये जाने की बात कही।

इसके बाद अस्पताल परिसर में लगे वाटर कूलर की हकीकत परखने की मंशा से नल की टोटी खोली तो उसमें गर्म पानी निकला इस पर सीएमएस कोई जबाब नहीं दे पाये। सबसे पहले जिलाधिकारी विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से शिकायत निस्तारण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का विधिवत रजिस्टर में अंकन किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को समाधान के उपरांत फोन कर अवगत कराया जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में चार अतिरिक्त एसी स्वीकृत किए, और वार्डों में दो-दो एसी स्वीकृत किए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि 48 घंटे के भीतर इन्हें लगवाया जाए। निरीक्षण के दौरान कूलर की साफ सफाई न होने से ठंडी हवा न होने पर, तीन एसी खराब पाए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत के निर्देश सीएमएस को दिए गए। इमरजेंसी कक्ष में तैनात डॉक्टर अमरीश द्वारा मरीज का परीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने रजिस्टर देखा और स्पष्ट निर्देश दिया कि मरीज को देखने का समय अवश्य अंकित किया जाए तथा समुचित रजिस्टर मेंटेन किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल के सभी वाटर कूलर दुरुस्त रखें जाएं और मरीजों एवं तीमारदारों को ठंडा पानी उपलब्ध हो।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गयी। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के द्वारा समिति के समक्ष वार्ड/ब्लॉक/ग्राम बाल संरक्षण समितियों की बैठकों, उत्तर प्रदेष मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड–19 एवं सामान्य), पीएम. केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना, प्रवर्तकता कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभान्वित एवं नवीन पात्र के चयन किये जाने पर आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक के दौरान अधिशाषी अधिकारी प्रतिनिधि दुष्यन्त वत्स, एआरटीओ प्रदीप कुमार, जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार चौबे, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय, रामगोपाल शर्मा, एसपीओ जगदीश प्रसाद, वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति, डॉ. अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार शशि व जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह उपस्थित रहे।

# आवारा पशु से टकराकर सड़क किनारे पलटी कार

▸ मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हटवाकर मार्ग को कराया शुरू

**जसवंतनगर/इटावा, समृद्धि न्यूज।**



बलरई मार्ग पर बहोरीपुर गांव के पास एक कार आवारा पशु से टकराकर सड़क किनारे पुलिया से जा टकराई और पलट गई। दुर्घटना उस समय हुई जब सड़क किनारे उगी झाड़ियों के कारण अचानक एक छुट्टा पशु कार के सामने आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, घायल हुआ पशु पास के रजवाहे में कूदकर भाग गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। चश्मदीदों के अनुसार, जिस तरह से कार पलटी थी, उसमें बैठे चारों लोगों का सुरक्षित बच जाना किसी चमत्कार से कम नहीं था।

उन्हें केवल मामूली खरोंचें आईं। लोगों ने इसे संयोग मानते हुए ईश्वर का धन्यवाद किया। स्थानीय निवासियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हटवाकर मार्ग को सुचारु कराया। हालांकि, जब तक पुलिस पहुँची, कार सवार वहां से जा चुके थे और उनका नाम-पता ज्ञात नहीं हो सका।

# 11 मेधावी बच्चों को चेक व पदक से किया सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद स्तरीय मेधावी छात्र/छात्रा सम्मान समारोह एवं मुख्यमंत्री विद्यालयीय खेल पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्र छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री का लाईव प्रसारण सुना एवं देखा गया जिसपर उन्होंने कहा कि सभी बच्चों द्वारा इसपर विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम में 11 मेधावी बच्चे जिसमें 6 बच्चे 10वीं एवं 5 बच्चे 12वीं के 21000 रुपए की चेक, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री खेल पुरस्कार के अंतर्गत 8 बच्चे रजत पदक जीतने वालों को 25000 रुपए एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और 6 बच्चे कांस्य जीतने वालों को 15000 रुपए की चेक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद के 10 बच्चों को मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया। सदर विधायक ने कहा कि आज मुख्यमंत्री 122 करोड़ परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र की अपेक्षा छात्राएं अधिक मेहनत करती हैं इस कार्यक्रम में उनकी संख्या अधिक है। उन्होंने छात्रों का उत्साह एवं बधाई देते हुए कहा की इसी तरह छात्र छात्रों को भी कठिन परिश्रम कर एवं मेहनत करके जनपद का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी व निष्पक्ष परीक्षा देने से परिणाम हमेशा अच्छे ही आते है। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिन बच्चों ने जनपद का गौरव बढ़ाया है वह बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे लगन या मनोयोग से कार्य करेंगे वही बच्चे उच्च स्तर तक पहुंच पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी छात्र छात्राओं को रक्त दान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जनप्रतिनिधिगण, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश यादव, सहित मेधावी छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

### मंदबुद्धि महिला रेलगाड़ी से कटी

**कालपी,जालौन।** गुरुवार दोपहर जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग के पास महिला ने रेलगाड़ी के आगे कूंदकर खुदकुशी कर ली। मानसिक रूप से कमजोर यह महिला सुबह परिजनों की नजर बचाकर घर से गायब हो गई थी। कोतवाली पुलिस को रेलवे के कर्मचारी ने गुरुवार दोपहर सूचना दी थी कि छौंक गाँव के पहले रेल पटरी पर अधेड़ महिला की क्षतिविक्षत लाश पड़ी है।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र गोलू उर्फ शिवम, सुशांत पाल व पुत्री शिवानी के गलत चाल चलन एवं गैर बिरादरी के युवक से शादी कर लेने के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। इन सभी के द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा।

**महावीर पाल पुत्र सुरेश चन्द निवासी बसवाड़ी थाना सौरिख, जनपद कन्नौज।**

# अभय-अनुराधा को मिली एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि

## हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन के सभागार में यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा- 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण, विधायिका अर्चना पाण्डेय, विधायक कैलाश राजपूत, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार, सीडीओ राम कृपाल चैधरी, पार्टी जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, व शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने देखा व सुना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाई स्कूल परीक्षा में यूपी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कन्नौज के होनहार छात्र अभय दीक्षित (सप्तम् स्थान) तथा इंटरमीडिएट में अनुराधा राजपूत (नवां स्थान) को एक- एक लाख रुपये की सम्मान राशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।जनपद स्तर पर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंत्री, विधायकगणों एवं जिलाधिकारी ने 21- 21 हजार रुपये की डेमो चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री असीम अरूण ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगभग 180 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया है। कहा कि जनपद स्तर पर हम सब की जिम्मेदारी हैं। कि हम अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं दे। आधारभूत संरचना अच्छी हो। शिक्षकों की जिम्मेदारी हैं, कि आधारभूत संरचना को सहज के रखना और उसका सदुउपयोग करना। कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में तीन कोचिंग सेंटर संचालित हैं। अब इन्हें ब्लाक स्तर पर खोले जाने की तैयारी की जा रही हैं। जल्द ही ब्लाक स्तर पर कोचिंग सेंटर संचालित होगें। उन्होनें कहा कि सदर विधानसभा के 4 मेधावी बच्चों को उनकी मंशानुरूप विद्यालय में प्रयोगशाला, उपकरण व अन्य व्यवस्थाओं हेतु निर्णय लेते हुये दो- दो लाख रूपये का प्रस्ताव बनाकर देगें। बच्चों के प्रस्ताव के आधार विद्यालय में कार्य कराये जायेगें।



उत्कृष्ट छात्रा को सम्मानित करते मंत्री, विधायक व प्रशासनिक अधिकारी

# विधायक के पैर से उखड़ी सड़क, काम रुका

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा क्षेत्र के गढ़िया मेरापुर गांव में सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। यह गांव भाजपा विधायक कैलाश राजपूत का है, जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा सड़क बनाई जा रही थी। लेकिन सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि विधायक के हल्के पैर मारते ही गिट्टी उखड़ गई और नीचे की बालू ऊपर आ गई। गुस्साए विधायक ने तुरंत निर्माण कार्य रुकवाया और मामले की जांच की मांग की।

घटना उस समय हुई जब विधायक अपने गांव जा रहे थे। ग्रामीणों ने उनसे सड़क की घटिया गुणवत्ता की शिकायत की। मौके पर पहुंचकर विधायक ने सड़क की जांच की तो पाया कि गिट्टी की मजबूत नींव के बजाय मिट्टी पर ही डामर डाला गया था, जिससे सड़क कमजोर हो गई। विधायक ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी से फोन पर बात की, जिन्होंने दावा किया कि सड़क नई टेक्नोलॉजी से बन रही है। इस जवाब से नाराज विधायक ने कन्नौज के जिलाधिकारी से जांच की मांग की और साफ कहा कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, निर्माण कार्य नहीं चलेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई कर्मचारी काम शुरू करता है, तो ग्रामीण अपने स्तर पर कार्रवाई करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी कर्मचारियों की होगी। कन्नौज में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए अधिकांश सम्पर्क मार्गों में भ्रष्टाचार की शिकायतें आम हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय नेताओं से लेकर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तक से गुहार लगाई, लेकिन न तो अधिकारियों पर कार्रवाई हुई और न ही निर्माण की गुणवत्ता में सुधार हुआ। इस घटना ने एक बार फिर विभागीय लापरवाही और भ्रष्टाचार को उजागर किया है।

## कनेक्शन बॉक्स लगा रहा ठेकाकर्मी करंट से झुलसा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पोल पर चढ़कर कनेक्शन बॉक्स लगा रहा विद्युत ठेका कर्मचारी करंट लगने से झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। जनपद फर्रूखाबाद के भोलेपुर नगला नयन निवासी 34 वर्षीय उमेश पुत्र सुरेश चंद्रपाल विद्युत कनेक्शन बॉक्स लगाने का ठेके पर काम करता है। गुरुवार की सुबह नगर के मोहल्ला बिरतिया स्थित ट्रांसफार्मर के पास पोल पर चढ़कर विद्युत कनेक्शन बॉक्स लगा रहा था। तभी किसी प्रकार करंट की चपेट में आने से झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने उसे आनन फानन में उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है।

# हलीमा बीबी संपत्ति विवाद किसान नेता ने एसडीएम को सौंपी पत्रावलियां

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान पाकिस्तान चली गईं हलीमा बीबी से जुड़ी संपत्तियों का मामला लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस मामले को उठाने वाले किसान नेता गोपाल दुबे टाडा ने गुरुवार को छिबरामऊ तहसील पहुंचकर हलीमा बीबी की पांच और संपत्तियों का विवरण उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपा। उन्होंने इन संपत्तियों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

भाकियू औनू गुट के पूर्व प्रदेश महासचिव गोपाल दुबे ने बताया कि छिबरामऊ देहात की गाटा संख्या 460 (रकबा 1.0360 हेक्टेयर), 501 (रकबा 0.3670 हेक्टेयर), 502 (रकबा 0.3840 हेक्टेयर), 539 (रकबा 0.4900 हेक्टेयर), और 677 (रकबा 0.0320 हेक्टेयर) की खतौनियां एसडीएम को सौंपी गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमाफिया फर्जी दस्तावेजों के जरिए इन संपत्तियों को अपने नाम कराकर बेचने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ मामलों में तो रिश्तेदारों के नाम पर जमीनें बेची भी जा चुकी हैं। गोपाल ने मांग की कि हलीमा बीबी की सभी संपत्तियों को भूमाफियाओं से मुक्त कराकर प्रदेश या भारत सरकार के कब्जे में लिया जाए। साथ ही, दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।



### एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सभी गाटा संख्याओं की संपत्तियों की जांच क्षेत्रीय लेखपालों को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित संपत्तियों को लावारिस घोषित कर राज्य सरकार के नाम किया जाएगा। साथ ही, गृह मंत्रालय से इन संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### फर्रूखाबाद से भी फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र का खुलासा

गोपाल दूबे ने शिकायती पत्र में सनसनीखेज खुलासा किया कि 2018 में हलीमा बीबी का फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र छिबरामऊ नगरपालिका से बनवाया गया था। अब जानकारी मिली है कि फर्रूखाबाद जनपद से भी उनका मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया गया है। उन्होंने इसकी जांच की मांग करते हुए कहा कि इससे संकेत मिलता है कि फर्रूखाबाद में भी हलीमा बीबी की संपत्तियां हो सकती हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में भी फर्जीवाड़ा

किसान नेता ने बताया कि छिबरामऊ नगर में हलीमा बीबी की जमीनों पर कई लोगों ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवेदन किए हैं। मोहल्ला बिरतिया और सैय्यदवाड़ा में 15-20 लोगों ने इन जमीनों पर आवास के लिए आवेदन किया है, जिन पर अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट भी लगाई है। ये फाइलें अभी नगरपालिका में मौजूद हैं। गोपाल ने इन आवेदनों की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा यह मामला हलीमा बीबी की संपत्तियों के दुरुपयोग और भूमाफियाओं की सक्रियता को उजागर करता है, जिस पर प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।



## कार की टक्कर से शिवलिंग व खंभे टूटे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत महमूदपुर खास क्षेत्र में बने मंदिर में एक तेज रफ्तार कार जा टकराई, जिससे शिवलिंग सहित दो विद्युत खंभे टूट गए। घटना होते ही कार चालक मौके से कार छोड़कर भाग गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे एक तेज रफ्तार डिजायर कार ग्राम पंचायत महमूदपुर खास पेहनिया के निकट मैन रोड पर स्थित शिव जी के मंदिर से जा टकराई, जिससे शिवलिंग टूट गया। साथ ही दो विद्युत पोल और एक पास खड़ा पेड़ उखाड़ गया। वहीं कार भी बुरी तरह छटग्रस्त हो गई। घटना होते ही कार चालक मौके से कार छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है की गाड़ी के फ्रंट शीशे पर किसी किसान यूनियन का लेवल लगा हुआ है। हालांकि गाड़ी चालक तथा उसके मालिक की अभी तक जानकारी नहीं हो सकी है।

## खबरें एक नजर में

### पश्चिमी बाईपास स्थित प्रतीक्षालय में मिला अज्ञात का शव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर उसकी शिनाख्त के लिए छानबीन शुरू कर दी। मंडी चौकी प्रभारी ने बताया कि गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में किसी अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे और उसके शव को कब्जे में लेकर सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मृतक युवक थाना विशुनगढ़ क्षेत्र का निवासी है। हालांकि अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है और न ही उसकी मौत का कारण पता चल सका है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के शानदार 11 वर्ष के उपलक्ष में 13 जून को शाम 5 बजे से तहसील रोड पर कल्पना पैलेस में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने बताया आयोजित मंडल बैठक में नगर के सभी भारतीय जनता पार्टी के मंडल में निवास करने वाले वर्तमान एवं पूर्व केकार्यकर्ता, पदाधिकारी आमंत्रित है। इसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय पर चर्चा होगी।

### युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैया अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लड़ैता निवासी मनजीत पुत्र राजेंद्र ने किसी अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते परिजनों ने उसे देख लिया और फंदे से उतारकर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहा कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान युवक की हालत गंभीर देख यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### तीन आरोपियों को पांच साल की सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** थाना तिर्वा पर भादवि के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय ने अभियुक्तगण को दोषी पाते हुये 05 -05 वर्ष का सश्रम कारावास व 7500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। थाना क्षेत्र के निवासी एक ग्रामीण ने अभियुक्तगण द्वारा धारदार हथियार से हमला करना जिससे मरणासन्न हो जाने के सम्बन्ध में थाना तिर्वा पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय एडीजे/एफटीसी-।। ने अभियुक्तगण तुलसीराम पुत्र गुरु दयाल, सियाराम पुत्र गुरु दयाल, दारा सिंह पुत्र तुलसीराम निवासी गण ग्राम डडियन थाना तिर्वा को 05-05 वर्ष का कारवास व तीनों पर साढ़े बाइस हजार का जुर्माना से दण्डित किया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा कोहराम

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा

इंदरगढ़ थाना के गोकुल नगरिया गांव में एक युवक ने बुधवार की रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। गुरूवार की सुबह जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची इंदरगढ़ थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

गोकुल नगरिया गांव निवासी पवन कुमार (32) पुत्र लवकुश रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह काफी देर तक जब उसके कमरे का गेट नहीं खुला, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो पवन का शव फांसी के फंदे पर लटकता दिखाई पड़ा। शव को फंदे पर लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों ने घटना की जानकारी इंदरगढ़ थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आतिशबाजी बनाने व बेचने वालों के जांचे लाईसेंस : एडीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- कलेक्ट्रेट में बैठक कर अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में पटाखा निर्माण इकाईयों की सुरक्षा के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी अपने- अपने क्षेत्रों में आतिशबाजी बनाने व बेचने वालों का लाईसेंस की जांच कर सभी विक्रेताओं को निर्देश एवं सावधानियों का पालन भी सुनिश्चित करायें।

कहा कि निरीक्षण के दौरान सत्यप्रतिलिपि ही जांच करें। फोटोकापी मान्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान लाईसेंस की अवधि एवं भण्डारण क्षमता के साथ ही फायर सेफ्टी के निर्देशों का ध्यान रखा जाये। कहा कि भण्डारण का लाईसेंस जिस जगह का हैं। वहीं पर भण्डारण किया जाये। अन्य किसी जगह पर भण्डारण पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। जिन आतिशबाजी दुकानों का लाईसेंस नवीनीकरण नहीं हैं। वह नवीनीकरण होने तक अपनी दुकान को बंद रखेगें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आतिशबाजी विक्रेता अपनी- अपनी दुकान में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवायें।

उन्होनें फायर विभाग को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर समस्त आतिशबाजी बेचने वालों दुकानदारों को अप्रिय घटना के समय सुरक्षा से संबंधित क्या करें- क्या न करें के संबंध में प्रशिक्षण दिलाया जाये। आपदा विशेषज्ञ को निर्देश दिये कि आतिशबाजी से संबंधित जानकारी को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराये। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बर्न युनिट, ट्रामा सेंटर में वार्ड को संचालित किया जाये। बैठक में सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, एसडीएम सदर नवनीता राय, एसडीएम छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र द्विवेदी सहित संबंधित कर्मचारी रहे।




# भारत है विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था: सरिता भदौरिया

- मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर गिनाई उपलब्धियां

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एमएल होटल मे आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन के प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने कहा कि मोदी ने 2014 के बाद देश में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेते ही भारत की आर्थिक विकास गांव गरीब किसान की चिंता करते हुए भारत को एक गौरवशाली भारत बनाने का जो सपना देखते हुए इस ओर काम करना प्रारंभ कर दिया था आज 11 वर्षों के बाद भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज भारत का किसान नौजवान महिलाएं खुशहाल जीवन जी रही है । हमने गरीबों को आवास दिए। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा कोसंकल्प बनाया सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यही नया भारत है आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। भारत का हर वर्ग खुशहाल है। यह सरकार गरीब किसान नौजवान शोषित वंचितों की सरकार जो लगातार समाज के हर वर्ग का विकास कर रही है।

जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, विधायक अर्चना पांडे, विधायक कैलाश राजपूत ने कहा की जब एक गरीब का बेटा देश की प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठा तो उसने देश के खजाने को गरीबों के विकास के लिए खोल दिया आज समाज का हर वर्ग संपन्न है सुरक्षित है और सशक्त है। यही नया भारत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने की।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता व मौजूद अन्य



समीक्षा बैठक करते पुलिस उप महानिरीक्षक हरीश चंदर

## डीआईजी ने समीक्षा बैठककर व्यवस्थाओं को परखा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरीश चंदर न पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक की गई। बैठक में समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जनपद में आगामी जेटीसी/ आरटीसी प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तथा 15 जून को प्रस्तावित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दृष्टिगत अभ्यर्थियों के आगमन, ठहराव आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# तालग्राम रोड को फोरलेन बनाने की मांग, हो रहे हादसे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



अलीगढ़-कानपुर नेशनल हाईवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला तालग्राम रोड अपनी संकरी चौड़ाई के कारण हादसों का पर्याय बन चुका है। इस 17.5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर वाहनों की बढ़ती संख्या और तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले माह इस सड़क पर हुए एक हादसे में ग्राम कल्यानपुर निवासी रंजीत (25) की जान चली गई थी। इससे पहले भी कई लोग इस मार्ग पर अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि सैकड़ों लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं। बहवलपुर बिजली घर, अतिराजपुर, कल्यानपुर मोड़, कपूरपुर मोड़, हाथिन मोड़, पलिया, बमरौली और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड के पास हुए हादसों में कई लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं। रंजीत की मौत भी तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से हुई, जब वह सौरिख रोड के प्राचीन हनुमान मंदिर से भंडारा खाकर लौट रहा था।

### 30 गांवों की जीवनरेखा है यह मार्ग

तालग्राम रोड के किनारे 30 गांव बसे हैं, जिनमें बहवलपुर, कल्यानपुर, अतिराजपुर, कमालपुर, कपूरपुर, त्रिलोकापुर, हाथिन, कसावा, भाउलपुर, पलिया, बूंचपुर, बमरौली, गधड्या ऊसर, रोहली और कुशलपुर शामिल हैं। इन गांवों के हजारों लोग रोजाना इस मार्ग का उपयोग करते हैं। संकरी सड़क और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण इन ग्रामीणों का जीवन खतरे में रहता है।

### जनप्रतिनिधियों ने उठाई चौड़ीकरण की मांग

तालग्राम रोड पर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं से स्थानीय जनप्रतिनिधि भी आक्रोशित हैं। ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल, बहवलपुर सभासद अमित शाक्य, कल्यानपुर प्रधान प्रतिभा मिश्रा, अतिराजपुर प्रधान राजीव तिवारी, हाथिन प्रधान कंचन सविता और पलिया प्रधान साधना दुबे ने कई बार इस मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग उठाई है। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।

### विधायक ने दिया आश्वासन

क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडेय ने तालग्राम रोड की बदहाल स्थिति को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा, हादसों की गंभीरता को देखते हुए तालग्राम रोड का चौड़ीकरण मेरी प्राथमिकता है। जल्द ही मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव सौंपूंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे पर हाई वोल्टेज ड्रामा पत्नी और प्रेमी ने पति को पीटा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- एक माह पहले हुई थी शादी, पत्नी के प्रेमी से थे अवैध संबंध
- लक्ष्मीकांत ने आरोप लगाया कि सोने की चेन और नगदी छीने

हाइवे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब पत्नी और प्रेमी पति के साथ मारपीट कर रहे थे। लोगों ने मारपीट को वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित कर दिया। हालांकि प्रचलित वीडियो की समृद्धि न्यूज़ पुष्टि नही करता है।

जानकारी के अनुसार थाना तालग्राम के गांव नगला खगू निवासी लक्ष्मीकांत का विवाह एक महीना पहले सदर कोतवाली के गांव मानपुर निवासी प्रिया के साथ हुआ था। शादी के बाद भी प्रिया के अपने प्रेमी से अवैध संबंध बने रहे। प्रिया ने अपने पति से जसोदा स्थित एक विद्यालय से मार्कशीट लेने जाने की बात कही। दोनों पति- पत्नी बाइक से जसोदा के लिए निकले। जसोदा के समीप हाईवे पर पहुंचते ही पत्नी ने पति से मिठाई लाने को कहा। जिस पर वह मिठाई लेने चला गया। इस बीच पत्नी अपने प्रेमी के साथ ई- रिक्शा पर बैठकर चली गई। कुछ ही देर बाद लौटे पति को पत्नी वहां नहीं मिली। लक्ष्मीकांत ने आस-पास के लोगों से जानकारी की तो लोगों ने बताया कि वह ई- रिक्शा से कही गई है। पति ने ई- रिक्शा का पीछा किया और पत्नी को रोका इस बीच उसकी पत्नी और प्रेमी ने पति लक्ष्मीकांत के साथ मारपीट कर फरार हो गए। लक्ष्मीकांत ने आरोप लगाया कि सोने की चेन और नगदी छीन ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। लक्ष्मीकांत ने मामले का प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्यवाई की मांग की।

## जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने भू-माफियाओं के खिलाफ खोला मोर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर डिग्गीताल की भूमि पर अवैध कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। ज्ञापन में दर्शाया कि ठडी सड़क स्थित डिग्गीताल की भूमि पर अनेकों लोगों ने कब्जा किया था। प्रशासन ने कुछ भी कार्यवाही नहीं की। भू-माफिया ने कब्जा करके एक होटल बना दिया है। डिग्गीताल की भूमि का क्रय विक्रय करने के वालों के विरुद्ध अब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराकर व्यवसाय उपयोग में लेने पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। शासन की मंशा के अनुरुप भू-माफिया घोषित किये जा चुके है। सरकारी जमीन पर तालाब, पजाबा, कब्रिस्तान होते हुए उनको भू-माफिया घोषित न करना निंदनीय है। मुख्यमंत्री से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है, साथ ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, कानून मंत्री, राज्यपाल, राजस्व मंत्री, मण्डलायुक्त आदि को प्रति भेजी गई है।



# खनन निरीक्षक ने अवैध खनन करते पकड़ा तीन ट्रैक्टर-ट्राली व एक जेसीबी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

खनन निरीक्षक ने छापेमारी कर अवैध खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर ट्राली व एक जेसीबी को पकड़ लिया। पकड़े गए वाहनों को खनन निरीक्षक ने पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार गांव निजामुद्दीनपुर के ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह एसडीएम कायमगंज को गांव के निकट जेसीबी के माध्यम से खनन होने की सूचना दी। एसडीएम के निर्देश पर खनन निरीक्षक संजय सिंह ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर व एक जेसीबी से खनन चल रहा था। पुलिस को देखते ही चालक तीन ट्रैक्टर भगा ले गए अन्य चालक ट्रैक्टर व जेसीबी को छोड़कर मौके से फरार हो गए। खनन निरीक्षक ने पकड़े गए वाहनों को थाने लाकर खड़ा कर दिया। पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर दिया। ग्रामीणों ने दबी जुबान बताया कि क्षेत्र में थाने के एक सिपाही की शह पर निर्बाध रूप से अवैध खनन जारी है। गांव नूरपुर, नसरुल्लाहपुर, तलफी नगला, कारव, पहाड़पुर, निजामुद्दीनपुर, सिवारा, बिल्सड़ी, जिजौटा बुजुर्ग, बहलोलपुर, राईपुर चिनहटपुर आदि गांवों में अवैध खनन का काम जोरों पर है। नूरपुर गांव में खेतों से निकाल कर बालू के ऊंचे ऊंचे टीले बना लिए गए हैं। जिस पर आजतक किसी भी अधिकारी की नजर नही पड़ी है।

बालू माफिया की व्यवस्था इतनी चौकस है कि खनन विभाग प्रशासनिक अधिकारियों के छापे की सूचना पहले ही माफियाओं को हो जाती है जिससे कुछ समय के लिए खनन रोक दिया जाता है। इसके बाद मामला फिर जस का तस हो जाता है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया अवैध खनन में जेसीबी व ट्रैक्टर पकड़े गए हैं। खनन निरीक्षक के निर्देश पर सभी को सीज कर दिया गया है।



थाने में खड़ी जेसीबी



मिट्टी से लदे खड़े ट्रैक्टर-ट्राली

# पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, दो बच्चे घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा पर सवार यात्री घायल हो गये। उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को गोपाल पुत्र नरेश निवासी निराला नगर थाना कादरीगेट तथा अनीसा उम्र 02 पुत्री जाकिर निवासी छिबरामऊ जनपद कन्नौज अपने-अपने परिजनों के साथ ई-रिक्शा में बैठकर अपनी रिश्तेदारी हैवतपुर गढ़िया जा रहे थे। कादरीगेट के आगे शनिदेव मंदिर के पास ई-रिक्शा में पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गये। घायलों को परिजनों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। पिकअप का नंबर यू.पी.76टी5142 बताया गया है। चालक का नाम जीतू बताया जा रहा है। घटना के बाद पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया है।



**लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल बच्चे**

# भीषण गर्मी में एसी-कूलर भी फेल, नहीं मिलेगी अभी राहत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी से लोग ही नहीं, बल्कि पशु पक्षी भी बेहाल हैं। हालात यह हैं कि दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा दिख रहा है। लोग सुबह या फिर शाम को अपने जरुरी काम निपटा रहे हैं।

गुरुवार को पारा करीब 42 के पार चला गया। जिससे लोग गर्मी से बेहाल दिखे। ऐसे में शीतल पेय जैसे शिकंजी, कोल्डड्रिंक या गन्ने का जूस खूब बिक रहा है। जो लोगों को गर्मी से कुछ राहत दे रहा है। दोपहर में बाजार हाट निकलने वाले लोग भीषण गर्मी से बचने के लिए सर पर अंगौछा आदि बांधकर निकल रहे हैं। वहीं महिलायें व युवतियां मुंह व सिर को पूरी तरह से ढककर ही बाहर निकल रही हैं। इंसान ही नहीं पशु पक्षी भी बेहाल नजर आ रहे हैं। ऐसे में एसी व कूलर भी गर्मी दूर करने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। थोड़ी बहुत अगर राहत देते हैं, तो बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं। कुल मिलाकर पसीना सूखने का नाम नहीं ले रहा है। गर्मी में पेड़ पौधे भी मुरझा गये हैं। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को तेज धूप से गर्मी ज्यादा महसूस हो सकती है। भीषण गर्मी के चलते अस्पतालों में मरीजों की काफी भीड़ उमड़ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि उल्टी, दस्त व पेट रोग के मरीज ज्यादा आ रहे हैं।



झुलसी देने वाली गर्मी से बचती युवतियां

# पति तथा देवर से प्रताड़ित महिला पहुंची कोतवाली

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में अपने पति व देवर के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा कि उसका देवर उसके साथ आए दिन गलत नीयत से अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ करता है। इसकी शिकायत जब महिला ने अपने पति से की, तो पति ने कहा कि घर की बात घर में ही रहने दो तथा उल्टा महिला पर आरोप लगाकर अपने भाई के साथ मिलकर महिला के साथ मारपीट की। महिला ने थाने में मौजूद महिला उप निरीक्षक को पूछताछ के दौरान बताया कि वह ढाई माह की गर्भवती थी। मारपीट में उसके पेट में चोट लग गई। जिससे पेट में दर्द होने लगा। जिस पर उसका पति उसे मुरहास कन्हैया स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गया तथा उसका गर्भपात करा दियाष। जिसकी शिकायत महिला ने अपने भाई तथा मां से की। सूचना मिलते ही महिला का भाई उसकी ससुराल आया और अपने बहनोई व उसके भाई को समझाने का प्रयास करने लगा, तो महिला के पति ने अपने भाई के साथ मिलकर उसके साथ भी मारपीट की। महिला ने बताया कि देवर ने उसका 10 माह का बच्चा भी छीन लिया तथा महिला को घर से भगा दिया। पीड़ित महिला अपनी मां के साथ कोतवाली आई तथा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने महिला उपनिरीक्षक को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। थाना पुलिस महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# भीषण गर्मी में जले में नमक छिड़क रही बिजली कटौती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बिजलीचालित उपकरण शोपीस बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और ऊपर से बिजली कटौती जले में नमक छिड़कने का काम कर रही है। जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार वैसे तो बिजली कटौती रोज हो रही है, लेकिन गुरुवार को बिजली कटौती ज्यादा देखने को मिली। शाम को घंटों लाइट गायब रही। जिससे लोग भीषण गर्मी में बिलबिला उठे। लोग गर्मी से बचने के लिए छतों पर टहलते नजर आये। बताते चलें कि भीषण गर्मी में एसी व कूलर आदि चलने से पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। थोड़ी बहुत देर के लिए बिजली आती है और चली जाती है। बिजली की आंखमिचौली से लोगों का जीना दुश्वार हो गया। अब तो लोग पानी बरसने की आस लगाये बैठे हैं, क्योंकि पानी बरसने पर ही भीषण गर्मी से निजात मिल सकती है। जब तक जमकर वारिश नहीं होगी, तब तक गर्मी से निजात मिलने वाली नहीं है। शाम 6:30 बजे बिजली चली गयी, जो घंटों गायब रही। जिससे बिजलीचालित उपकरण शोपीस नजर आये। वहीं बिजली न आने से लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि गर्मी में पानी की खपत अधिक होती है।




भोलेपुर विद्युत उपकेंद्र

## खबरें एक नजर में

### घर के बाहर गड्ढे में पानी डालने पर गाली-गलौज व मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता धनदेवी पत्नी दलवीर सिंह निवासी ग्राम मिर्जा नगला थाना कमालगंज की रहने वाली है। दिनांक 27.05.2025 को सुबह 8:30 बजे मेरा 15 वर्षीय पुत्र नितिन बाहर पडी मिट्टी को अंदर गड्ढा भरने के लिये डाल रहा था, तभी पड़ोसी प्रेमपाल पुत्र ईश्वरदयाल व चांदनी पुत्री ईश्वरदयाल और ईश्वरदयाल की पत्नी नाम नामालूम उक्त लोगों ने पुत्र नितिन के साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों से मारपीट की। मारपीट में मेरे पुत्र नितिन के शरीर में चोटे आई है। पीड़िता आज पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांहग की है।

### पुत्री को परेशान करने का आरोप लगाकर की मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने पुत्री को परेशान करने का आरोप लगाकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित हारुन खाँ पुत्र अशफाक खाँ निवासी नगला खेम रैगाई थाना कमालगंज का मूल निवासी है। दिनांक 29.05.2025 को समय लगभग 10:30 बजे मैं अपने दरवाजे पर बड़े भाई अताउल्ला के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। उसी समय मेरे बड़े भाई के समधी अब्बास अली पुत्र रज्जाक अली व अखलाक उर्फ रानू व साजिद अली व माजिद अली निवासीगण ढपलपुर भोजपुर थाना कमालगंज आए तथा यह कहते हुए कि तुम मेरी लड़की को परेशान कर रहे हो गाली-गलौज करते हुए मेरे बड़े भाई अताउल्ला व मुझे लात-घूसों एवं धारदार हथियार से मारने पीटने लगे। शोर सुनकल आसपास के लोगों के आ जाने पर उक्त लोग चले गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### घटतौली की शिकायत कर कोटा निरस्त करने की ग्रामीणों ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घटतौली व जानमाल की धमकी देने के मामले में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कोटेदार के खिलाफ शिकायत कर कोटा निरस्त किये जाने की मांग की। संकिसा बसंतपुर के ग्राम मेरापुर निवासी ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि कोटेदार अक्षय कुमार पुत्र स्व. श्रीकृष्ण दबंग व झगड़ालू किस्म के व्यक्ति है। राशन लेने आने वाले ग्रामीणों के साथ अभद्रता व बदसलूकी करते हैं और घटतौली करते हैं। खुलेआम राशन उपभोक्ताओं से कहते हैं कि मानक से 02 किलो कम राशन कम देंगे, जब कोई उपभोक्ता राशन कार्ड धारक मौखिक रूप से विरोध करता है, तो कोटेदार अक्षय कुमार कहते हैं कि ऊपर से राशन कम मिलता है, इसलिये 02 किलो कम राशन प्रति कार्ड धारक को मिलेगा और धमकी भी देते है। कोटेदार ने कहा कि पूर्व में की गयी शिकायत के क्रम में कोटा निरस्त हुआ था। जिसे मैंने 4 लाख रुपये रिश्वत देकर बहाल करा लिया है। जब कोई कार्ड धारक कहता है कि मानक के अनुसार राशन दो, तो कोटेदार धमकी देता है कि राशन कार्ड निरस्त करा देंगे। ग्रामीणों ने जांच कराकर कोटा निरस्त करने की मांग की है।

# ताइक्कांडो प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय ब्रह्म दत्त द्विवेदी स्टेडियम में ताइक्कांडो प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र राजपूत, डॉ. सुबोध वर्मा, डॉ. रजनी सरीन, डॉ. वंदना द्विवेदी, राहुल राजपूत, अंजुम दुबे, अध्यक्ष जिला ओलंपिक एसोसिएशन अवनींद्र कुमार, सचिव जिला ओलंपिक एसोसिएशन भूपेंद्र प्रताप सिंह, शीश मल्होत्रा, गुंजा जैन, राणा हिजाब मौजूद रहे। संचालन वैभव सिंह ने किया। दक्षिण कोरिया से आए प्रशिक्षक यांग ली ने बच्चों के प्रशिक्षण का प्रदर्शन कराया। सांसद ने खेल की महत्वता पर प्रकाश डाला और अच्छे कार्यक्रम के लिए सभी की सराहना की। डॉ. सुबोध वर्मा ने बच्चों से मेहनत करने के लिए कहा, जिससे हड्डियां मजबूत रहे और संतुलित आहार करने का आवाह्न किया। डॉ. वंदना द्विवेदी ने बच्चों को कर्मशील बनने का आशीर्वाद दिया। क्रीड़ा अधिकारी की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र और बेल्ट तथा कुछ चित्र वितरित किए गए। सभी अभिभावकों और स्टेडियम में उपस्थित सभी लोगों को एक-एक पौधा मां के नाम से लगाने का के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया और ताइक्कांडो के सचिव अजय प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि जनपद में ऐसे आयोजनों की बहुत आवश्यकता है और विशेष रूप से बेटियों को आत्मरक्षा सुरक्षा और जीविकोपार्जन के लिए ताइक्कांडो का प्रशिक्षण लेना बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# बरामद किये गये 151 मोबाइल, एसपी ने स्वामियों को सौंपे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा देश के विभिन्न राज्यों व विभिन्न जनपदों व जनपद के थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन गुमशुदगी से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्र जिन्हें सर्विलांस पर लगाकर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था।

सर्विलांस सेल द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरूप विभिन्न कम्पनियों के कुल 151 एंड्रॉयड मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 33 लाख रुपये बतायी गयी है, बरामद किये गये। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने मोबाइल स्वामियों को सूचना देकर उन्हें बुलाया और मोबाइल उनके सुपुर्द कर दिये। खोये हुए मोबाइल पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे खिल गये।



बरामद मोबाइलों के संबंध में जानकारी देंती एसपी

# शिविर में इलाज कराने पहुंचे 180 मरीज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

समर्पण सेवा समिति व सी.पी. मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगे निःशुल्क शिविर में भीषण गर्मी के चलते हैजा, कालरा व बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा रही। शिविर में कुल 180 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया।

ग्रामीणों के आह्वान पर सी.पी. मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. मिथलेश अग्रवाल के निर्देशन में ग्राम पुरौरी में सूर्यदेव मंदिर प्रांगण में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भयंकर नौतपा के चलते ग्राम हरकरनपुर, कादरदादपुर सराय आदि ग्रामों के बुखार, उल्टी, दस्त, खांसी, जुकाम, वी.पी., सुगर, हड्डी सहित अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिक रही। शिविर में कुल 180 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर दवाई वितरित की गयीं। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान राजेश पाल, प्रधानाचार्य अवनीश दुबे व चिकित्सक शिवम त्रिपाठी ने किया। गंभीर मरीजों को हॉस्पिटल रेफर किया गया। जहां पर चिकित्साधिकारी डॉ. मंगल पाण्डेय ने मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान कंपिल मंडल अध्यक्ष दीपू यादव, सलिन दुबे, नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, अतुल शाक्य, विकास शाक्य सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।




शिविर में मौजूद मरीजों को देखते चिकित्सक

# शिविर लगाकर दिव्यांगों की सुनी गईं समस्यायें




**शिविर में मौजूद अधिकारी व दिव्यांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उच्च न्यायालय के निर्देशन में अहिल्याबाई मानिक मंदित संस्थान में दिव्यांग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मनोवैज्ञानिक दीप्ति, जिला प्रवेश अधिकारी आदि उपस्थित रहे। संस्था में वर्तमान में 21 मानसिक मंदित निवास कर रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उनके खानपान और सहन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पाई गई। उक्त अवसर पर दिव्यांगों को योग चटाई और फलाहार का वितरण किया गया। संस्था अधीक्षक निर्देशित किया गया कि दिव्यांग हेतु कूलर की व्यवस्था तत्काल की जाए और मीनू के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जाए।

# राष्ट्रीय लोक दल ने की "चलो गाँव की ओर" एवं सदस्यता अभियान की शुरुआत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत शमसाबाद के ग्राम गदनपुर में राष्ट्रीय लोकदल की क्षेत्रीय बैठक सम्पन्न हुई। प्रदेश सचिव आमिर साबरी ने कहा आजादी के बाद अगर किसी ने किसानों के हितों की रक्षा और भलाई की बात की और किसानों को आंदोलित किया तो वह एक ही व्यक्ति थे किसानों के मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह। उन्होंने शमसाबाद में आयोजित राष्ट्रीय लोकदल के कार्यक्रम चलो गांव की ओर एवं सदस्यता अभियान की। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले सरदार वल्लभ भाई पटेल के भाई विठ्ठल भाई पटेल की अहम भूमिका रही, जो किसानों के लिए आंदोलन करते थे। गांधी जी के कहने पर सरदार पटेल अपनी वकालत छोड़ किसानों की वकालत करने में लग गए। जिससे अंग्रेज सरकार झुकी, लेकिन उनके बाद किसानों की बात सिर्फ चौधरी चरण सिंह ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसान, मजदूर, पिछड़ों का दल है। इसलिए हमें किसान आंदोलन के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा चौधरी साहब सरकार में रहते प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई से लड़ गए। उन्होंने ही उठाई कि अस्सी प्रतिशत शहर में खर्च होता है, जबकि बीस प्रतिशत गाँव में, लेकिन अब अस्सी बीस को जातिवाद में बाँट दिया गया है। महिलाओं के खेत में शौच जाने की बात भी चौधरी चरण सिंह द्वारा ही उठाई गई थी। उन्होंने ने ही कहा था कि गांव में ही शौचालय बनाये जाए। यही नहीं मनमोहन सरकार में जो नरेगा योजना लागू हुई थी, यह फूड फॉर वर्क योजना चौधरी द्वारा चालू की गई योजना का ही हिस्सा है। उन्होंने पंचायत चुनाव भी अपने दम पर लड़ने का एलान किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों की कथित हितैषी पार्टियां सिर्फ मुस्लिमों का वोट तो लेती हैं, मगर मुस्लिमों के लिए कुछ नहीं करतीं। इस दौरान लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ली। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूरज सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह, अनिल सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# एचटी लाइन का तार टूटने से दो घरों की गृहस्थी खाक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से दो घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉव पपड़ी निवासी सुखेन्द्र व वीरेन्द्र उर्फ विनोद कुमार पुत्रगण मेवाराम के मकान की छत के ऊपर से गुजरी 440 वोल्ट की विद्युत लाइन जो आए दिन टूटती है। गुरुवार को विद्युत लाइन टूटने से दो भाईयों की झोपड़ी में आग लग गई। आग लगने से गाँव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों से पानी भरकर आग पर डाला। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से घरेलू सामान सहित खाद्यान्न जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया 440 वोल्ट की विद्युत लाइन को हटवाने के लिए ग्रामीण कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन विद्युत विभाग नहीं सुन रहा है। जिससे आज यह घटना घट गयी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही विद्युत लाइन न हटायी गयी, तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



धू-धू कर जलती झोपड़ी



घरों के ऊपर से निकली एचटी लाइन

# रांग साइड ड्राइविंग में पुलिस एफआईआर करे दर्जः डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न
- पांचाल घाट पुलिस चौकी के पास टूटे मार्ग को एनएचएआई को तत्काल सही कराने के निर्देश
- रोडवेज बस स्टैण्ड व कादरीगेट से लालगेट तक अतिक्रमण हटाने के निर्देश



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने समिति को बताया कि माह मई 2025 में 43 सड़क दुर्घटनाओं में 27 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि मई 2024 में 33 सड़क दुर्घटनाओं में 14 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। मई 2025 में जनपद में दुर्घटनाओं की संख्या में 30.30 प्रतिशत की वृद्धि तथा मृतकों की संख्या में 92.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दुर्घटना के आंकड़ों की समीक्षा में यह पाया गया कि माह मई 2025 में जनपद में 43 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं। जिनमें 20 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 24 व्यक्ति घायल हुये हैं। इनमें से 33 सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम एक दो पहिया वाहन शामिल है। 07 दुर्घटनाओं में शामिल दोनों वाहन दो पहिया थे, जिनमें 05 व्यक्तियों की मृत्यु हुई व 04 व्यक्ति घायल हुये। पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख करें कि दुर्घटना में शामिल कितने दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेल्मेट का प्रयोग किया जा रहा था।

वर्तमान वर्ष में माह मई 2025 तक 177 सड़क दुर्घटनाओं में 113 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि माह मई 2024 तक 162 सड़क दुर्घटनाओं में 92 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। माह मई 2025 तक दुर्घटनाओं की संख्या में 9.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मृतकों की संख्या में 22.83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि उत्तर प्रदेश में इस अवधि में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 16.3 प्रतिशत तथा मृत्यु की संख्या में 13.1 प्रतिशत की कमी आई है। डीएम ने एनएचएआई के अधिकारियों को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी चौराहा पर पांचाल घाट पुलिस चौकी के पास मार्ग टूट जाने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका के दृष्टिगत तत्काल निर्माण करने, एनएचएआई के 94 जंक्शन में से 70 जंक्शनों पर ही सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण होने तथा शेष जंक्शनों पर सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण करने, नेकपुर चौरासी रेलवे ओवर ब्रिज के पंहुच मार्ग की ऊंचाई अधिक होने के कारण रात्रि में दुर्घटना होने की सम्भावना होने के दृष्टिगत मार्ग के दोनों ओर क्रैश बैरियर लगाया जाने तथा इटावा-बरेली मार्ग पर पांचाल घाट सेतु की प्रत्येक दशा में मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जनपद के सभी चौराहों पर जहां-जहां ट्रैफिक लाइट चालू हो गयी है, वहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने हेतु जैब्रा लाइन बनवाने एवं सुधारीकरण की कार्यवाही न करने पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता लो.नि.वि.(प्रा0ख) से अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा प्रत्येक स्थिति में 30 जून तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही मसेनी चौराहे से कादरीगेट तक नवनिर्मित मार्ग पर अभी रोड साइन नहीं लगे हैं तथा कुछ विद्युत पोल मार्ग के बीच में आ गये हैं, विशेषकर मसेनी से लोहिया अस्पताल की ओर जाते हुये मोड़ पर विद्युत पोल अत्यन्त खतरनाक स्थिति में है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा है होने कारण विद्युत पोल को शिफ्ट कराते हुये एक माह के अन्दर रोड साइनेज लगाने के निर्देश लो.नि.वि.(प्रा0ख) दिये गये। यातायात कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 2025 में माह मई तक हिट एण्ड रन की 44 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 49 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं तथा 28 व्यक्ति घायल हुये हैं। वर्ष 2024 में हिट एण्ड रन की 66 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 43 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी तथा 28 व्यक्ति घायल हुये थे। सड़क दुर्घटनाओं में कारणों की पहचान में एआरटीओ ने बताया कि जनपद में अधिकतर दुर्घटनायें पूर्व में ब्लैक स्पॉट्स पर घटित होती थीं। वर्तमान में दुर्घटनाओं की संख्या राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, अन्य जिला मार्गों पर अधिक हुई हैं। जनपद में घटित लगभग 60 प्रतिशत दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है। मुख्यमंत्री द्वारा 2 जून को आहूत वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिया गया कि रांग साइड ड्राइविंग के मामलों में पुलिस द्वारा कठोरतम कार्यवाही की जाये। इस सम्बन्ध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 के अन्तर्गत भी कार्यवाही की जा सकती है। जिसमें छः माह तक का कारावास या एक हजार तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। रांग साइड ड्राइविंग के कारण मृत्यु होने पर किसी भी प्रकार के मुआवजे हेतु कोई भी दावा शासन को नहीं भेजने के निर्देश दिये गये। माह मई 2025 में ब्लैक स्पॉट पर 04 दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिसमें 02 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 03 व्यक्ति घायल हुये हैं। ये सभी ब्लैक स्पॉट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हैं। यातायात कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार इस वर्ष अभी तक 16 सड़क दुर्घटनायें ब्लैक स्पॉट पर हुई हैं।

परिवहन विभाग द्वारा 95 ड्राइविंग लाइसेन्स का निलम्बन का निलम्बन किया गया है, जिनमें 18 मोबाइल फोन के प्रयोग, 02 ड्रंकन ड्राइविंग, 02 ओवर स्पीड तथा 73 ओवरलोडिग के अभियोग में निलम्बित किये गये हैं, जबकि स्थानीय पुलिस विभाग से कोई ड्राइविंग लाइसेन्स निलम्बन हेतु प्राप्त नहीं हुआ है। राह-वीर योजनाः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 21 अप्रैल से राह-वीर योजना प्रारम्भ की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत घातक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के उपरान्त एक घण्टे (गोल्डन ऑवर) के अन्दर अस्पताल पहुंचाने से घायल के जीवित रहने पर 25 हजार रुपये के पुरस्कार का प्राविधान है। घातक दुर्घटना में बड़ी सर्जरी, न्यूनतम तीन दिन अस्पताल में रहना, मस्तिष्क की चोट रीड़ की हड्डी की चोट एवं इलाज के दौरान घायल की मौत सम्मिलित है।

भारत सरकार द्वारा गुड सेमेरिटन (नेक आदमी को पुरस्कृत) किये जाने हेतु नयी योजना प्रारम्भ की गयी है। राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से मृतकों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। डीएम ने क्षेत्राधिकारी यातायात, बैठक में उपस्थित थानाध्यक्षो, अधिशासी अभियन्ता लो.नि.वि. तथा ईओ न.पा. फर्रुखाबाद को टीम बनाकर रोडवेज बस अड्डा, कादरीगेट तथा लालगेट से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। बैठक में परियोजना निदेशक एनएचएआई शिवम सिंह, अधिशासी अभियन्ता लो.नि.वि. मुरलीधर व अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात ऐश्वर्या उपाध्याय, सहायक आयुक्त राज्य कर अनिरूद्ध कुमार राय, डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह, विनोद कुमार ईओ न0पा0 फर्रुखाबाद, दीपक कुमार थानाध्यक्ष फर्रुखाबाद, राजीव पाण्डेय, थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद कुमार सिंह व टीएसआई सतेन्द्र कुमार आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने डॉ. धन्नू लाल गौतम को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कार भारती के पूर्व राष्ट्रीय संगीत विधा सह संयोजक, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष झांसी एवं पूर्व उपाध्यक्ष संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश डॉ. धन्नूलाल गौतम के निधन से कला जगत में शोक की लहर है। कला साधकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

संस्कार भारती द्वारा गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मदन मोहन कनोडिया इंटर कॉलेज में किया गया। डॉ. धन्नू लाल गौतम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रान्तीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि डॉ. धन्नू लाल गौतम ने अपना सारा जीवन कला साधना में और कल साधकों के मध्य व्यतीत किया। उन्होंने राष्ट्रीय संगीत विधा सह संयोजक के दायित्व का निर्वहन किया। वे अपने अंतिम समय तक बीमार होने पर भी बैठकों एवं कार्यक्रमों में शामिल हुए और अपना मार्गदर्शन दिया। वह अत्यंत सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी थे। वह कई बार फर्रुखाबाद भी आए। उनके पुत्र झांसी के जिला पंचायत अध्यक्ष है। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, समरेंद्र शुक्ल कवि, अरविन्द दीक्षित, गौरव मिश्रा, अर्पण शाक्य, रवींद्र भदौरिया, नरेन्द्र नाथ मिश्रा, रामेंद्र कमठान, रजनी लौंगवानी, हेमलता श्रीवास्तव, नेहा सक्सेना, कोमल शर्मा, किरण त्रिवेदी, प्रिया वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



श्रद्धांजलि देते लोग

## पुश्तैनी मकान बंटवारे को लेकर परिजनों में मारपीट

**जालौन,उरई।** अलग अलग मामलों में पुश्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर परिजनों के बीच विवाद हो गया। दोनों। मामलों में पीड़ित पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुरखीबाल निवासी अख्तर व उनके परिजन समीर निवासी सूरत गुजरात के बीच पुश्तैनी मकान को लेकर विवाद है। इसी को लेकर गुरुवार की सुबह दोनों के बीच विवाद हो गया। मौके पर मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है। उधर, नारोभास्कर निवासी रहीस ने पुलिस को बताया कि उनका भतीजा असद पुश्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर विवाद करता है। कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन मानता नहीं हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भतीजे के खिलाफ कार्रवाई की है।



बंदियों को योग कराते रामकृपाल मिश्र

## केंद्रीय कारागार में बंदियों को कराया गया योगाभ्यास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ के दोषसिद्ध बंदियों को तनाव मुक्त रहकर सकारात्मक जीवन जीने की कला के विकास हेतु द आर्ट ऑफलिविंग संस्था के तत्वावधान में गुरुकुल के पूर्व प्रबंधक एवं योग शिक्षक रामकृपाल मिश्र के कुशल निर्देशन में तीन दिवसीय योग शिविर चल रहा है। जिसमें रामकृपाल मिश्र ने शरीर को ऊर्जा मिलने बाले स्रोतों जैसे श्वास, भोजन, नींद, ध्यानस्थ, प्रसन्न मन के बारे विस्तृत रूप से बताया। शिविर में ध्यान, प्राणायाम, भास्त्रिका, सूर्य नमस्कार और धनुरासन का अभ्यास कराया। वरिष्ठ अधीक्षक आशीष त्रिपाठी ने बंदियों को निरंतर योग करने के लिए उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जेलर करुणेन्द्र यादव ने कहा योग करने से मन नियंत्रित रहता है।

# यूपी बोर्ड के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## टैबलेट व पुरुस्कार की धनराशि पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे



सम्मानित छात्र-छात्रायें व अधिकारी, जनप्रतिनिधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभगार में वर्ष 2025 के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं पुरुस्कार धनराशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य मौजूद रहे।

जनपद में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में जनपद में टॉप टेन 10 छात्र-छात्रओं को 21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा, महामंत्री भाजपा, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे। वर्ष 2025 की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जनपद स्तर पद प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में भव्या पटेल, चाहत सक्सेना, सृष्टि, निहारिका वर्मा, शिवांगी सक्सेना, दीपांशू, आराध्या राठौर, प्रशांत राजपूत, नागेन्द्र सिंह, प्रशांत सिंह व इंटरमीडिएट में अर्पित कुमार, वानी कटियार, शिखा, सचिन गुप्ता, रमन, कशिश अवस्थी, रिया राजपूत, मोहम्मद फजल, रिशांत कटियार, संजना को सम्मानित किया गया।

# प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में सेवा सुशासन व योजनाओं की दीं जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मसेनी चौराहे स्थित एक गेस्ट हाउस में प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे, सांसद मुकेश राजपूत एवं अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने धन्यवाद देते हुए संगठन की आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस प्रोफेशनल मीट में अधिवक्तागण, चिकित्सक एवं सामाजिक लोगों की भागीदारी रही। शिव महेश दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है। इन 11 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है भारत की रक्षा ताकत को पूरी दुनिया ने देखा है। संगठन के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है वह घर-घर जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य करें। विपक्षी दल षड्यंत्रकारी तरीके अपनाकर सरकार के किए हुए कार्यों पर भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। सांसद मुकेश राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारत अमृत कल की ओर बढ़ गया है, जो कार्य 2014 से पहले किसी भी सरकार द्वारा नहीं किए गए वह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में पूर्ण करके दिखाया है। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा भारत विकसित तभी होगा जब संगठित होगा। जो राजनीतिक दल सिर्फ जातिवाद और धर्मवाद पर काम कर रहे हैं ऐसे राजनीतिक दलों का भविष्य खतरे में आ गया है। जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन और सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य है संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी घर-घर जाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियो की जानकारी को पहुंचाने का कार्य करें। संचालन अभिषेक बाथम ने किया। इस अवसर पर प्रांशु दत्त द्विवेदी, कुलदीप गंगवार, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, सतपाल सिंह, डीएस राठौर, वीरेंद्र कठेरिया, सुनील रावत, जिला मंत्री गुरुचरन आजाद, ममता सक्सेना, धीरज शंखवार, रमला राठौर, प्रबल त्रिपाठी, अमरदीप दीक्षित, प्रभात अवस्थी, अतुल दीक्षित, गोपाल राठौर, रश्मि दुबे, बबीता पाठक, मुकेश गुप्ता, अनिल प्रताप सिंह, धर्मेंद्र राजपूत, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद कार्यकर्ता

## मांगकर ले गये गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त, ठीक कराने से मुकरा

**कोंच,जालौन।** आराजीलेन निवासी सज्जीत कुमार पुत्र नवल किशोर जाटव एड.ने गुरुवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 20 फरवरी को उसकी एक्सयूबी गाड़ी यूपी 92 वाई 0222 उरई निवासी एक व्यक्ति स्वयं के काम से उससे मांग कर ले गया था। वह व्यक्ति उसे भी अपने साथ गाड़ी में बैठा ले गया था। शाम 4 बजे जैसे ही गाड़ी राठ के आगे पहुंची थी तभी उस व्यक्ति ने लापरवाही बरतते हुए गाड़ी खाई में पलटा दी थी जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी थी और उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। उस समय उस व्यक्ति ने खुद ही गाड़ी सही कराने और इलाज में खर्च हुए रूपये देने की बात उससे कही थी। स्वास्थ्य लाभ के बाद 11 मई को रुपये मांगने पर उस व्यक्ति ने कोंच-उरई रोड पर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर उसकी जेब में से 5 हजार.रुपये निकाल लिए थे व जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया था।

# नागरिक सुरक्षा विभाग के समस्त कमांडिंग आफिसर्स की बैठक सम्पन्न



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/नियंत्रक/ नागरिक सुरक्षा की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा की आपातकालीन एवं आवश्यक सेवाओं के समस्त समादेष्टा अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समादेष्टा अधिकारियों के नागरिक सुरक्षा सम्बन्धी दायित्वों से उन्हें अवगत कराने/अनुश्रवण हेतु आयोजित की गयी।

समस्त अधिकारियों द्वारा परिचय के उपरान्त उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा कानपुर नगर शिवराज सिंह ने नागरिक सुरक्षा की आपातकालीन सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी आवश्यकता एवं उपयोगिता की कार्ययोजन्त्र का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपस्थित नागरिक सुरक्षा सेवाओं के समादेष्टा अधिकारियों को सेवाओं से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियों दी गयीं तथा अपेक्षा की गयी कि समस्त विभागों के अधिकारियों को समन्वय हेतु प्रशिक्षण आयोजित करायें। शिवराज सिंह ने बैठक में उपस्थित नागरिक सुरक्षा सेवाओं के समस्त कमांडिंग आफिसर्स को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया कि आपातकालीन परिस्थितियों में बहुत सी जन समस्यायें उत्पन्न हो जाती है, जिसे सामान्य करने में न केवल नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका पर्याप्त होती हैं, बल्कि अन्य विभागों की सहभागिता भी आवश्यक होती है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों के पदेन समादेष्टा अधिकारी बनाया गया हैं। इन पदाधिकारियों को किसी भी तरह की आपदा से निपटने हेतु उनकी सेवाओं के उत्तरदायित्वों के प्रति जानकारी दी गयी। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ नोडल द्वारा अपेक्षा की गयी कि जनपद के संभ्रांत नागरिक नागरिक सुरक्षा संगठन से जुड़कर नागरिक सुरक्षा के कार्यकलापों में अपना सहयोग कर राष्ट्रहित में अपना सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी/ नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त सेवाओं के समादेष्टा अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करें तथा प्रशिक्षण हेतु समय सारणी तैयार कर नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित करायें। समस्त समादेष्टा अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि वह शासन की अपेक्षा के अनुरूप नागरिक सुरक्षा कार्यों में समन्वय एवं अनुश्रवण हेतु अपना समुचित सहयोग प्रदान करेगें। जिससे किसी भी आपदा के समय उनका उपयोग किया जा सके। बैठक में उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि अपने संस्थान में नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण आयोजित करायें साथ ही औद्योगिक संस्थानों पर भी प्रशिक्षण का आयोजन करायें। समस्त सम्बन्धित विभाग कार्मिकों की सूची तैयार कर अपर जिलाधिकारी वि./रा./ नोडल को उपलब्ध करायें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, एएमसी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, ई.ई. जलकल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, इंसपेक्टर होमगार्ड, सहायक अभियन्ता, पी.डब्ल्यू.डी., एस.एन.ए.ए जोन-2, ई.ई. जलकल, टी.एस. जोन, ए.जी.एम. (प्रशासन एवं प्लानिंग) बीएसएनएल, चीफ वार्डेन, प्र. डिप्टी चीफ वार्डेन, उपनियंत्रक, समस्त सहायक उपनियंत्रक आदि उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर गिनाई गयी उपलब्धियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा कार्यालय आवास विकास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद मुकेश राजपूत ने पत्रकार वार्ता में कहा 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बीजेपी की सरकार बनी। 2014 से लेकर 2025 तक इन 11 वर्षों में केंद्र की सरकार ने गांव गरीब किसान नौजवान महिला और दलित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए है। एक विकसित भारत की संकल्पना के साथ 2047 तक इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए केंद्र की सरकार निरंतर दिन-रात भारत को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का कार्य कर रही है जो मुद्दे कभी सुलझाया नहीं जा सके थे जैसे धारा 370, भव्य राम मंदिर निर्माण, आर्टिकल 35, तीन तलाक इन सभी को मोदी सरकार ने सुलझाने का कार्य किया। भारतीय संस्कृति वह मजबूत करते हुए भारत के पौराणिक स्थलों को पूर्ण जीवित करने का कार्य किया। पिछड़े वर्ग को सम्मान दिलाते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया। महिला सशक्तिकरण पर कार्य करते हुए 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया गया। सड़क बिजली पानी जैसी गंभीर समस्याओं पर सरकार ने विशेष ध्यान देते हुए गांव से शहर को जोड़ने वाले मार्गो को बनाने का कार्य किया। आज 24 घंटे बिजली आपूर्ति मिल रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को उनको पक्का मकान दिलाया जा रहा है, हर घर नल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है, गरीबों को मुफ्त अनाज देने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, प्रांशु दत्त द्विवेदी, विधायक सुशील शाक्य, सतपाल सिंह, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, सुनील रावत, संजीव गुप्ता, बबीता पाठक, ममता सक्सेना, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे।



पुस्तक का विमोचन करते सांसद व अन्य

# एक लाख रुपये न देने पर सिपाही ने दर्ज कराया फर्जी फायरिंग करने का मुकदमा

- परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल, जीपीएस आदि साक्ष्य किये प्रस्तुत
- मुख्यमंत्री को भी भेजा पत्र, सीओ बोली मामला गंभीर है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक लाख रुपये की रंगदारी न देने पर सिपाही पर फर्जी मुठभेड़ का मुकदमा दर्ज कराकर कई लोगों को आरोपी बनाकर जेल भेजने का आरोप परिजनों ने लगाते हुए मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाये जाने व दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा 19 मई की पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना बताकर 20 मई को मुकद्मा दर्ज किया गया था। जिसमें दर्शाया कि पुलिस चेकिंग कर रही थी मसेनी चौराहे तरफ मनोरंजन गृह लोको रोड के पास अमित कटियार, विनय कटियार, अर्पित, अंशुल, अभय, साजन, अभिनव तोमर व एक अज्ञात व्यक्ति पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी और भोलेपुर की ओर भाग गये।

जिसमें अभिनव तोमर व एक अज्ञात को छोड़कर सभी आरोपी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। इसी मामले में बनाये गये आरोपियों के परिजनों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के चौखट पर न्याय की गुहार लगायी। उनके न मिलने पर क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय को प्रार्थना पत्र व सभी साक्ष्य सौंपते हुए निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों को दंडित कराने की मांग की। जिस पर क्षेत्राधिकारी ने परिजनों से कहा कि मामला काफी गंभीर है। पुलिस अधीक्षक ही इसे देखेंगे। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक को भी एक शिकायती पत्र भेजा है। आरोपियों के परिजनों के नाम मायादेवी, वंदना तोमर आदि ने बताया कि सिविल लाइन चौकी पर तैनात सिपाही सतेन्द्र की पहले से ही अंशुल और अर्पित से दोस्ती थी, जिसके चलते रोज एक दूसरे के साथ बैठते थे। अंशुल का सिपाही सतेन्द्र के साथ रुपये का लेनदेन था।

अंशुल ने कई बार रुपये देने को कहा, इस बात पर सिपाही से कहासुनी हो गयी और उसने अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। 19 मई की रात्रि 10 बजे के आसपास के अंशुल को सिपाही सतेन्द्र ने पकड़ लिया था और कहा था कि एक लाख रुपया दो तभी तुझे छोड़ेंगे। मना कर देने पर उधारी के रुपये वापस न करने पड़े। इसके चलते पुलिस पार्टी पर फायरिंग दर्शाकर फर्जी मुकदमा लगाया गया है। परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज व जिस पुलिस पार्टी पर फायरिंग होना दर्शाया गया कि उसकी लोकेशन व थाने की जीडी में मोबाइल सेट आदि का उल्लेख नहीं किया गया है। अभिनव तोमर को मुख्य आरोपी बनाया गया है, जबकि घटना से कुछ दिन पूर्व घर के बाहर फायरिंग की गई थी। उस घटना की जांच पुलिस कर रहीहै, लेकिन उस घटना के आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं किये गये है। परिजनों ने पुलिस पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर फंसाये जाने का आरोप ल गाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।



एसपी कार्यालय के बाहर खड़े परिजन

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में सुधार न होने पर डीएम सख्त

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागों की गहन समीक्षा के साथ की। फैमिली आईडी दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण व शहरी, जल जीवन मिशन, मध्यान भोजन, एनआरएलएम, ग्रामीण अभियंत्रण, सेतु निर्माण, मनरेगा, दिव्यांग पेंशन, 15वां वित्त ओडीओपी टूल किट योजना जैसी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। फैमिली आईडी योजना में धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों द्वारा प्रगति नहीं की जा रही है उन्हें चिन्हित कर तत्काल सक्रिय किया जाए ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग नीचे है उनके संबंधित अधिकारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से बाधित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया जाए।

# मेधावियों को जनप्रतिनिधियों व डीएम ने किया सम्मानित

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ लोकभवन के आडीटोरियम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के परीक्षा-2025 में टापर्स/उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओ को 21-21 हजार रूपये का डेमो चेक (जो उनके खाते में आनलाइन भेजा गया), टेबलेट व प्रशस्ति पत्र देकर तथा 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक खिलाड़ियो को ''मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न नवीन भवनो का शिलान्यास भी किया गया।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मझंवा शुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिर्जापुर श्याम सुन्दर केसरी एवं जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओ व उनके अभिभावको तथा अध्यापको की उपस्थिति में सजीव प्रसारण कर पूर कार्यक्रम को दिखाया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित सम्मान समारोह में विधायकगण व जिलाधिकारी तथा अध्यक्ष नगर पालिका मिर्जापुर के द्वारा जनपद मेधावी/उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टापर्स छात्रो को 21 हजार रूपये का चेक, टेबलेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित करते हुए उन्हें आगे कक्षाओ में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने हेतु बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल सहित अध्यक्ष नगर पालिका मिर्जापुर ने छात्र-छात्राओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओ बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओ के बेहतर शिक्षा के हित सर्वागीण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है इसका वृहद स्तर पर स्कूलो, कालेजो में प्रचार प्रसार कर छात्रो को लाभान्वित किया जा रहा हैं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम सभी जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी व अन्य आगंतुको का स्वागत व आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### जनप्रतिनिधियों से टैबलेट व प्रशस्तिपत्र पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में यूपी बोर्ड की 2005 की हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट की परीक्षा जनपद स्तर के टाप टेंन के मेधावियों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप मेधावियों को नगर विधायक पंडित रत्नकर मिश्रा, मझवा विधायक सुचिष्मिता मौर्या, छानबे रिंकी कोल ने संयुक्त रूप से मेडल, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से छात्र छात्राओं बैंक खाते में 21-21 हजार रुपये कोषागार से डेबिट भी किया गया। विधायकों के हाथों मेडल और प्रशस्ति पत्र पाते ही मेधावियों के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। कार्यक्रम में 68 वीं राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालीय ताइक्वाडो प्रतियोगिता में थर्ड प्लेस लाने पर विंध्याचल स्थित विंध्य विद्यापीठ 10 के छात्र मृत्युंजय को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक माया राम ने बताया जनपद के हाईस्कूल के 17, इंटर के 12 और एक नेशनल स्तर के खिलाड़ी को मिलाकर कुल 30 मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य और अभिभावक भी रहे।

## सपा पिछड़ा वर्ग की बैठक में भाईचारा कायम करने पर जोर




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाये जाने का आहवान किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र मौर्या ने कहा कि आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी एकजुट हो जाएं। आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाये। देश में भाईचारा कायम करने और आपसी सौहार्द कायम करने के लिए भाजपा को हराकर पार्टी प्रत्याशी को जिताने का संकल्प ले।

इस मौके पर प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी दामोदर प्रसाद मौर्य, रामजी यादव, राहुल यादव, गगन मौर्या, जीत लाल मौर्या, रमेश निषाद, संजय गुप्ता, विनय गुप्ता, सुधीर जायसवाल आदि मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### अस्वस्थ चल रही वृद्ध महिला की मौत



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार बीरपुर गांव निवासी 95 वर्षीय वृद्ध कलावती देवी की लम्बी बीमारी के दौरान बुधवार की रात्रि में मौत हो गई है। वृद्ध महिला के विरुद्ध उच्च न्यायालय इलाहबाद बाद केस नंबर 1013 सन 1991 राम प्रसाद आदि के विरुद्ध केस चल रहा है वृद्ध कलावती देवी काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थी। वृद्ध महिला की मौत होने पर घर पर पहुंची ग्राम प्रधान कृष्णावती देवी सहित सैकड़ो की संख्या में लोगो की भीड़ जुट गई। वृद्ध महिला के परिजनों ने महिला का गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया है। वृद्ध महिला अपने पीछे भरा परिवार को छोड़कर चली गई है।

### बहन की पिटाई से क्षुब्ध साले ने बहनोई को धुना, हालत गंभीर

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव में गुरुवार सुबह साला और बहनोई के बीच हुई मारपीट में बहनोई गम्भीर रूप से घायल हो गया। जबकि साले को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया, जहां बहनोई की हालत गंभीर देख चिकित्सक ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिए। राजगढ़ गांव निवासी 39 वर्षीय दिलीप की किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से अनबन हो गई। बुधवार की रात दिलीप ने पत्नी का पिटाई कर दी। पति के हाथों पीटने के बाद अपने मायके फोन कर भाइयों को विलख-विलख बहन ने आपबीती सुनाई। बहन के पिटाई की बात सुनकर उसके भाई आक्रोशित हो गए और गुरुवार की सुबह बहन के ससुराल धमक पड़े और बहनोई से पूछताछ करने लगे। इस बीच विवाद इस कदर बढ़ गया कि साले व बहनोई मधुर रिश्ता तार-तार हो गया। पिटाई से बहनोई दिलीप गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि नरायनपुर निवासी 30 वर्षीय साला बालेन्द्र कुमार को हल्की चोटे आईं। मौके पर पहुंचे आसपास के लोग बीच बचाव कर दोनों को अलग किया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिए। वहीं, उसके साले बालेंद्र को इलाज करने के बाद घर भेज दिया गया। राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया घरेलू विवाद में मारपीट होने से दो लोग जख्मी हो गए हैं। सूचना के आधार पर जांच की जा रही है।

### नहर में डूबने से युवक की मौत



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** निचलौल थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित झुलनीपुर नहर में बीते बुधवार को दोपहर में एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मदरा निवासी 18 वर्षीय विशाल गुप्ता के रूप में हुई, जो नहाते समय गहरे पानी में चला गया था। गुरुवार सुबह विशाल का शव नहर में तैरता हुआ मिला। शव मिलने की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विशाल कुछ बच्चों के साथ नहर में नहाने गया था। इस दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और पानी में वह लापता हो गया। पुलिस और ग्रामीणों ने रातभर तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह विशाल का शव नहर में तैरता मिला। शव मिलने की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चार गोवंशों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली पुलिस ने चार गोवंशों को सकुशल बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों की पहचान प्रेम पुत्र स्व बालरूप निवासी ग्राम जरहर थाना चकरघट्टा जनपद चन्दौली व रामध्यान पुत्र स्व छेदी निवासी ग्राम जरहर थाना चकरघट्टा जनपद चन्दौली के रूप में की गयी है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना गौरही गांव के पास से चार गोवंशों को बरामद कर मौके से दो तस्कर प्रेम व रामध्यान को धर दबोचा। दोनों तस्कर पशुओं को लेकर वध के लिए जा रहे थे। इस मौके पर सुकृत चौकी प्रभारी बृजेश कुमार पांडेय, कांस्टेबल मन्टु कुमार सिंह, सुनील कुमार व राहुल सरोज मौजूद रहे।

## बाबा साहब की मूर्ति तोड़ने वाले आराजक तत्वों की तत्काल हो गिरफ्तारी : दिलीप



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

हलिया वार्ड नंबर एक के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल के नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों की संख्या में युवाओं के साथ तहसील मुख्यालय लालगंज पर पहुंचकर तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय को पत्रक सौप कर हलिया के चक कोटार स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति को तोड़ने वाले आराजक तत्वों की तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग किया है।

पत्रक में बताया है कि 10 जून कि रात्रि में बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा को आराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है लेकिन अभी तक आराजक तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है तत्काल पुलिस विभाग को निर्देशित किया जाय कि आराजक तत्वों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई किया जाय।

पत्रक देने वाले में जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, तुलसी दास प्रजापति, विशाल कुमार, श्रवण कुमार, महेश सोनकर, लवकुश सरोज आदि मौजूद रहे।

### ओवरटेक के चक्कर में कार पलटी, एक ही परिवार के तीन जख्मी

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के लूसा गांव के पास बुधवार को दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहा इलाज चल रहा है। मिर्जापुर निवासी 60 वर्षीय श्याम लाल मोदनवाल अपनी पत्नी 55 वर्षीय देवी, 36 वर्षीय बहू सुमन, 38 वर्षीय पुत्र विमलेश के साथ कार सेसोनभद्र की ओर से मिर्जापुर की ओर जा रहे थे। कार विमलेश चला रहे थे। लूसा गांव के पास कार चालक ट्रक को ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर खेत मे पलट गई। जिससे कार में सवार श्याम लाल, देवी व सुमन देवी घायल हो गई। जबकि कार चला रहा विमलेश बाल-बाल बच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी राजगढ़ भर्ती कराई। जहां इलाज चल रहा है।

## भंयकर गर्मी व तपिश में महज चार घंटे मिल रही बिजली

**जमालपुर (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



भंयकर गर्मी और तपिश में बिजली के भारी कटौती से ग्रामीण बेहाल हो गए हैं। खेती बाड़ी काम ठप है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग लापरवाह बना है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठीक कराने की मांग की है। नरायनपुर विद्युत पावर हाऊस के टेडुआ फीटर से लगभग 70 गांवों को बिजली सप्लाई की जाती है। आपूर्ति शेड्यूल के अनुसार न होने से इस प्रचंड तपिश में ग्रामीण त्राहि माम करना दिए हैं। यही नहीं बिजली आती भी है तो हर दस मिनट पर ट्रीपिंग आग में घी का काम कर रही है। बड़े घरों में जनरेटर और इन्वर्टर का सहारा ले कुछ राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन कमजोर लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन गायब है। इस उमस भरी गर्मी में छोटे बच्चे, महिलाएं रतजग्गा कर रहे हैं। क्षेत्र के रामसूरत सिंह, अजय पाण्डेय, अखिलेश कुमार सिंह, दयाराम आदि ग्रामीणों ने बताया कि चौबीस घंटों में लगभग चार घंटे बिजली मिल रही है। खेती-किसानी का काम बाधित है।

शिकायत करने के बाद भी बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विद्युत आपूर्ति शेड्यूल के अनुसार देने की मांग की है। एसडीओ अविनाश कुमार ने बताया कि ओवर लोडिंग के कारण बिजली व्यवस्था चरमरा गयी है।

### पारिवारिक कलह से क्षुब्ध 60 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कछवां (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** बाड़ापुर गांव निवासी 60 वर्षीय ध्रुव सिंह पुत्र स्वर्गीय बिपिन बिहारी सिंह सुबह आठ बजे कुंए में कूद कर आत्महत्या कर ली। मंगलवार से ही ध्रुव सिंह से उनके पत्नी और लड़कों में आपस में कई बार कहासुनी हुई। आसपास के लोगों ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन बुधवार को भी किसी बात को लेकर परिवार में झगड़ा हुआ। इससे क्षुब्ध लगभग आठ बजे ध्रुव सिंह घर से लगभग 200 मीटर सिवान के कुंए में जाकर कूद गए। आसपास घास छिल रही महिलाओं ने ध्रुव सिंह को कुएं में छलांग लगाते देख शोर मचाया। महिलाओं की आवाज पर घर और गांव के लोग दौड़कर पहुंचे और रस्सी के सहारे किसी तरह से बाहर निकाला गया। परिजन कछवा क्रिश्चियन अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया लेकिन वाराणसी जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में जनपद स्तर पर मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन तहसील गौरीगंज सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित सभी ने आत्मसात किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के 11 एवं इंटरमीडिएट के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को रुपए 21000 का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में हाई स्कूल में मंगलेश प्रजापति, अल्फिया बानो, आदित्य त्रिपाठी, जयंत तिवारी, मोहम्मद हमजा, आयुषी सिंह, श्यामा, बिलाल अहमद, आस्था प्रजापति, गौरी व अमन तिवारी तथा इंटरमीडिएट में शिवम यादव, अमन, पूर्णिमा यादव, अफाक अहमद, रिचा सिंह, अंशिका, दीपांजलि शुक्ला, हर्षिता यादव, सूर्यांश सिंह व प्रिंसी के नाम शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व जिलाध्यक्ष भाजपा ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी सहित हाई स्कूल, इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक एवं गुरुजन उपस्थित रहे।

### एसपी ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा बुधवार को देर रात पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

## एक-एक बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

पिछले एक सप्ताह से बंद पड़ी बढ़ौली-कुसाही पेयजल परियोजना को लेकर गुरुवार को दूसरे दिन भी कांग्रेसियों ने जल निगम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जनहित की इस समस्या को लेकर कांग्रेसियों की जल निगम के अधिकारियों से काफी नोकझोंक भी हुई। जल निगम के अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बाद आक्रोशित कांग्रेसी करीब एक घंटे बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर वापस लौटे।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने बताया कि लाखों रूपए की लागत से निर्मित बढ़ौली-कुसाही परियोजना इन दिनों जल निगम के अधिकारियों की उदासीनता से महज शो-पीस बन कर रह गयी है। इस परियोजना से इन दिनों पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप है। जबकि इस परियोजना से 115 गांवों को नियमित पेयजल आपूर्ति कराने की व्यवस्था है। कहा कि पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण इलाकों में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप की वजह से ग्रामीण इलाकों में अधिकांश हैंडपंप पानी देना बंद कर दिए हैं। मजबूरी में ग्रामीण दूषित जल का सेवन कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। बताया कि इस परियोजना से पेयजलापूर्ति शुरू कराए जाने की मांग को लेकर बीते बुधवार को क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस दौरान जल निगम के अधिकारियों ने देर शाम तक हर हाल में पेयजलापूर्ति शुरू कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन दूसरे दिन वृहस्पतिवार को भी जल निगम के अधिकारी आपूर्ति शुरू नहीं करा सके।

> जनहित की इस समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने दूसरे दिन भी किया धरना प्रदर्शन



### पानी को परेशान है जनता, जनप्रतिनिधि गिना रहे उपलब्धियां : कांग्रेस

बंद पड़ी परियोजना को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने भाजपा सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि एक तरफ सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ जिला मुख्यालय के प्रमुख शहर सोनभद्र नगर से सटे गांवों में निवास करने वाले हजारों ग्रामीणजन एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। बावजूद इसके सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि जनहित की इस समस्या पर मौन साधे बैठे हैं।

### कलिंगा कंपनी के एचआर को फोन पर दी धमकी, पांच अभियुक्त गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी टोल प्लाजा के पास कलिंगा कंपनी के जीएम की गाड़ी रोककर कंपनी के एचआर को फोन कर 10 लाख रूपए मांगने व न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले स्कार्पियो सवार पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान संतोष पांडेय पुत्र अमरेश चन्द्र पांडेय निवासी देवरी, सोनेन्द्र सिंह पुत्र स्व हिरा सिंह निवासी अशोक नगर, राकेश पांडेय पुत्र रमेश देव पांडेय निवासी उंचडीह, सतीश पांडेय पुत्र विजय कुमार पांडेय निवासी पापी व राजीव पांडेय पुत्र रमेश देव पांडेय निवासी ऊंचडीह थाना रावर्ट्सगंज के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार बीते 11 जून को कलिंगा कम्पनी के चालक अजय कुमार रजक पुत्र रामबली रजक निवासी अमतोरी थाना नवानगर जनपद सिंगरौली ने सदर कोतवाली में तहरीर दिया था कि कलिंगा कंपनी के जीएम डीजे नायक को बोलेरो नियो वाहन से लेकर अमलोरी एनसीएल प्रोजेक्ट सिंगरौली मध्य प्रदेश से अपने निजी काम से रॉबर्ट्सगंज आ रहा था। लोढ़ी टोल प्लाजा के आगे भिलाई बंधा के पास स्कॉर्पियों सवार पांच लोग उसका पीछा कर गाड़ी रोकवा दिया। बाद उसका मोबाइल छीनकर कम्पनी के एचआर हेमन्त डकुआ के पास फोन कर उनसे 10 लाख रुपए की मांग किया। पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी है। इस तहरीर पर पुलिस ने स्कार्पियो सवार उक्त पांच लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगर के स्वर्ण जयंती चौक से पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया। इस मौके पर एसओजी प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह, उप निरीक्षक संजय सिंह, हेड कांस्टेबल अवधेश प्रजापति, अभिमन्यू यादव, सतीश सिंह, कांस्टेबल रितेश पटेल, अजीत कुमार, प्रेमप्रकाश, जयप्रकाश आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### चित्रगुप्त नगर में एक सप्ताह से पानी की किल्लत से जूझ रहे लोग

**सभासद प्रतिनिधि ने ईओ को सौंपा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सिसवा नगरपालिका के चित्रगुप्त नगर वार्ड में पिछले एक सप्ताह से जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने इस भीषण गर्मी में लोगों को जलालत झेलनी पड़ रही है। सभासद प्रतिनिधि राजन विश्वकर्मा ने गुरुवार को इस मुद्दे पर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र गुप्ता को पत्रक सौंपा।

वार्ड में सुबह की जलापूर्ति सबसे अधिक प्रभावित हुई है। इससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर महिलाओं को घरेलू कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पत्रक सौंपने के दौरान चौधरी चरण सिंह वार्ड के सभासद रघुबर यादव भी मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र गुप्ता ने स्पष्ट किया कि कुछ तकनीकी खराबी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू कर दिया जाएगा।

## एसी खरीदकर ले जा रहे व्यापारी से हुई अवैध वसूली

> तस्करी का आरोप लगाते हुए भगवानपुर चौकी प्रभारी ने 6 हजार रुपए लेकर छोड़ा, एसपी तक पहुंचा मामला

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

भारत-नेपाल सीमा स्थित सोनौली कस्बे में पुलिस की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। व्यापारी नेता सुभाष जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है।

एक व्यापारी सोनौली से दो एयर कंडीशनर खरीदकर ले जा रहा था। भगवानपुर पुलिस चौकी के सामने पुलिसकर्मियों ने उसका वाहन रोका। एसी को वाहन से उतारकर चौकी में रख लिया गया। चौकी प्रभारी ने व्यापारी पर नेपाल में तस्करी का आरोप लगाया। व्यापारी ने वैध कागजात दिखाने की बात कही। चौकी प्रभारी ने न कागज देखे और न ही सामान को कस्टम विभाग के हवाले किया। व्यापारी को चौकी पर घंटों बैठाए रखा गया। चौकी प्रभारी ने 10,000 रुपए की मांग की। व्यापारी ने 6,000 रुपए देकर एसी छुड़वाया। सुभाष जायसवाल के मुताबिक सोनौली में व्यापारियों को पुलिस की दबंगई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने भगवानपुर चौकी प्रभारी और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। व्यापारी वर्ग प्रशासन से भ्रष्टाचार और मनमानी रोकने की मांग कर रहा है। चौकी प्रभारी भगवानपुर अमित रंजन सिंह का कहना है कि व्यापारी के पास कोई वैध पेपर नहीं था। व्यापारी के द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

## प्रेमी ने गला रेता, कांस्टेबल ने खून देकर बचाई जान

> गश्त के दौरान जंगल में लहूलुहान मिली थी महिला मेडिकल कॉलेज में हुई भर्ती

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रेमी ने प्रेमिका का चाकू से गला रेत दिया और उसके बाद महिला को मरा हुआ समझ कर जंगल में छोड़कर फरार हो गया। महिला लहूलुहान हालत में तड़प रही थी। उसी समय बाइक से पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने जंगल से चीख सुनी।

थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह और सिपाही संदीप गौतम जंगल में गए तो महिला लहूलुहान पड़ी हुई थी, गले से खून की धार बह रही थी। बिना देरी करते हुए सिपाही संदीप ने महिला को कंधे पर लादा और भागते हुए बाइक तक पहुंचा। प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल ले गए। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

एम्बुलेंस न मिलने पर बाइक से ही महिला को लेकर 61 किलोमीटर दूर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। महिला का काफी खून बह चुका था। डॉक्टरों ने ब्लड लाने को कहा तो कॉन्स्टेबल संदीप गौतम ने बिना देर किए खुद रक्तदान किया। पुलिस की तत्परता से महिला की जान बच गई। पुलिस ने महिला का बयान दर्ज किया। पता चला कि महिला विधवा है। उसके 22 वर्षीय प्रेमी ने ही उसकी हत्या का प्रयास किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना महराजगंज के बृजमनगंज थाना क्षेत्र की है। लेहड़ा जंगल में घायल महिला मिली थी, जिसकी पहचान अनीता गौड़ (40) के रूप में हुई है। अनीता के पहले पति की मौत के बाद वह पिछले 15 वर्षों से प्रेमी दिनेश कुमार प्रजापति के साथ रह रही थी। दोनों पति-पत्नी की तरह जीवन बिता रहे थे। बुधवार को दोनों लेहड़ा मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। वहीं किसी बात पर विवाद हुआ। गुस्से में आकर दिनेश ने चाकू निकाला और अनीता का गला रेत दिया। इसके बाद वह मौके से भाग गया।

### कॉन्स्टेबल की हो रही सराहना



घटी घटना बीते बुधवार की शाम थी। सूरज डूब चुका था और बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेहड़ा जंगल में घना सन्नाटा पसरा था। जंगल के भीतर हम गश्त कर रहे थे। तभी किसी के कराहने की आवाज सुनी हम फौरन झाड़ियों की ओर दौड़े। वहां जो दिखा, उसने हमको अंदर तक झकझोर दिया। झाड़ियों के बीच लहूलुहान हालत में एक महिला पड़ी थी। गले पर गहरे जख्म, चेहरे पर पीड़ा, और सांसें जो किसी भी पल थम सकती थीं।

### गश्त नहीं, भगवान बनकर पहुंची थी पुलिस

पीड़ित महिला ने बताया उस शाम पुलिस वाले मेरी जिंदगी बनकर आए थे। बिना एक पल गंवाए उन्होंने मुझे कंधे पर उठाया। कॉन्स्टेबल संदीप ने बाइक स्टार्ट की और दोनों उसे लेकर सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी हॉस्पिटल भागे। रास्ते में महिला की सांसें डगमगाने लगीं, लेकिन दोनों की सूझबूझ और तत्परता ने उसे ज़िंदा बनाए रखा। बनकटी से जिला अस्पताल और वहां से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज तक का सफर महज घंटों में तय हुआ।

### वक्त पर खून न मिलता तो महिला का बचना था मुश्किल

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में अनीता का इलाज कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत बेहद नाजुक थी। गले से काफी खून बह चुका था। अगर समय पर पुलिस उसे न लाती या खून न मिलता तो महिला को बचा पाना मुश्किल था, डॉक्टरों ने बताया। इस घटना के बाद कॉन्स्टेबल संदीप गौतम की सराहना सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है। बृजमनगंज थाने में तैनात संदीप की तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह अस्पताल में महिला को खून देते दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है, ऐसे पुलिसकर्मी ही वर्दी की असली गरिमा को जिंदा रखते हैं।

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org